दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

ललितपुर ■ शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 ■ वर्ष -19 ■ अंक-271 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04


**सुविचार**

जहां अकारण अत्यंत सत्कार हो, वहां परिणाम में दु:ख की आशंका करनी चाहिए। -कुमार संभव

# सत्ता सुधार के बढ़ते कदम... इंदौर संस्करण का रंगारंग लोकार्पण







इंदौर शहर के क्राइम ब्रांच एसीपी राजेश दंडोतिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**सत्ता सुधार समूह में नया अध्याय जुड़ा... इंदौर प्रेस क्लब में लोकार्पण विजयवर्गीय ने किया**

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

'सत्ता सुधार' समाचार का नया संस्करण मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी और देश के स्वच्छतम शहर इंदौर से नए संस्करण का लोकार्पण गुरुवार को इंदौर प्रेस क्लब में हुआ। इस गरिमामयी आयोजन में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, सीएमडी गोपाल श्रीवास्तव, पत्रकार अभिषेक शर्मा, ग्वालियर के स्थानीय संपादक विनय अग्रवाल, क्राइम ब्रांच एसीपी राजेश दंडोतिया, इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी, इंदौर संस्करण के स्थानीय संपादक सीताराम गांगले, समाजसेवी आरके शर्मा सहित आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### यूपी-बिहार में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से तबाही, आज फिर उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में बारिश का अलर्ट

# यूपी-बिहार में आकाशीय बिजली गिरने से 38 लोगों की मौत

## 40 जिलों में वज्रपात व 14 जिलों में आंधी की चेतावनी, राज्यों में किसानों की बढ़ी परेशानी

- भोजपुर में महुली घाट का पीपा पुल टूटने और सिवान में वज्रपात गिरने से भारी नुकसान हुआ
- आंधी और वर्षा से फसलों को भी बड़ा नुकसान, विशेषकर गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा



**सत्ता सुधार ■ लखनऊ/पटना**

भीषण गर्म के बीच देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में मौसम बदला है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में बुधवार शाम से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग ने 20 से ज्यादा राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई है। लखनऊ, कानपुर समेत यूपी के 25 जिलों में बारिश हुई। यहां बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, बिहार में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने से 32 लोगों की मौत हो गई।

इधर, बिहार के नालंदा, सिवान, भोजपुर, गोपालगंज, बेगूसराय व अन्य जिलों में तेज आंधी-पानी में ठनका, पेड़, दीवार और कर्कट गिरने से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। इन जिलों में 32 लोगों की जान गई है। भोजपुर में मां-बेटा समेत 5 लोगों की मौत हुई है। भोजपुर के बड़हरा में बिहार उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला महुली घाट सिताब दियारा पीपा पुल तेज आंधी पानी के कारण टूट गया है। सिवान में वज्रपात गिरने से चार लोगों की मौत हो गई है। नालंदा में अलग अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो चुकी है।

### यहां भी छह ने तोड़ा दम

पावापुरी सहायक थाना इलाके के दुर्गापुर खंधा में ताड़ का पेड़ दुर्गापुर निवासी पिंटू यादव के 10 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार पर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सारण के पानापुर में वज्रपात से किशोर और महिला की मौत हो गई है। गोपालगंज में झोपड़ी पर पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई है। बेगूसराय के चेरिया बरियारपुर में ठनका गिरने से किशोरी की मौत हो गई है। गया जिले के टनकुप्पा प्रखंड अंतर्गत भेटौरा पंचायत के मायापुर गांव में दीवार गिरने से विश्वजीत कुमार के आठ वर्षीय बेटे की मौत हो गई।

### मलबे में दबने 5 ने तोड़ा दम



मानपुर थाना क्षेत्र के नगवां गांव में देवी स्थान के पास दीवार पर पीपल का पेड़ गिर गया, जिससे दीवार भरभराकर ढह गई। इस हादसे में 5 लोग पेड़ और दीवार के मलबे में दब गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बालमत बिगहा गांव के पास गुरुवार को तेज आंधी व बारिश से सड़क के किनारे बने पुलिया के धंसने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है।

### 50 जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में वज्रपात और 14 जिलों में आंधी व ओलावृष्टि के साथ ही इन इलाकों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 50 से ज्यादा जिलों बारिश की संभावना जताई गई है।

### यूपी में यहां वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट

प्रतापगढ़, चंदौली, वाराणसी, भदोही , जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, बिजनौर।

### यहां ओले गिरने की चेतावनी

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, बिजनौर एवं आसपास इलाकों में।

# मुंबई हमले के गुनहगार राणा का अब होगा 'हिसाब'

- राणा लाया गया भारतः पाकिस्तान ने अपना नागरिक मानने से किया इंकार
- पहली तस्वीर सामने आईः लैंडिंग के बाद सीधे एनआईए मुख्यालय ले गए
- आतंकी राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के भारत पहुंचने के बाद पहली तस्वीर सामने आई है, जिसमें नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के अधिकारी उसे पकड़े नजर आए। राणा को गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे अमेरिकी गल्फस्ट्रीम जी-550 विमान से भारत लाया गया। यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से उसे सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया। आतंकी राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। देश रात राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। पेशी से पहले उसका मेडिकल टेस्ट कराया गया। केंद्र सरकार ने इस मामले में एडवोकेट नरेंद्र मान को स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर के तौर पर नियुक्त किया है। उन्हें तीन साल या फिर केस का ट्रायल पूरा होने तक यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### एनआईए ने बोला- राणा को सफलतापूर्वक लाया गया

इधर, एनआईए ने कहा कि 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को सजा दिलाने के लिए कई सालों तक लगातार कोशिशें करने के बाद गुरुवार को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कर लिया गया। भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण समझौते के तहत शुरू की गई कार्यवाही के तहत राणा को अमेरिका में न्यायिक हिरासत में रखा गया था।

## ब्रीफ न्यूज

### कार्डियक अरेस्टः लैंडिंग के बाद पायलट की मौत

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के एक पायलट की गुरुवार को दिल्ली में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। यह घटना इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई। लैंडिंग के बाद पायलट बेहोश होकर गिर गया। अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में हिंसा, 22 अरेस्ट

**कोलकाता।** वक्फ कानून के विरोध में प.बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। 8 आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

### सुप्रीम आदेश-पैक्ड फूड पर वार्निंग लेबल दिया जाए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया है कि तीन महीने के भीतर पैक्ड फूड पर चेतावनी वाली लेबलिंग को लेकर नए नियम बनाए। ये आदेश एक पीआईएल पर सुनवाई के दौरान दिया।

### आतंकियों से संबंध पर 2 कर्मचारी बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के एलजी ने दो कर्मचारियों को आतंकी संबंधों के चलते बर्खास्त कर दिया है। जिसमें लोनिवि के सीनियर असिस्टेंट इश्तियाक अहमद मलिक और जम्मू पुलिस में असिस्टेंट वायरलेस ऑपरेटर बशारत अहमद मीर शामिल हैं।

# नाबालिग ने चलाई गाड़ी तो 25 हजार जुर्माना, दर्ज होगा केस

## आजमगढ़ एसपी ट्रैफिक की अभिभावकों को चेतावनी

**सत्ता सुधार ■ आजमगढ़**



18 साल से कम उम्र के बच्चे अगर ई-रिक्शा व ऑटो चलाते मिले तो उनके अभिभावकों के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा। इतना ही नहीं, अभिभावकों से 25 हजार का जुर्माना भी वसूला जाएगा। उक्त बातें एसपी ट्रैफिक विवेक त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर पुलिस चौराहों और स्कूलों के आस-पास निरंतर यह चेकिंग अभियान चलाएगी। एसपी यातायात विवेक त्रिपाठी ने बताया कि आए दिन बढ़ रहे हादसों के मद्देनजर यह व्यवस्था की जा रही है। 18 साल के कम उम्र के बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले बच्चे वाहन नियंत्रित नहीं कर पाते, इसलिए हादसे होते हैं। अभिभावकों से अपील है कि वह किसी भी दशा में बच्चों को वाहन न दें। बच्चे वाहन चलाते मिले तो मोटर वाहन यान अधिनियम की धारा 199-क के तहत कार्रवाई की जाएगी। अभिभावक व वाहन स्वामी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा। अभिभावकों पर 25 हजार रुपये तक जुर्माना लगेगा। साथ ही 12 महीने के लिए वाहन सीज कर दिया जाएगा।

# बैकफुट पर ट्रम्प! तीन माह के लिए रोका टैरिफ

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 75 से ज्यादा देशों पर जैसे को तैसा यानी कि रेसिप्रोकल टैरिफ 90 दिनों के लिए रोक दिया है। यह उनके फैसले के साथ ही लागू हो गया है। हालांकि, उन्होंने चीन को इस छूट में शामिल नहीं किया है, बल्कि उस पर लगे टैरिफ को 104 फीसदी से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। ट्रम्प ने यह कार्रवाई चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी 84 प्रतिशत टैरिफ के बाद की। चीन पर 125 फीसदी टैरिफ लगाने का आसान भाषा में मतलब है कि चीन में बना 100 डॉलर का सामान अब अमेरिका में जाकर 225 डॉलर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से उसकी बिक्री कम हो जाएगी।

**अब चीन पर टैरिफ बढ़ाकर किया 125 फीसदी**

### आज आएंगेः एक्स पर लिखा-विकास कार्यों को मिलेगी गति

# पीएम ने कहा-काशी आना मेरा सौभाग्य

**सत्ता सुधार ■ वाराणसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 11 अप्रैल को आना तय हो गया है। इससे पहले पीएम ने एक्स पर इस आगमन की उत्सुकता दिखाई है। उन्होंने लिखा है कि विकास परियोजना का लोकार्पण और शिलान्यास करना मेरे लिया सौभाग्य की बात है। वाराणसी में मेंहदीगंज स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा स्थल पर मंच और पंडाल अब आकार लेने लगा है। इसके साथ ही जनसभा स्थल पर एसीपी राजातालाब के नेतृत्व में फोर्स तैनात कर दी गई है। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मेंहदीगंज, नागेपुर, रखौना और आसपास के गांवों में रहने वालों का पुलिस सत्यापन कर रही है। ताकि, कोई अवांछनीय तत्व गांवों में न आ पाए और न ठहर पाए। प्रधानमंत्री 11 अप्रैल को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र काशी आएंगे। मेंहदीगंज में वह जनसभा को संबोधित कर 3884 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर मेंहदीगंज और आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। जनसभा स्थल पर मंच व पंडाल बनाने, विद्युत आपूर्ति के लिए खंभे लगाने, हेलीपैड निर्माण कार्य, साफ-सफाई और वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

**आरोपी को जमानत** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीड़ित छात्रा से कहा- खुद परेशानी को न्योता दिया

# तुम्हारा रेप हुआ! इसके लिए तुम खुद ही जिम्मेदार हो

**सत्ता सुधार ■ प्रयागराज**

भारतीय कानून महिला की सुरक्षा को लेकर काफी सख्त हो गया है। पहले जहां छेड़खानी या दुष्कर्म के केस दबा दिए जाते थे। अब पीड़िताएं खुलकर न्याय की मांग करती हैं। कोर्ट भी पीड़िता के दुःख को कम करने के लिए उसे उचित न्याय का भरोसा दिलाता है। लेकिन इलाहबाद हाई कोर्ट में चल रहे एक दुष्कर्म के केस की सुनवाई के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसने सबको हैरान कर दिया। दरअसल, रेप के एक केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीड़िता को ही जिम्मेदार बताया है।

> अगर पीड़िता के आरोपों को सही मान भी लिया जाए तो इस निष्कर्ष पर भी पहुंचा जा सकता है कि उसने खुद ही परेशानी को न्योता दिया था। छात्रा इसके लिए जिम्मेदार भी है। मेडिकल जांच में डॉक्टर ने यौन हिंसा की बात नहीं की।
>
> **इलाहाबाद, हाईकोर्ट**



कोर्ट ने आरोपी निश्चल चंदक को जमानत भी दे दी। साथ ही कोर्ट ने कहा कि पीड़िता ने खुद मुसीबत को आमंत्रित किया। रेप का यह केस सितंबर 2024 का है। गौतमबुद्ध नगर की एक यूनिवर्सिटी में पढाई करने वाली एमए की छात्रा ने रेप की शिकायत दर्ज कराई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को रेप के आरोपी को जमानत देते कहा कि सेक्स दोनों की सहमति से हुआ था। यदि पीड़ित के आरोपों को सही मान भी लिया जाए, तो इस नतीजे पर पहुंचा जा सकता है कि उसने खुद ही मुसीबत को न्योता दिया था। वह रेप के लिए खुद ही जिम्मेदार भी है। मेडिकल जांच में हाइमन टूटा हुआ पाया गया था, लेकिन डॉक्टर ने यौन हिंसा की बात नहीं की।

### गुरुग्राम ले जाकर किया था रेप


पीड़िता ने आरोप लगाया कि अधिक नशे में होने के कारण रास्ते में निश्चल चंदक उसे गलत तरीके से छूता रहा। उसने पीड़िता को अपने नोएडा के घर में चलने के लिए कहा था लेकिन आरोपी हरियाणा के गुरुग्राम स्थित अपने किसी रिश्तेदार के फ्लैट में ले गया। जहां उसने उसके साथ दो बार रेप किया।

# दो मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे

- बदरी-केदारनाथ धाम के पूजाओं की बुकिंग

**सत्ता सुधार ■ देहरादून**

आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने बदरीनाथ धाम एवं केदारनाथ धाम में पूजा कराने के लिए आनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है। पहले दिन कुल 93 पूजा आनलाइन बुकिंग हुई। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि इस यात्रा वर्ष केदारनाथ धाम के कपाट दो मई जबकि बदरीनाथ धाम के कपाट चार मई को खुल रहे हैं। तीर्थयात्री



मंदिर समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर बदरीनाथ और केदारनाथ में होने वाली प्रातः कालीन, सांयकालीन व लंबी अवधि की पूजाओं की बुकिंग 30 जून तक के लिए बुक कर सकते है। पहले दिन गुरुवार को बदरीनाथ के लिए 32 महाभिषेक व अभिषेक पूजा, जबकि केदारनाथ के लिए 61 षोडशोपचार पूजा बुक हुई है।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री ने स्व. देसाई की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत रत्न और पूर्व पीएम मोरारजी भाई देसाई की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. देसाई का जीवन सादगी, सत्यनिष्ठा और अनुशासन का प्रतीक रहा है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि देश की आज़ादी के आंदोलन से लेकर प्रधानमंत्री पद तक की उनकी यात्रा राष्ट्र सेवा की अनुकरणीय रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. देसाई के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महावीर जयंती पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने भगवान महावीर के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि उनका जीवन और उपदेश आज भी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे महान सिद्धांतों का प्रतीक है। उन्होंने न केवल इन सिद्धांतों का पालन किया, बल्कि समाज को भी इन्हें अपनाने की राह दिखाई। भगवान महावीर के उपदेश सभ्य समाज के निर्माण के लिए आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने तब थे।

### 2024-25 में मप्र ट्रांसको के नेटवर्क का हुआ विस्तार

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने ट्रांसमिशन नेटवर्क को सुदृढता प्रदान करते हुये सिस्टम में उल्लेखनीय विस्तार किया है। कंपनी ने 456 सर्किट किमी की नई एकस्ट्रा हाईटेंशन लाइनों का निर्माण कर उन्हें ऊर्जीकृत किया है, इससे मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की ट्रांसमिशन लाइनें बढ़कर 42 हजार 520 सर्किट किमी की हो गई है। इस दरम्यान स्थापित ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है। पिछले वित्तीय 2024 की समाप्ति में जहां 79 हजार 815 एमव्हीए की कुल ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी थी वह अब मार्च 2025 की स्थिति में बढ़कर 81 हजार 911 एमव्हीए की हो गई है।

# जनता के कामों में लापरवाही बरती, तो अधिकारी के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने लगाई चौपाल, जमीन पर बैठकर सुनीं समस्याएं

सत्ता सुधार ■ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने गुरुवार को 'बस्ती गांव चले अभियान' के तहत कटनी जिले के घगरी कलां गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आदिवासी बस्ती में चौपाल लगाई, जहां वह जमीन पर बैठकर ग्रामीणों के साथ बातचीत की। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्ट्रीट वेंडर योजना और उज्जवला योजना के बारे में ग्रामीणों से विस्तार से जानकारी ली और उन्हें लाभ उठाने को कहा।

ग्रामीणों ने चौपाल के दौरान अपनी समस्याएं भी रखीं। खासकर पानी की गंभीर समस्या को लेकर उन्होंने शिकायत की। इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मौके पर ही पीएचई विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात की और उन्हें तत्काल पानी की समस्या को हल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मियों में



किसी भी गांव में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द ही उनकी टीम गांव का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा ले और समस्या का निराकरण करें। साथ ही, गांव के लोगों ने अवैध शराब की बिक्री जैसी अनैतिक गतिविधियों की शिकायत भी की। इस पर शर्मा ने मौके पर ही थाना प्रभारी को सख्त हिदायत दी और कहा कि यहां भाजपा की सरकार है, जहां इस प्रकार की गतिविधियों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी अधिकारी ने जनता के कामों में लापरवाही या कोताही बरती, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने देखा माण्डू का पुरातात्विक वैभव

## मां नर्मदा के दर्शन कर महर्षि दधिच की प्रतिमा का किया पूजन

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को माण्डू में रात विश्राम के बाद गुरूवार सुबह माण्डू के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक वैभव को देखा। मुख्यमंत्री ने जहाज महल और हिंडोला महल का भ्रमण किया। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें इन ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने रात माण्डू में लाइट एंड साउंड शो के जरिए यहां के इतिहास को देखा।

मुख्यमंत्री ने माण्डू में खुरासानी कोठी परिसर में लगे खुरासानी इमली के प्राचीन वृक्ष को देखा। कलेक्टर धार प्रियंक मिश्र ने बताया कि माण्डू में खुरासानी के वृक्ष पाए जाते हैं, जिनमें से कुछ 500 वर्ष से भी अधिक प्राचीन हैं। खुरासानी कोठी परिसर के इस वृक्ष का तना 10.85 मीटर व्यास का है। खुरासानी इमली घना छायादार पेड़ होता है। यह पेड़ अपने भीतर सवा लाख लीटर पानी जमा करके रख सकता है। उल्लेखनीय है कि 14वीं शताब्दी में ये पेड़ लगाए गए थे। कई पेड़ यहां पांच-छः सौ साल पुराने हैं। पर्यटक माण्डू आने की स्मृति के तौर पर माण्डू की इमली खरीदकर ले जाते हैं। कई आदिवासी परिवारों को इसे बेचने से आय हो रही है। मूलतः यह वृक्ष अफ्रीका, अरब और मेडागास्कर पर पाया जाता है। ये पेड़ अति विशाल हैं, इसकी उम्र हज़ारों साल होती हैं। मराठीभाषी क्षेत्रों में इसे गोरखचिंच कहकर सन्त गोरखनाथ से इसका पवित्र सम्बन्ध जोड़ा जाता है।

### धरमपुरी में किया मां नर्मदा का पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों के साथ धरमपुरी में नर्मदा दर्शन कर पूजन किया। धरमपुरी नर्मदा नदी के किनारे बसा हुआ नगर है। यहां नर्मदा नदी की दो धाराओं के बीच बेंट नामक एक टापू स्थित है, जहां श्री बिल्वामृतेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर स्थित है। मुख्यमंत्री ने यहां भगवान शिव का अभिषेक किया। मंदिर के निकट महर्षि दधिच की प्रतिमा का पूजन किया। पौराणिक मान्यता अनुसार यहां दधिच ऋषि की समाधि एवं तपस्या स्थली भी है। इसी स्थान पर इन्द्र स्वयं आये थे और दधिचि ऋषि से उन्होंने राक्षस के वध के लिये अस्थियां मांगी थी। मुख्यमंत्री ने श्री बिल्वामृतेश्वर महादेव मंदिर बैंट के हर तरह के संरक्षण के निर्देश अधिकारियों को दिए।



### जल केवल जीवन नहीं, संस्कार भी है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि आप: सुजिरा अमृत: सुवर्चा: शंभू मयोभू: अर्थात् जल न केवल अमृतस्वरूप है, बल्कि शुभ, पवित्र और जीवनदायक भी है। उन्होंने कहा कि जल केवल जीवन जीने का संसाधन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में यह एक संस्कार की तरह है। हर बूंद में जीवन है, और हर स्रोत में आने वाले कल का भविष्य छिपा है। ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम इस अमूल्य धरोहर की हर संभव तरीके से रक्षा करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे जल संसाधन दिवस पर यह संकल्प लें कि सभी जल का संरक्षण करेंगे और इसे व्यर्थ नहीं बहने देंगे। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को जल बचाने के लिए जागरूक रहने और समाज को प्रेरित करने का संदेश दिया।

# सम्राट विक्रमादित्य की यशोगाथा से परिचित होगी दिल्ली : सीएम

- प्रदर्शनी और फूड कोर्ट में दिखेगी प्रदेश की मनमोहक झलक
- आज चांदनी चौक से निकलेगी शोभा यात्रा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 'विक्रमोत्सव 2025' के अंतर्गत देश और प्रदेश की सभी पीढ़ियों को सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चरित्र, विशेषकर उनके पराक्रम, शौर्य, दानशीलता, न्यायप्रियता और सुशासन से अवगत कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दिल्ली में 12 से 14 अप्रैल 2025 तक लाल किला मैदान के माधव दास पार्क में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का भव्य मंचन किया जाएगा। इसके पहले शुक्रवार 11 अप्रैल को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में फतेहपुरी, चांदनी चौक से लाल किला तक सम्राट विक्रमादित्य की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित इस महानाट्य में प्रस्तुति उज्जैन की विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति द्वारा दी जाएगी। महानाट्य का लेखन पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित और निर्देशन श्री संजीव मालवीय का है। महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की गाथाएं लगभग 250 कलाकारों द्वारा प्रदर्शित की जाएंगी। महानाट्य के दृश्यों को सजीव बनाने के लिए पालकी, रथ, घोड़ों और एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया जाएगा।

पीएम नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार 'विरासत से विकास' के ध्येय वाक्य पर काम कर रही है। इसी क्रम में अतीत के गौरवशाली नायकों के जीवन के अलग-अलग पहलुओं को जनता के सामने लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विक्रम संवत के प्रवर्तक सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल भारतीय साहित्य, ज्योतिष, आयुर्वेद, गणित और चिकित्सा विज्ञान का स्वर्णिम युग भी रहा है, जिसे सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के माध्यम से जीवंत कर जनता के बीच प्रस्तुत किया जाएगा।

कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा 'विक्रमादित्यकालीन मुद्रा और मुद्रांक' की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केंद्रित 'आर्ष भारत' प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें 100 से अधिक ऋषियों के जीवन और योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा 'मध्यप्रदेश का विकास एवं उपलब्धियां' विषय पर और पर्यटन एवं उद्योग विभाग द्वारा भी प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कार्यक्रम स्थल में फूडकोर्ट लगाया जाएगा। इसके माध्यम से दर्शक प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। फूडकोर्ट में प्रदेश के विभिन्न अंचलों के पकवान- बघेलखंडी निमोना, मालवा की कॉर्न पेटिस और भुट्टे की कीस, इंदौरी पोहा और विंध्य की इंद्रहार-कढ़ी-भात उपलब्ध होंगे। प्रदेश के विशिष्ट पेय जैसे सन्नाटा, नींबू पुदीना, आम पना, गुलाब लस्सी, कुल्हड़ चाय, जैसे मावा बाटी, जलेबी और श्रीअन्न व्यंजन जैसे कोदो भात, कुटकी गुड खीर और सवां खीर भी मेनू में शामिल किए गए हैं।

# पीएम मोदी का दो माह में फिर प्रदेश आगमन सौभाग्य का विषय

### प्रधानमंत्री के आनंदपुर धाम पधारने पर नागरिक उत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम नरेन्द्र मोदी के मध्यप्रदेश के आनंदपुर धाम में शुक्रवार 11 अप्रैल को वार्षिक वैशाखी मेले के अवसर आयोजित कार्यक्रम में पधारने पर उनका अभिनन्दन किया है। उन्होंने कहा कि 24 और 25 फरवरी में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आने के दो माह के अंदर पीएम मोदी का मध्यप्रदेश आगमन सौभाग्य का विषय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का आगमन प्रदेशवासियों के मन में आनंद और उत्साह भरने का माध्यम बना है। मध्यप्रदेश सरकार और प्रदेश के नागरिक प्रधानमंत्री मोदी का पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत के लिए आतुर हैं। निश्चित रूप से पीएम मोदी की उपस्थिति से मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक-आध्यात्मिक विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखने के हमारे प्रयासों को नयी शक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश पर निरंतर विकास और विश्वास के आशीर्वाद की वर्षा के लिए समस्त नागरिकों की ओर से पीएम मोदी का हृदय से अभिनन्दन करता हूं।

### पीएम मोदी ने किया ट्वीट

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर 11 अप्रैल को मध्यप्रदेश दौरे की जानकारी देते हुए कहा कि हम देश की सांस्कृतिक-आध्यात्मिक विरासत की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में शुक्रवार दोपहर बाद करीब 3.15 बजे मध्यप्रदेश के ईसागढ़ में गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन का सौभाग्य मिलेगा। इसके बाद आनंदपुर धाम में एक कार्यक्रम में हिस्सा लूंगा।

# महाकाल मंदिर पहुंचे नितिन गडकरी, बाबा के किए दर्शन



सत्ता सुधार ■ भोपाल

बदनावर-उज्जैन फोरलेन का लोकार्पण करने के बाद मंत्री गडकरी बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने के लिए धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर में पहुंचकर भगवान का विशेष पूजन-अर्चना अभिषेक किया। इस पूजा अर्चना के दौरान उनके साथ मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुचकर श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन व पूजन किए। बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद नितिन गडकरी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मुझे महाकालेश्वर के दर्शन करने का मौका मिला। यह मेरा परम सौभाग्य है। इस देश के लिए समाज के लिए मुझे और अच्छा कार्य करने की शक्ति मिले। बाबा महाकाल ऐसी प्रेरणा मुझे और हम सबको दे यही उनके चरणों में मेरी प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से उनका आशीर्वाद अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देता है।

### जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की पहल पर मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद और 'आर्ट ऑफ लिविंग' संस्था के सहायक संगठन व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। प्रदेश में नदियों के उद्गम क्षेत्रों में वाटरशेड विकास तथा पारंपरिक चंदेला-बुंदेला तालाबों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए यह महत्वपूर्ण कदम । इस समझौते का उद्देश्य राज्य में जल संरक्षण और संवर्धन को वैज्ञानिक ढंग से सशक्त करना है। यह एमओयू 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत कार्यान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जलग्रहण क्षेत्रों में कार्य योजना बनाना, वैज्ञानिक प्रशिक्षण देना, समुदाय आधारित जागरूकता अभियान चलाना और जल प्रबंधन को सशक्त करना प्रमुख उद्देश्य हैं। इस अवसर पर 'आर्ट ऑफ लिविंग' की ओर से व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया के अध्यक्ष रोहित सिक्का एवं मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद की ओर से आयुक्त अवि प्रसाद ने हस्ताक्षर किए।

# अब ग्रामीण क्षेत्र में पेड़ काटने की लेनी होगी ऑनलाइन अनुमति

### निजी भूमि पर पेड़ कटाई की अनुमति का अधिकार सरपंच को

सत्ता सुधार ■ भोपाल



मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी भूमि पर पेड़ काटने की अनुमति अब आनलाइन दी जाएगी। अभी तक सरपंच को इसके अधिकार थे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सरपंचों के इस अधिकार को वापस लेकर स्थगित कर अनुमति की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है। पंचायतराज संचालक छोटे सिंह ने सभी जिला कलेक्टरों को परिपत्र भेजकर कहा है कि अब ग्रामीणों की निजी भूमि पर पेड़ों की कटाई की अनुज्ञा संबंधी प्रक्रिया पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी।

वर्तमान अप्रैल माह से किसी भी प्रकार का सरपंच द्वारा जारी किया गया ऑफलाइन अनुज्ञा पत्र मान्य नहीं होगा। आवेदन पत्र की प्रविष्टि एवं स्वीकृति की प्रक्रिया से पंचायत के पदाधिकारियों, सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री एवं अन्य मैदानी कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और इस कार्य की प्रभावी निगरानी की जाएगी। बता दें कि इससे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों की निजी भूमि पर पेड़ कटाई की अनुमति देने का अधिकार ग्राम पंचायत के सरपंच को दिया गया था। राजस्व विभाग के राजपत्र के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में पेड़ों को काटे जाने के लिए पटवारी की रिपोर्ट पर ग्राम पंचायत को अधिकृत किया गया था।

**सियासत** | बीजेपी का दलित विरोधी चेहरा एक बार फिर बेनकाब

# संविधान और सामाजिक न्याय पर हमला अस्वीकार्य: पटवारी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राजस्थान के अलवर में हुई शर्मनाक घटना पर बीजेपी को आड़े हाथों लिया है। यह घटना, जिसमें बीजेपी नेता और पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने दलित नेता टीकाराम जूली के मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर को गंगाजल से शुद्ध किया, यह बीजेपी की संकीर्ण, जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता का स्पष्ट प्रमाण है। पटवारी ने इस कृत्य को न सिर्फ एक व्यक्ति के सम्मान पर हमला करार दिया, बल्कि इसे पूरे दलित समाज, बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान और सामाजिक समानता की भावना के खिलाफ षड्यंत्र बताया।

उन्होंने कहा, रामनवमी के पावन अवसर पर अलवर की एक सोसायटी में स्थित श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हुआ था। इस समारोह में राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और दलित समाज के गौरवशाली नेता टीकाराम जूली ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की। लेकिन अगले ही दिन बीजेपी नेता ज्ञानदेव आहूजा ने इस पवित्र कार्य को अपवित्रता करार देते हुए मंदिर में गंगाजल छिड़ककर उसे शुद्ध करने का दावा किया। यह बीजेपी का असली चेहरा है। यह पार्टी दलितों को मंदिर में पूजा करने का अधिकार भी नहीं देना चाहती। यह कृत्य सिर्फ टीकाराम जूली का अपमान नहीं, बल्कि पूरे दलित समाज की आस्था और गरिमा पर हमला है।



पटवारी ने मध्यप्रदेश में बीजेपी शासन के दौरान दलितों पर हुए अत्याचारों की एक लंबी फेहरिस्त पेश करते हुए कहा, बीजेपी का दलित विरोधी रवैया कोई नई बात नहीं है। मध्यप्रदेश में सीधी जिले में एक बीजेपी कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला ने एक आदिवासी युवक पर पेशाब करके दलित-अदिवासी समाज का अपमान किया। मंदसौर के भानपुरा में एक दलित युवक को नंगा घुमाया गया, उसका मुंह काला किया गया और चप्पल की माला पहनाई गई। शिवपुरी में दो दलित युवकों को मैला खिलाने की क्रूरता की गई। सागर में तीन सगे दलित भाई-बहनों की निर्मम हत्या हुई। इन सभी घटनाओं में बीजेपी सरकार की उदासीनता और अपराधियों को संरक्षण देने की नीति साफ दिखती है।

क्या यही है बीजेपी का सबका साथ, सबका विकास का नारा? उन्होंने तंज कसते हुए कहा, बीजेपी एक तरफ बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती पर मगरमच्छ के आँसू बहाती है, उनके स्मारकों का उद्घाटन करती है, लेकिन दूसरी तरफ उसके नेता और कार्यकर्ता दलितों को अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। यह दोहरा चरित्र अब जनता के सामने बेनकाब हो चुका है।

### 300 से ज्यादा कॉलेजों में से अब सिर्फ 95 बचे : सिंघार

मप्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नर्सिंग घोटाले को लेकर सरकार को जमकर घेरा हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा की हालत शर्मनाक है। यह भाजपा की सरकार की नाकामी का नतीजा है। मप्र में कभी 300 से ज्यादा नर्सिंग कॉलेज थे, अब सिर्फ 95 बचे हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक बार फिर नर्सिंग घोटाले को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मप्र में नर्सिंग शिक्षा की हालत शर्मनाक है। भाजपा सरकार की नाकामी का नतीजा–कभी 300 से ज्यादा नर्सिंग कॉलेज थे, अब सिर्फ 95 बचे हैं। सिंघार ने आगे कहा कि सीबीआई जांच में फर्जीवाड़ा सामने आया, सैकड़ों कॉलेज मानकों पर खरे नहीं उतरे और बंद हो गए। घोटाले के बाद छात्रों का भरोसा इतना टूट गया कि 2023–24 में एक भी दाखिला नहीं हुआ कि पूरा सेशन शून्य रहा। जो सरकार शिक्षा नीति पर बड़ी–बड़ी बातें करती है, उसी के राज में शिक्षा की ये दुर्दशा क्यों? उन्होंने मध्य प्रदेश बीजेपी को टैग करते हुए पूछा कि युवाओं का भविष्य यूं बर्बाद क्यों हो रहा है?

# सूचना आयुक्त को चाहिए मुफ्त बिजली, सरकार ने किया इनकार

सत्ता सुधार ■ भोपाल

राज्य के शीर्ष पदों पर बैठे जनप्रतिनिधि जहां सरकारी खर्च से मिलने वाली सुविधाओं को खुद वहन करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, वहीं राज्य सूचना आयोग में पदस्थ एक आयुक्त ने अपने निजी बिजली बिल का भुगतान भी सरकार से करवाने की मांग कर दी। हालांकि, सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने इस मांग को नियमों के विपरीत बताते हुए स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया है। हाल ही में राज्य सूचना आयोग में नियुक्त सूचना आयुक्त ओंकार नाथ ने आयोग के सचिव राजेश ओगरे से आग्रह किया कि उनके आवास का बिजली बिल सरकार वहन करे। इस पर सचिव ने मार्गदर्शन के लिए मामला सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा। जीएडी ने 15 मार्च 2024 के विधि और विधायी कार्य विभाग के राजपत्र का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि इस प्रकार की सुविधा न्यायिक या संवैधानिक पदों के लिए भी निर्धारित नहीं है। ऐसे में सूचना आयुक्त के बिजली बिलों का भुगतान सरकारी खजाने से नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही पूर्ववर्ती व्यवस्था को समाप्त करते हुए यह निर्णय लिया था कि मुख्यमंत्री, मंत्री और विधानसभा अध्यक्षों का आयकर अब सरकारी खजाने से नहीं, बल्कि वे स्वयं भरेंगे। उनके इस निर्णय के बाद न केवल मंत्रियों, बल्कि विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष ने भी आयकर स्वयं भरने का निर्णय लिया।

## ब्रीफ न्यूज

### नाबालिग पुत्री को ले जाने का मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती पांच अप्रैल को वह कस्बे के बाजार में सब्जी बेचकर शाम करीब 6 बजे अपने घर पहुंची। घर पहुंच कर देखा तो उसकी सत्रह वर्षीय नाबालिग पुत्री घर में नहीं थी। आसपास मोहल्ले में जानकारी करने पर पता चला कि इन्दौर में काम करने वाला पड़ौसी युवक दीनू पाल पुत्र रज्जन पाल उसकी पुत्री को छोटू चौहान पुत्र गोकल चौहान मोटर साइकिल से उसके पास छोड़ आया है। बताया कि प्रकरण में सन्नी पुत्र कल्यान विश्वकर्मा का भी पूरा सहयोग रहा। शिकायत करने के बाद दीनू पाल उसकी पुत्री को थाने लेकर पहुंचा। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### देवरानी ने जेठानी व सास को पीटा

**ललितपुर।** जाखलौन थाना क्षेत्र के अखाड़ा मोहल्ले में रहने वाली रूचि सोनी पत्नी महेश सोनी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी देवरानी रूचि सोनी पत्नी सुरेन्द्र सोनी, जो कि एक ही मकान में ऊपर छत पर अलग रहती है व अलग खाना बनाती है। बताया कि 6 अप्रैल को अपराह्न करीब 3.30 बजे वह अपना गृहकार्य कर रही थी। तभी उसकी देवरानी आयी और उसके साथ गाली गलौज करने लगी। विरोध करने पर देवरानी ने उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि शोरगुल सुनकर उसकी सास रामकली पत्नी प्रेम नारायण सोनी आयी तो देवरानी ने सास के साथ भी मारपीट करते हुये दहेज के झूठे मुकद्में में फंसाने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने देवरानी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सामान लेकर लौट रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना के ग्राम हंसरी निवासी देवेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र सम्मर सिंह ठाकुर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 8 अप्रैल की अपराह्न करीब ढ़ाई बजे उसका पुत्र अंकित किराने की दुकान से सामान लेकर घर आ रहा था। तभी गांव के शिशुपाल व राजेन्द्र पुत्रगण करन सिंह, राज व भूरे पुत्रगण राजेन्द्र ठाकुर एकराय होकर आये और पुरानी रंजिश को लेकर मंदिर के पास बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके पुत्र के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अमौरा गांव में दबंगों से परेशान पूरा परिवार

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र में दबंगों के आतंक से एक परिवार परेशान है। ग्राम अमौरा के दिलीप लुहार ने बताया कि 5 अप्रैल को गांव के कुछ दबंग लोग लाठी-डंडों के साथ उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने गाली-गलौज की और विरोध करने पर दिलीप और उनकी पत्नी के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, उन्होंने घर का बिजली मीटर भी तोड़ दिया। पीड़ित ने थाने में शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगले दिन भी दबंगों ने दंपति के साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस की निष्क्रियता से परेशान होकर पीड़ित परिवार अपना मकान छोड़कर खेत में रहने को मजबूर है।

# शराबियों का अड्डा बनकर रह गया है चिंतन पार्क

## वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानचंद अलया की स्मृति में किया गया था निर्माण



**शिवम अग्निहोत्री ■ ललितपुर**

शहर में पुरानी नगरपालिका के सामने सुपर मार्केट के पास तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय ज्ञानचंद अलया की स्मृति में चिंतन पार्क का निर्माण कराया गया था परंतु वह नगर पालिका के रखरखाव में उदासीन रवैया के कारण लोकार्पण के बाद से ही शराबियों का अड्डा बना हुआ है सुबह 6बजे रात को 12 बजे तक वहाँ शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है कभी-कभी तो मूर्ति के पास भी शराब की बोतले देखी जा सकती हैं जहां प्रशासन ने उसे सभ्य समाज के लिए बैठने और विचारों के आदान-प्रदान के लिए निर्मित कराया था और उसको चिंतन पार्क नाम दिया था परंतु प्रशासन के उदासीन रवैये के कारण अव यह लगता है कि यह शराबियों को चिंतन के लिए सौंप दिया गया है हालांकि इस पार्क में ना ही बैठने के लिए बैंचो का इंतजाम है ना ही कोई लाइट की व्यवस्था और चारो ओर गंदगी का अंबार लगा रहता है कई बार प्रबुद्ध वर्ग और पत्रकारों के द्वारा प्रशासन की समक्ष पार्क के रखरखाव और शराबियों से मुक्त कराने की बात प्रशासन के समक्ष पटल पर रखी जाती रहती है लेकिन प्रशासन सुध लेने के लिए तैयार नहीं है वर्तमान में प्रभारी मंत्री के दौरे के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अभय श्रीमाली सहित सभी पत्रकारों के द्वारा भी यह मामला प्रभारी मंत्री के संज्ञान में लाया गया था लेकिन इस पर कोई एक्शन अभी प्रशासन के द्वारा नहीं लिया गया है।



ज्ञानचंद्र अलया पार्क के आस पास तथा मुख्य द्वार पर स्थानीय लोगो एवं दुकानदारों के द्वारा गंदगी फेकी जाती है और मुख्य द्वार पर पेशाब भी की जाती है जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है और शराबियों को पेशाब करने से मना करने पर लड़ने पर आमदा हो जाते है

# धूमधाम से मनाई महावीर जयंती निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

## महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्राः शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी यात्रा, भक्तों ने की पुष्प वर्षा




**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2624 वां जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया गया।सुबह से रात तक कई धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन सावरकर चौक स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर एवं गांधीनगर आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सरदारपुरा दिगम्बर जैन नया मंदिर मऊठना सहित सभी जैन मंदिरों में किया गया सुबह से ही जैन मंदिरो पर धर्मालंबियों के द्वारा पूजा-अर्चना, प्रवचन, व्रत, अभिषेक, शांति धारा सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया. इसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुषों ने भाग लिया. बच्चों सहित युवाओं ने बढ़ चढ़ कर बड़े उत्साह से विभिन्न आयोजनो में भाग लियाधार्मिक अनुष्ठानों के बाद दिगम्बर जैन पंचायत समिति( रजि. ) के तत्वावधान में जैन समाज की ओर से महावीर स्वामी जन्म कल्याणक पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। अटा मंदिर से शुरू हुई यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अटा मंदिर पर समापन हुआ । अचानक हुई बारिश के बाबजूद श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखा गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे महिलाएं, पुरुष और बच्चे भगवान महावीर स्वामी के जयकारे लगाते दिखे।भगवान महावीर की सजी हुई झांकी के साथ आगे बढ़ती शोभायात्रा का भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया। शोभायात्रा ने लोगों को भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और संयम के संदेश से परिचित कराया। मौके पर जैन समाज के पदाधिकारी सहित बीर व्यायामशाला कमंडल सेवा मंडल जैन मिलान, वीर सेवा संघ आदिनाथ सेवा मंडल सुधा वीर व्यायामशाला जैन मिलन अहिंसा ललितपुर सेवा ग्रुप मंगलवार भगताम्बर पाठ मंडल आदि सामाजिक संगठन उपस्थित रहे

## भगवान महावीर जन्मोत्सव पर निकली धर्मप्रभावना वाहन रैली | जैन मंदिरों में हुआ जन्माभिषेक,पालना झूला, युवकों ने किया 108 यूनिट

जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर का 2625 वां जन्मजयंती महोत्सव आज नगर के जैन मंदिरों में उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह नगर में प्रभातफेरी के उपरान्त श्रीजी का अभिषेक, तीर्थंकर बालक का पालाना झूला श्रद्धालुओं ने भक्तिपूर्वक किया। नगर में धर्मप्रभावना वाहन रैली निकली एवं नवयुवकों ने 108 यूनिट रक्तदान किया जिन्हें दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा रक्तवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। सावरकर चौक स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर एवं गांधीनगर आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से नगर में प्रभातफेरी निकली जिसमें सुधासागर कन्या इण्टर कालेज, पब्लिक स्कूल, शन्तिसागर जूनियर हाईस्कूल, महावीर बाल विद्या मंदिर, आचार्य विद्यासागर पाठशाला परिवार के साथ पंचायत के पदाधिकारी श्रेष्ठीजन सम्मलित हुए। मुख्य आयोजन श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर में क्षुल्लक विश्वप्रभु सागर महाराज के सानिध्य में हुआ जहां श्री जी के अभिषेक शान्तिधारा की मांगलिक क्रियाओं में सम्मलित हुए।

तीर्थंकर बालक का पालना झूला मंदिर प्रथम झुलाया गया। नगर के जैन मंदिरों में परम्परागत धार्मिक आयोजन हुए जिसमें श्रद्धालुओं ने सम्मलित होकर पुर्ण्याजन किया। इसके उपरान्त धर्मप्रभावना वाहन रैली का शुभारम्भ हुआ जिसमें धर्मपताकाए लेकर नवयुवक सैकडों की संख्या में नगर के प्रमुख के मार्गो पर निकले। मध्यान्ह में वीर क्लव के संयोजन में सावरकरचौक पर स्वल्पाहार एवं भोजन वितरण हुआ। अभिनंदनोदय तीर्थ पर जैन युवा संगठन के संयोजन एवं दिगम्बर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नवयुवकों ने 108 यूनिट रक्तदान कर पुर्ण्याजन किया।



# 108 यूनिट रक्तदान कर महावीर जयंती पर दिया जीओ और जीने दो का संदेश




**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के अबसर पर जैन युवा संगठन के तत्वावधान और जैन समाज पंचायत समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 108 यूनिट रक्तदान किया गया। सभी रक्तदाता बंधुओ को नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल की ओर से रक्तवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। साथ ही कई युवाओं ने प्रथम बार रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को जैन युवा माध्यम से प्रस्सति पत्र प्रदान किया गया।

रक्तदान शिविर में राज्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जीवन रक्षा का महान कार्य रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा माना जाता है, क्योंकि यह न केवल किसी की जान बचाता है, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है। रक्तदान शिविर ऐसे आयोजन होते हैं, जहाँ लोग स्वेच्छा से अपने रक्त का दान करते हैं ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर मदद मिल सके,रक्तदान का महत्व इसलिए है क्योंकि मानव रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। दुर्घटना, सर्जरी, या गंभीर बीमारियों जैसे थैलेसीमिया और कैंसर के इलाज में रक्त की आवश्यकता पड़ती है,सदर विधायक रामरतन कुशबाहा ने कहा कि एक बार रक्तदान करने से कई जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। यह प्रक्रिया सुरक्षित और आसान होती है, जिसमें केवल 10-15 मिनट का समय लगता है। दान करने वाला व्यक्ति भी स्वस्थ रहता है, क्योंकि यह शरीर में नए रक्त के निर्माण को प्रोत्साहित करता है।रक्तदान शिविरों का आयोजन समाज को जागरूक करने में भी मदद करता है भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के अबसर पर जैन युवा संगठन के द्वारा 18वाँ विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष विजय जैन दिगंबर, संजीव जैन सीए, डा.अक्षय टढैया, सनत जैन, सौरव जैन सीए, राजकुमार जैन, मोदी पंकज जैन, अशोक जैन, प्रफुल्ल जैन, प्रदीप सतरवास, श्रीश सिंघई, अक्षय अलया, अभय पारोल, जिमी जैन, संजय रसिया, डा.विशाल, डा.प्रतीक जैन, डा.अक्षत जैन, डा.राजीव जैन, डा.शोभा जैन, डा.प्रिया जैन, डा.श्रेया जैन, सजल जैन, अजय जैन, मनोज जैन, राजेश जैन, जितेंद्र जैन, टिंकू जैन, पिंटू पत्रकार, संजू श्रोती, प्रतीक इमलिया, राकेश जैन रिंकू, रितेश सिंघई, कैलाश अग्रवाल, जीएस विवेक, सुधीर मिश्रा, अनुपम जैन उपस्थित रहे। शिविर में जिला अस्पताल ब्लड बैंक के समस्त सहयोगियों द्वारा सहयोग किया गया। कार्यक्रम का संचालन जैन युवा संगठन के रक्तदान प्रभारी गौरव जैन ने किया।

## आज से पच्चीस अप्रैल तक होगा खाद्यान्न वितरण

**ललितपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी उमेशचन्द्र मिश्र ने आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग लखनऊ के पत्र का हवाला देते हुये अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को माह अप्रैल 2025 में 11 से 25 अप्रैल 2025 तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारको 14 कि.ग्रा. गेंहू, 21 कि.ग्रा.चावल प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न ( 2 कि.ग्रा. गेंहू, 3 कि.ग्रा. चावल ) प्रति यूनिट निःशुल्क वितरण किया जाना है। अतएव जिले के समस्त अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी राशन कार्डधारकों को सूचित किया है कि 11 से 25 अप्रैल 2025 तक उचित दर दुकानों पर उपस्थित होकर ई-पॉस के द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से निशुल्क आवश्यक वस्तुयें प्राप्त करना सुनिश्चित करें। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुयें प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाईल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से अन्तिम तिथि 25 अप्रैल 2025 को निशुल्क वितरण सम्पन्न किया जायेगा।

# पीडीए को जिताएंगें, पीढ़ियों को आगे बढ़ाएंगें : नेपाल सिंह

### बाबा साहब की जंयती मनाए जान की बनी रूपरेखा, सपाई गांव गांव जाकर मनाएंगें जयंती

**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

सपा कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने की। जिसमें पीडीए कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर जंयती को भव्यता के साथ मनाने के संबंध में कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए गए। बैठक को सबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने पीडीए समाज के समस्त सदस्यों से आवाहन किया कि वह एकजुट होकर बाबा साहब की देन व धरोहर संविधान और आरक्षण बचाने के लिए पीडीए आन्दोलन को नई ताकत प्रदान करें। इस अवसर पर संगोष्ठियों और संभाषणों के माध्यम से पीडीए की एकता को गति दें, जिससे संविधान एवं आरक्षण को बचाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि पीडीए की एकता ही सुनहरा भविष्य बनाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाबा साहब की जयंती गांव गांव जाकर मनाए जाने की अपील की है। इस मौके पर जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, विजय सिंह यादव, ज्योति सिंह लोधी, भजनलाल कुशवाहा, मो. अनवर खान, हरीसिंह यादव जिजयावन, अरशद मंसूरी, ह्देश यादव, नरेन्द्र सिंह राजपूत, रामनरेश यादव, भरत सिंह यादव, करन सिंह पटेल, तुलसीराम अहिरवार, सोन सिंह डुलावन, प्रमोद इमलिया, तिलक सिंह, नीलू यादव, शहरोज खान, राहुल रजक, रहीम, यशपाल यादव, राजेश झा, राजीव, हेमंत, रोवन यादव, राजेश यादव, विक्की रजक, धमेन्द्र यादव धौर्रा, जलील मंसूरी, जय सिंह, राजेन्द्र सिंह, हरीशंकर कुशवाहा, यशवंत यादव, यादवेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा, सहदेव यादव, महेश यादव, रामकुमार यादव, रामस्वरूप अहिरवार, महीप अहिरवार, जितेन्द्र जोशी, गेंदालाल यादव, रामरतन आदि मौजूद रहे।



## सत्ता न्यूज | जय मां सरस्वती ज्ञान मन्दिर जूनियर हाईस्कूल में हुआ आयोजन

# परीक्षा फल पाकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

शहर के मोहल्ला नेहरू नगर की श्वेता कालौनी में स्थित जय मां सरस्वती ज्ञान मन्दिर जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में विद्यालय के कक्षा एक से आठ तक के छात्र छात्राओं को वार्षिक परीक्षा फल वितरित किये गये। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों का मेला लगा रहा। सुबह से ही विभिन्न कक्षा के छात्र-छात्रायें अपने अपने माता-पिता के साथ विद्यालय परिसर में आते दिखाई दिये।

शुभारम्भ विद्यालय प्रबंधक ध्यानसिंह यादव ने मां देवी सरस्वती को पुष्प अर्पित करके किया और कक्षा एक से आठ तक के जिन छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया उन सभी छात्र छात्राओं को विधालय के प्रबंधक ध्यान सिंह यादव द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक सीताराम सर द्वारा व विद्यालय प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्वारा छात्र छात्राओं को वार्षिक परीक्षा फल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान आने वाले छात्र छात्राओं की कक्षा एक में प्रथम स्थान अरनुमा, द्वितीय स्थान सृष्टि, तृतीय स्थान रीना केवट ने प्राप्त किया कक्षा दो में प्रथम स्थान दिव्यांश, द्वितीय स्थान समर प्रताप, तृतीय स्थान निहारिका ने प्राप्त किया। कक्षा तीन में प्रथम स्थान सुरभि, द्वितीय स्थान पूनम, तृतीय स्थान आरेश ने प्राप्त किया कक्षा चार में प्रथम स्थान अलिफ्शा, द्वितीय स्थान तौशीन, तृतीय स्थान रुपाली देवी ने प्राप्त किया। कक्षा पांच में प्रथम स्थान काजल, द्वितीय स्थान आयुष, तृतीय स्थान सिमरन ने प्राप्त किया। कक्षा छै में प्रथम स्थान रामसिंह कुशवाहा, द्वितीय स्थान नीतू, तृतीय स्थान हयाबानों ने प्राप्त किया। कक्षा सात में प्रथम स्थान नौशी, द्वितीय स्थान दीपांकी, तृतीय स्थान अरमान ने प्राप्त किया। कक्षा आठ में प्रथम स्थान लक्ष्मी, द्वितीय स्थान मुस्कान श्रीवास, तृतीय स्थान स्नेहा ने प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक ध्यान सिंह यादव ने अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि जय मां सरस्वती ज्ञान मन्दिर जूनियर हाईस्कूल में शिक्षक प्रत्येक छात्र छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिये प्रयासरत रहते हैं लेकिन यह कार्य अभिभावकों के निरन्तर सहयोग से ही सम्भव हो पाता है। क्षेत्रीय प्रबंधक सीताराम सर ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें की। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार ने सभी सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं से कहा कि यह सम्मान आपकी मेहनत और लगन को दिया है इसमें छात्र-छात्राओं की मेहनत के साथ साथ गुरु व माता पिता का समर्पण व त्याग भी शामिल हैं। छात्र छात्रायें हमेशा अपने अपने गुरु का सम्मान करें अभी आपने सफलता की पहली सीड़ी पार की है अभी और आगे जाना है। इसके लिये जरुरी है कि लगन के साथ साथ कड़ी मेहनत करें। इस दौरान प्रबंधक ध्यान सिंह यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक सीताराम सर, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार के अलावा फिरदोस मेम, आरती मेम, ताजुद्दीन खांन, रामलता मेम, मक्खन मेम, श्रुति मेम,संगीता मेम के अलावा छात्र छात्राओं के अभिभावक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# नेहरू नगर की गली नं. 3-4 में पेयजल व्यवस्था कराने की मांग



**सत्ता सुधार ■ ललितपुर**

शहर के वार्ड संख्या 1 नेहरू नगर की गली नम्बर 3 व 4 में टंकी निर्माण होने के बावजूद भी अभी तक पानी न आने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में नेहरू नगर सिद्धंनपुरा के लोगों ने एकराय होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि नवीन टंकी का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बताया कि टंकी निर्माण होने के बावजूद भी पानी नहीं आया है। इस कारण यहां के लोगों को भारी परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। बताया कि जल संस्थान को भी इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया, लेकिन कार्यवाही न होने से लोग परेशान हैं। उन्होंने मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय सीतारानी, पवन, मुस्कान, रामलाल, पूजा, शरद कुमार, दीपक कुमार, अंकित कुशवाहा, रजनी, रचना, शीला, लीला, शान्ति, चन्दा, राधा, लक्ष्मी, सोबरन सिंह, उमा देवी, गजराज, मुन्नीबाई, आनंद, रामदुलारी, रामप्रसाद, पुष्पा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### जाट मूवी को लेकर झांसी में हुआ महायज्ञ

**झांसी।** नारायण धर्मशाला के पास राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व जिला अध्यक्ष राज जाट ने जाट मूवी को लेकर हवन पूजन व यज्ञ करवाया उन्होंने बताया कि वह यह यज्ञ इसलिए करवा रहे हैं जिससे मूवी सुपरहिट हो और संपूर्ण समाज से उन्होंने बताया कि यह मूवी अवश्य देखें जिससे जाटों का जो इतिहास है वह सभी जान सके और समझ सके उन्होंने यह भी बताया कि झांसी के सभी जाटों के लिए यह मूवी फ्री है जब तक यह मूवी झांसी के टॉकीज में लगी रहेगी तब तक जाट परिवारों के लिए यह मूवी बिल्कुल फ्री है मूवी देखने के लिए वह राज जाट से संपर्क करके यह मूवी झांसी में देख सकते हैं !

### शव यात्रा में गए बुजुर्ग की नदी में डूबने से मौत

**गरौठा।** झांसी कस्बा गरौठा के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी धनीराम पुत्र हीरालाल उम्र लगभग 65 वर्ष सुबह लगभग 9—00 बजे शव यात्रा में शामिल होकर श्मशान घाट लखेरी नदी किनारे गए हुए थे। लेकिन काफी टाइम बीत जाने के बाद जब वह घर वापस नहीं आए तो घर वालों ने शव यात्रा में शामिल लोगों से उनकी जानकारी की लेकिन कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर घर वाले जब नदी पहुंचे और नदी किनारे जाकर देखा तो उनके कपड़े नदी किनारे रखे हुए थे घर वालों को शक तो नदी में जाकर देखा तो उनकी लाश पानी में तैरती हुई नजर आई जिसे लोगों ने बाहर निकला और इसकी सूचना कोतवाली गरौठा में दी जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलीराजशाही कस्बा इंचार्ज राकेश कुमार दीक्षित पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मऊरानीपुर भेज दिया। वही परिजनों का आरोप है कि पुरानी रंजिश को देखते हुए किसी ने नदी में डुबोकर उनकी हत्या कर दी। वही पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### अप्रैल को दिव्य और भव्य रुप में निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**झांसी।** भगवान परशुराम सेवा संस्थान के तत्वावधान फूटा चौपडा स्थित इस्कान मंदिर में ब्राह्मण समाज की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी जिसमें परशुराम जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा को दिव्य एवं भव्य रुप देने पर विचार किया गया।बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम सेवा संस्थान कई वर्षो से ब्राह्मण समाज के हित में निरंतर कार्य कर रहा है।बैठक में निर्णय लिया गया कि परशुराम जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा को इस वर्ष विशाल, भव्य और दिव्य रुप में एलबीएम इंटर कालेज के प्रांगण से आगामी 27 अप्रैल 2025 को प्रात- 9.30 बजे गाजे बाजे के साथ निकाली जायेगी। बैठक मेंआलोक शाडिल, मैथली मुदगील, पुरुषोत्तम स्वामी, गोकुल दुबे, के के दुबे, लखन पुरोहित,राजीव बबेले, पी एन गोस्वामी, रविकांत मिश्रा, अरुण द्विवेदी, आर एन उपाध्याय, प्रवीण तिवारी, अखिलेश सोनकिया, सियाशरण चतुर्वेदी, विकास मुखरेया आदि जन उपस्तिथ रहे अंत मे बैठक का संचालन सुशील भार्गव व आभार पीयूष रावत ने व्यक्त किया।

# महावीर जयंती पर बबीना में धूमधाम से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, नगर में गूंजे जयकारे

सत्ता सुधार ■ बबीना (झाँसी)

भगवान महावीर स्वामी की 2623वीं जयंती के पावन अवसर पर बबीना नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ किया गया। शोभा यात्रा की शुरुआत बड़े जैन मंदिर से ढोल-नगाड़ों, डीजे और भक्ति संगीत की मधुर धुनों के साथ हुई, जिसमें नगर के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान महावीर की आकर्षक झांकियां, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं सुसज्जित रथ यात्रा ने नगरवासियों का मन मोह



लिया। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई चुंगी नंबर एक स्थित जैन मंदिर पहुँची, जहाँ श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह का नेतृत्व एडवोकेट अमोद जैन एवं ठेकेदार रानू जैन ने किया, जिन्होंने जलपान की भी उत्तम व्यवस्था कराई। इसके पश्चात शोभा यात्रा कपड़ा बाजार स्थित जैन मंदिर पहुँची, जहाँ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भंडारे में सभी के लिए विविध प्रकार के व्यंजनों की उत्तम व्यवस्था की गई थी। इस भव्य आयोजन में जैन समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

प्रमुख रूप से अध्यक्ष अशील जैन कल्लन, रमेश जैन, ज्ञानचंद्र जैन, प्रकाशचंद्र जैन, अभय जैन, नीलू जैन, विकास जैन, सोनल जैन, तिलक जैन, महावीर जैन, पंकज जैन, विक्की जैन, अभिषेक जैन अप्पी, मोंटी जैन, दारा जैन, रवि जैन, रब्बू जैन, शुभम जैन पट्टू आदि उपस्थित रहे। पूरे नगर का वातावरण 'जय महावीर' और 'अहिंसा परमो धर्मः' के नारों से भक्तिमय हो गया। यह शोभा यात्रा न केवल धार्मिक भावना को प्रबल करने वाली रही, बल्कि समाज में अहिंसा, संयम और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी प्रदान कर गई। आयोजन की भव्यता ने सिद्ध कर दिया कि जैन समाज आज भी अपनी परंपराओं को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ जीवित रखे हुए है।

शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बबीना थाना प्रभारी संतोष कुमार अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद रहा।

# जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव आयोजित किया

सत्ता सुधार ■ गुरसरांय झाँसी

भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक व भव्य वार्षिक महोत्सव रथोत्सव महामस्तकाभिषेक महाआरती व सांस्कृतिककार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया।

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर उत्साह के साथ महिला मंडल नव युवक मण्डल सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधान में गुराई बाजार मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गयी मंदिर में सामूहिक कलशाभिषेक और पूजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में पुरुष, युवा वर्ग, महिलाएं और बच्चें शामिल रहे। शोभा यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस दिगम्बर जैन मंदिर पहुंची। मंदिर में आरती और मधुर भजनों का कार्यक्रम हुआ। वही भक्तों में







प्रसाद वितरण भी हुआ।

वही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को महावीर जयंती की बधाई दी उन्होंने एक्स पर एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, ÷हम सभी भगवान महावीर को नमन करते हैं, जिन्होंने हमेशा अहिंसा, सत्य और करुणा पर जोर दिया. उनके आदर्श दुनिया भर के अनगिनत लोगों को ताकत देते हैं. उनकी शिक्षाओं को जैन समुदाय ने खूबसूरती से संरक्षित और प्रचारित किया है. भगवान महावीर से प्रेरित होकर, उन्होंने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल की और समाज के कल्याण में योगदान दिया. हमारी सरकार हमेशा भगवान महावीर के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए काम करेगी. पिछले साल, हमने प्राकृत को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया, जिसकी बहुत सराहना हुई.÷ इस मौके पर जैन समाज के अध्यक्ष चक्रेश जैन भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीहेल सिधई नगर पालिका अध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेश पालीवाल प्रसिद्ध नारायण सिंह रवि जैन रमेश चंद जैन प्रकाश जैन प्रिंस जैन दीपक जैन सुनील जैन डीकू साटू जैन उपेंद्र जैन आजाद जैन मिलाप जैन छम्मा जैन छोटे जैन सीमित जैन सुनील सिंधई सचिन सिधई छम्मा जैन प्रथम जैन अमन जैन धन्य कुमार जैन संजय जैन राजकुमार जैन मंजू सिंधई जैस्मिन जैन अंजू जैन अनामिका जैन सपना जैन प्रज्ञा जैन सोनल जैन मंजू जैन प्रीति जैन सरोज जैन गुड्डी जैन नीलम जैन अंजू जैन सविता जैन कविता जैन राखी जैन आस्था जैन विनीता जैन जूली जैन अंगूरी जैन सुरभि जैन संध्या जैन समस्त बहू बेटी मंडल की महिला उपस्थित रही।



## आगामी महावीर जयंती अंबेडकर जयंती त्यौहारों को देखते हुए थाना सकरार परिसर में हुई पीस कमेटी की मीटिंग

सत्ता सुधार ■ सकरार झांसी

आगामी त्यौहारों को देखते हुए सकरार थाना प्रांगण में पीस कमेटी की हुई मीटिंग जिसमें महावीर जयंती अंबेडकर जयंती थाना प्रभारी निरीक्षक अभिराम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, ग्राम प्रधान एवं गणमान्य नागरिक पीस कमेटी में उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाई डीजे एवं माइक को धीमी गति से बजा किसी भी प्रकार की किसी को धोने प्रदूषण न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए । सभी जनप्रतिनिधि समृद्ध नागरिक से अपील है कि अगर किसी प्रकार की कोई खबर मिलती है तो तत्काल थाना प्रभारी को फोन पर बताएं ऐसी कोई त्यौहारों पर कोई घटना न घाट सके प्रशासन इसका ध्यान रखा जाएगा बैठक में जीडी राजपूत जय सिंह सिसोदिया पत्रकार हरिश्चंद्र सिंह राकेश कुमार मनोज विवेक जैन भारतीय किसान यूनियन महासचिव वाहिद खान शौकत अली खान दीनदयाल कुशवाहा विनय कुमार मगरपुर प्रदीप कुमार मनोज कुमार धर्म प्रकाश चौरसियाआदि लोग उपस्थित रहे।

## नीमा के 59 स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम की श्रृंखला में तृतीय दिवस बच्चों के खेलकूद हुआ आयोजन

**झांसी।** 59 वा नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा )झांसी का स्थापना दिवस के तृतीय दिवस में बच्चों तथा बड़ों के खेलकूद का आयोजन लक्ष्मीबाई पार्क में डॉ अरुण झा जी की अध्यक्षता में आज नीमा के कीड़ा मंत्री डॉ दीपक सिंह तथा डॉ अनिल सोनी एवं डॉ अतुल खरे द्वारा संचालित किया गया जिसमें नीमा परिवार मैं बच्चों तथा बड़ों की रेस तथा चम्मच नींबू दौड़ बच्चों में लेग क्रिकेट महिलाओं में माला पहनने की तथा बैलून दौड़ की प्रतियोगिता तथा और भी खेल आयोजित किए गए।


### मंदिर की जमीन पर हो कब्जे की शिकायत पर पहुंची पुलिस, कब्जा रुकवाया

**झांसी।** प्राचीन सिद्ध पीठ मां लहर की देवी मन्दिर की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे की सूचना पर देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है। साथ ही निर्माण कार्य करने वालों को हिदायत दी गई कि बिना न्यायालय के आदेश पर अगर निर्माण कार्य किया तो प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। बुधवार को मां लहर की देवी मन्दिर के महंत मोहन गिरी महाराज ने थाना सीपरी बाजार पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मंदिर की आराजी संख्या 550 पर कुछ दबंग लोग अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहे है। इसकी सूचना पर देर रात सीपरी बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य को रुकवाते हुए उन्हें हिदायत दी कि यदि निर्माण कार्य बिना न्यायालय के आदेश के चालू किया तो पुलिस प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करेगी। वही राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अड़जरिया ने अफसरों से वार्ता कर किसी भी हालात में मंदिरों की जमीनों पर अवैध कब्जा न होने की मांग की है।

### समस्त कोटेदार प्रातः 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक निशुल्क खाद्यान्न का निर्बाध रूप से वितरण कराना सुनिश्चित करें : जिला पूर्ति अधिकारी

**झाँसी।** जिला पूर्ति अधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत माह मार्च 2025 के वितरण के पश्चात उचित दर दुकान स्तर पर अवशेष वाजरा की मात्रा को सम्मिलित करते हुए अन्त्योदय परिवारों को प्रति कार्डधारक 14 किग्रा0 गेहूं, 16 किग्रा0 चावल एवं 05 किग्रा0 बाजरा (उपलब्धतानुसार) का वितरण कराया जायेगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं बाजरा को मिलाकर वितरण स्केल यथावत (21 किग्रा0 प्रति कार्ड) रखा जायेगा। वाजरा का वितरण उन कार्डधारको में प्राथमिकता में किया जायेगा जिनके द्वारा गत माह में खाद्यान्न/बाजरा नहीं लिया गया है। बाजरा की मात्रा समाप्त होने पर शेष अन्त्योदय कार्डधारकों के मध्य प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेहूं, 21 किग्रा0 चावल (कुल 36 किग्रा) खाद्यान्न) का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि माह मार्च 2025 के वितरण के पश्चात उचित दर दुकान स्तर पर अवशेष ज्वार की मात्रा को सम्मिलित करते हुए पात्र गृहस्थी परिवारों को 01 किग्रा0 ज्वार प्रति यूनिट (उपलब्धतानुसार) चावल के स्थान पर वितरित किया जायेगा। ज्वार की मात्रा समाप्त होने पर ज्वार के स्थान पर चावल का वितरण किया जाएगा। पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों के मध्य प्रत्येक दशा में चावल व ज्वार को मिलाकर वितरण स्केल 03 किग्रा0 प्रति यूनिट तथा गेहूं का वितरण स्केल 02 किग्रा0 प्रति यूनिट रखा जायेगा। ज्वार का वितरण उन कार्डधारकों में प्राथमिकता पर किया जायेगा जिनके द्वारा गत माह खाद्यान्न/ज्वार नहीं लिया गया है। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा दिनांक 25 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेगें।

## बबीना में रात की आंधी से तबाही, पेड़ और खंभे गिरे, बिजली आपूर्ति ठप



**झांसी।** बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात झांसी जिले के बबीना कस्बे में मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी और हल्की बूंदाबांदी ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। कस्बे के कई हिस्सों में पेड़ और बिजली के खंभे तेज हवाओं की चपेट में आकर सड़कों पर गिर पड़े, जिससे घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। सबसे अधिक नुकसान बबीना के पुराने थाना परिसर में हुआ, जहां एक विशाल पेड़ गिरने से परिसर में बने एक कच्चे कमरे को क्षति पहुंची। हालांकि, गनीमत यह रही कि इस प्राकृतिक आपदा में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि यह घटना दिन के समय होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल बिजली विभाग पूरी तत्परता से आपूर्ति बहाल करने में जुटा है ।

# बघैरा में हुआ ग्राम न्यायालय का आयोजन



सत्ता सुधार ■ टहरौली

तहसील क्षेत्र के ग्राम बघैरा में जिला जज के निर्देश पर ग्राम न्यायालय अदालत का आयोजन पीठासीन अधिकारी टहरौली श्रेयांश निगम की अध्यक्षता किया गया जिसमें ग्रामीणों द्वारा अदालत में छोटे मोटे अपराधों सहित अन्य मामलों को लेकर कुल 18 आवेदन पत्र पेश किए। पीठासीन अधिकारी श्रेयांश निगम ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर न्याय प्रदान करना और ग्रामीण नागरिकों की कानूनी उपायों तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बघैरा के ग्रामीणों द्वारा बडी संख्या में उत्साहपूर्ण भागीदारी की गई जो न्याय वितरण प्रणाली में समुदाय के विश्वास को दर्शाता है। शिकायतों के त्वरित निवारण और ग्राम न्यायालय प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध कानूनी अधिकारों और सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए अदालत की कार्यवाही पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण तरीके से आयोजित की गई। इस दौरान नायव तहसीलदार रहीम खांन, प्रभारी निरीक्षक टहरौली, पंचम सिंह पटेल, ग्राम प्रधान बघैरा, लेखपाल रामजी तिवारी, अमित व्यास सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बबीना हाईवे पर भीषण सड़क हादसा: दो की मौके पर मौत, दो गंभीर घायल, ग्रामीणों में आक्रोश

**बबीना (झाँसी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग NH-44 पर बबीना क्षेत्र के घिसौली ग्राम के पास बुधवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा हाईवे किनारे बने कट बंद किए जाने के कारण हुआ, जिस पर स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,आज शाम चार बजे करीब घिसौली निवासी अजय पाल सिंह (52 वर्ष), पुत्र राजा सिंह, जो पेशे से किसान थे, बघोरा ग्राम से अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। वहीं दूसरी ओर, दिलीप पुत्र दशरथ (18 वर्ष), निवासी गोचीखेड़ा बबीना, अपने छोटे भाई जितेंद्र कुशवाहा (17 वर्ष) और अपनी मौसी की बेटी गुलशन के साथ बड़ोरा से बबीना की ओर आ रहा था। जैसे ही दोनों मोटरसाइकिलें घिसौली ग्राम के पास पहुंचीं, आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें अजय पाल सिंह और दिलीप की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं जितेंद्र की हालत नाजुक होने पर उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि गुलशन का इलाज झांसी मेडिकल कॉलेज में जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही बबीना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। इस घटना को लेकर घिसौली ग्रामवासियों में भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे किनारे बने आवश्यक कट बंद होने के कारण यह हादसा हुआ है। उनका यह भी आरोप है कि यह इस क्षेत्र में ऐसा 17वाँ बड़ा हादसा है, जो कट बंद होने की वजह से हुआ है।

## श्री 1008 भगवान महावीर जन्म कल्याण पर धूमधाम से निकल गई श्री जी की पालकी

### शोभा यात्रा के दौरान महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थी

**सकरार झांसी।** श्री 1008 भगवान महावीर जन्म कल्याण पर्व पर कस्बा सकरार में गुरुवार को श्री जी की पालकी की शोभायात्रा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पूरे नगर में निकाली गई7 शोभा यात्रा का प्रारंभ नेमिनाथ दिगंबर जैन बड़ा बाजार मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बा के सभी चौक-चौराहों से होते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान नगर में हर घर पर श्री जी की आरती की गई, वही शोभा यात्रा में चल रहे श्रद्धालु डीजे,ढोल- नगाड़ों की धुनों पर झूमते नजर आए। श्रीजी की पालकी नेमिनाथ भवन में विराजमान कर अभिषेक किया गया एवं शांति धारा भी की गई जिसमें सौधर्म इंद्र की पहली बोली चौधरी मनीष जैन एवं दूसरी बोली नेमीचंद कुलदीप जैन गोंद वालों ने तीसरी बोली नेमी चंद मुकेश जैन,जैन अध्यक्ष परिवार, चौथी बोली जयचंद जैन विकास जैन उपाध्यक्ष जैन परिवार, पांचवी बोली जिनेंद्र जैन, सचिन जैन कोषाध्यक्ष,शांति धारा करने वाले लोगों में पहली बोली आलोक जैन, आर्जव जैन मेडिकल परिवार वाले, दूसरी बोली संजीव जैन आकाश जैन खनियाधाना,तीसरी बोली सुखमाल जैन अर्पित जैन, चौथी बोली मुकेश जैन अरिहंत जैन, श्री जी की पहली आरती करने का मौका आलोक जैन को मिला फूल माला की बोली खेमचंद जैन लोकेश जैन को मिली चारित्र माल की बोली नेमीचंद सीमित जैन बालाजी वालों को क्षेत्र माल की बोली गजेंद्र जैन हर्ष जैन ध्वजा की पहली बोली आलोक जैन ध्वजा की दूसरी बोली सुरेश चंद्र सोमेंद्र जैन गुरुवार दिवस में शाम की नेमिनाथ भगवान में श्री भक्तांबर महापाठ एवं आरती सामूहिक की गई वहीं महिला मंडल द्वारा स्वल्प आहार कराया गया इस सारे कार्यक्रम में हेमंत कुमार जैन संस्कार जैन व विशाल जन समूह एवं सारी जैन समाज सकरार शामिल रही पालकी शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा चौक बंद रहे जिसको देखते हुए अमीराम सिंह प्रभारी निरीक्षक सकरार एवं उनका पुलिस बल मौजूद रहा।

# टहरौली के खरीद केन्द्रों पर 81 किसानों ने बेचा 4380 कुंटल गेंहू, 10 ट्रक माल हुआ डिलीवर

सत्ता सुधार ■ टहरौली

कस्बा से सटे ग्राम बमनुआं में बमनुआं किसान सेवा सहकारी समिति पर पीसीएफ द्वारा गेंहू खरीद के लिए 2 केन्द्र बनाए गए हैं जहां 13 दिन में 81 किसानों से 4380 कुंटल गेंहू की खरीद कर 2600 माल को गोदामों में भेजा जा चुका है यहां प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक किसानों से गेंहू की खरीद की जा रही है। बमनुआं किसान सेवा सहकारी समिति खरीद केन्द्र 1 के प्रभारी रमाकांत यादव ने बताया अभी तक 40




किसानों से 2016 कुंटल खरीद की गई है जिसमें 5 ट्रकों के माध्यम से 1250 कुंटल माल की डिलीवरी की जा चुकी है यहां अभी तक 6500 बोरी वारदाना भेजा गया है जिसमें से शेष 2468 बोरी केन्द्र पर स्टाक में है। वहीं बमनुआं किसान सेवा सहकारी समिति खरीद केन्द्र 2 के प्रभारी संजीव कुशवाहा ने बताया कि कुल 41 किसानों से 2364 गेंहू की कुंटल खरीद हुई है जिसमें 1350 कुंटल माल की डिलीवरी की जा चुकी है तथा 1014 कुंटल माल स्टाक में रखा हुआ है केन्द्र पर 8450 वारदाने की बोरियां प्राप्त हुई थी जिसमें से 3722 बोरियां शेष बची हुई है। दोनों खरीद केन्द्रों पर गुरुवार को 300 कुंटल गेंहू की खरीद कर 2 ट्रक माल की डिलीवरी की गई यहां किसानों के लिए छाया एवं पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था है।

### लगातार दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे ई रिक्सा

# गरौठा में ई-रिक्शा पलटने से 6 लोग घायल, दो बच्चियों की हालत गंभीर

सत्ता सुधार ■ गुरसरांय झाँसी

तहसील क्षेत्र के ग्राम दुरखुरू में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया।

इस हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें दो नाबालिग बच्चियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना सुबह करीब 9 बजे की है, जब ककरवई रोड नई बस्ती ग्राम दुरखुरू से गरौठा की ओर आ रहा ई-रिक्शा सिद्ध बाबा मंदिर के पास संतुलन खो बैठा और पलट गया। ई-रिक्शा में सवार यात्रियों में 1- खुशबू पत्नी राजेन्द्र अहिरवार (निवासी रतौसा), 2- अंशिका पुत्री राजेन्द्र (रतौसा), 3- नायरा पुत्री नरेन्द्र (रतौसा), 4- रामदेवी पत्नी दशरथ प्रसाद (दुरखुरू), 5- गीता पत्नी चिन्तामणि (दुरखुरू), तथा 6- भूमि पुत्री राजू (दुरखुरू) शामिल थीं। सभी को चोटें आई हैं। घटना की सूचना राहगीरों ने गरौठा पुलिस व एम्बुलेंस को दी।

मौके पर गरौठा कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक राकेश कुमार दीक्षित अपनी टीम के साथ पहुंचे और घायलों को तत्काल नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरौठा पहुँचाया। वहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। हालांकि अंशिका (उम्र 12 वर्ष) एवं नायरा (उम्र 8 वर्ष) को गंभीर चोटें आने के कारण उन्हें बेहतर इलाज हेतु गुरसरांय के नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिफर कर दिया गया।

जहां उनका इलाज जारी है। ई-रिक्शा एक घायल के रिश्तेदार का बताया जा रहा है। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रेन हाईजैक की घटना के बाद अब नवाज शरीफ ने खोली जुबान

**लाहौर।** ट्रेन हाईजैक की घटना के बाद पाकिस्तानी सेना की ओर से बलूचिस्तान में बड़े सैन्य अभियान की आशंका जताई जा रही है। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष नवाज शरीफ ने बलूचिस्तान को लेकर राजनीतिक समाधान की बात कही है। उन्होंने इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाने का वादा भी किया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने जति उमरा स्थित अपने आवास पर नेशनल पार्टी के अध्यक्ष और बलूचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ अब्दुल मलिक बलूच से मुलाकात के बाद मीडिया से बात की। इससे पहले दोनों नेताओं ने बलूचिस्तान के हालात पर चर्चा भी की। शरीफ ने कहा कि वह बलूचिस्तान में शांति को बढ़ावा देने में अपनी राजनीतिक और लोकतांत्रिक भूमिका निभाएंगे। नवाज शरीफ ने कहा, ''मैं बलूचिस्तान का दौरा करूंगा और वहां के नाराज लोगों से मिलूंगा। बलूचिस्तान का मुद्दा राजनीतिक है और इसे सियासी तरीकों से ही सुलझाया जाना चाहिए।''

### नाइजीरिया में मैनिन्जाइटिस रोग का प्रकोप, अब तक 151 लोगों की हो चुकी है मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया में तेजी से फैल रहे मैनिन्जाइटिस रोग से अब तक 151 लोगों की मौत हो गई है। इस बीमारी के प्रकोप पर काबू पाने के लिए वहां के स्वास्थ्य अधिकारी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। बीमारी से मारे गए अधिकतर लोग उत्तरी क्षेत्र के दूरदराज के हिस्सों के थे। बीमारी से सबसे अधिक संख्या में बच्चे प्रभावित हुए हैं। नाइजीरिया रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) की ओर से कहा गया है कि बीते साल अक्टूबर में पहली बार बीमारी सामने आई थी। अब हालात यह हैं कि यह नाइजीरिया के 36 राज्यों में से 23 तक फैल चुकी है। इस रोग से लगभग आधी यानी 74 मौत इस वर्ष दर्ज की गई हैं। एनसीडीसी के प्रवक्ता सानी दत्ती ने बताया कि इस बीमारी से होने वाली अधिकतर मौतें मुख्य रूप से संक्रमित लोगों के समय पर स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं पहुंचने या देरी से पहुंचने के कारण हुई हैं।

### चीनी वैज्ञानिकों ने चंद्रमा से लाई गई मिट्टी और चट्टानों का किया विश्लेषण

**केप कैनवेरल।** चीन के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानों का विश्लेषण किया है। विश्लेषण के बाद चीनी वैज्ञानिकों ने कहा है कि चंद्रमा के सुदूर भाग से लाई गई मिट्टी और चट्टानों से संकेत मिलते हैं कि वह हिस्सा पृथ्वी की ओर वाले हिस्से की तुलना में अधिक शुष्क हो सकता है। वैज्ञानिकों ने यह भी कहा कि साफ तस्वीर के लिए और अधिक नमूनों की जरूरत है। शोधकर्ताओं ने कहा कि चंद्रमा के आवरण में मिले पानी से यह समझाने में मदद मिल सकतीहै कि चंद्रमा का विकास कैसे हुआ। पिछले साल चीन चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर उतरने वाला पहला देश बन गया था। अंतरिक्ष यान 'चांग ई 6' ने दक्षिण ध्रुव-'ऐटकेन बेसिन' से ज्वालामुखीय चट्टान और मिट्टी को निकाला था। इसी मिट्टी और चट्टान का वैज्ञानिकों ने अध्ययन किया है।

सरकार और राजशाही खेमे एक-दूसरे पर लगा रहे हिंसा भड़काने के आरोप

# नेपाल में राजशाही के लिए सड़कों पर क्यों हो रहे उग्र प्रदर्शन



एजेंसी ■ काठमांडू

नेपाल की राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने फिर प्रदर्शन किया। आरपीपी राजशाही की बहाली और पुलिस हिरासत में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इससे पहले काठमांडू के तिनकुने इलाके में 28 मार्च को राजशाही समर्थक प्रदर्शन उग्र हो गया था। सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई थी और सैकड़ों लोग घायल हुए थे।

मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक इस घटना के सिलसिले में कई नेताओं और राजशाही समर्थकों को गिरफ्तार किया है। नेपाल में राजशाही को फिर से स्थापित करने के मिशन के साथ गठित संयुक्त जन आंदोलन के



समन्वयक नबराज सुबेदी को घर में नजरबंद कर दिया गया है, जबकि आरपीपी के नेता उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा और महासचिव धवल शमशेर राणा पुलिस हिरासत में हैं। सरकार और राजशाही दोनों ही खेमे तिनकुने विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि आरपीपी के प्रदर्शन को देखते हुए दो हजार से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने चेतावनी दी कि अगर कोई प्रदर्शनकारी तोड़फोड़ या आगजनी करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अमेरिका ने ईरान को धमकाया कहा- हमले की नौबत आई तो इजरायल करेगा

इजरायल पहले भी हमले की बात कह चुका है

एजेंसी ■ वॉशिंगटन

परमाणु हथियार के बहाने अमेरिका ने एक बार फिर ईरान को धमकी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर हमला करने की नौबत आती है, तो इसकी अगुवाई इजरायल करेगा। इसे लेकर इजरायल की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। हालांकि, इजरायल पहले भी हमले की बात कह चुका है। खास बात है कि यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिका और ईरान के अधिकारी बैठक करने जा रहे हैं। अमेरिका और इजराइल दोनों ने ईरान को उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर सैन्य हमले की धमकी दी है, वहीं तेहरान के अधिकारी चेतावनी दे रहे हैं कि वे परमाणु बम से हमला कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। प्रमुख रूप से ट्रंप द्वारा 2018 में हुए तेहरान के परमाणु समझौते से एकपक्षीय तरीके से अमेरिका को हटाने से इस पर असर पड़ा। ईरान के खिलाफ सेना



के इस्तेमाल को लेकर ट्रंप ने कहा, अगर सेना की जरूरत पड़ती है, तो हम सेना को उतारेंगे। उन्होंने कहा, इजरायल निश्चित रूप से शामिल होगा। इजरायल इसकी अगुवाई करेगा। ओवल ऑफिस में बातचीत के दौरान उन्होंने यह टिप्पणी की। हालांकि, वह कुछ देर बाद ही रुख बदलते नजर आए और कहा, कोई हमारी अगुवाई नहीं कर सकता। हम वही करते हैं, जो हम करना चाहते हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि वह पहली वार्ता के लिए ओमान में अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात करेंगे। अराघची ने अल्जीरिया की यात्रा के दौरान ईरान के सरकारी टेलीविजन पर कहा कि वार्ता अप्रत्यक्ष होगी और इसमें दोनों पक्षों के बीच ओमान के मध्यस्थों के रहने की संभावना है। इससे पहले शनिवार को बातचीत हुई थी जो ट्रंप की तरफ से ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अल खामनेई को पत्र लिखे जाने के बाद हुई थी। खामनेई तेहरान और वाशिंगटन के बीच सीधी बातचीत शुरू कराने की कोशिश कर रहे हैं।

### डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गढ़ा गया नया शब्द किसी हथियार से कम नहीं, दुनिया हो रही हैरान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी नीतियों को लेकर दुनियाभर में खलबली मचा दी है। खासकर टैरिफ वॉर से यूरोप से लेकर एशिया और अफ्रीका तक में हंगामा मचा हुआ है। इसी बीच बाजार में मंदी के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दुश्मनों के लिए एक नया शब्द गढ़ा है पैनिकंस। यह वर्ड पैनिक और रिपब्लिकन से मिलकर बना है। ट्रम्प की नजर में पैनिकन वह व्यक्ति होता है जो कमज़ोर और मूर्ख होता है।

खासकर चुनौतीपूर्ण समय के सामने। जैसे कि लगभग आधी दुनिया पर टैरिफ लगाना। लिब्रेशन डे के मौके पर लगाए गए बाजार की आग को बुझाने की कोशिश करते हुए ट्रम्प ने सोमवार को बाजार खुलने से ठीक पहले माहौल बनाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका के पास कुछ ऐसा करने का मौका है जो दशकों पहले किया जाना चाहिए था। कमज़ोर मत बनो ! मूर्ख मत बनो ! पैनिकन मत बनो ! मजबूत, साहसी और धैर्यवान बनो। इसका रिजल्ट ग्रेटनेस होगा। अब जबकि 'पैनिकन' आधिकारिक तौर पर ट्रंप की शब्दावली में शामिल हो चुका है, पर यह पूछना उचित है कि आखिर एक नए शब्द की आवश्यकता क्यों पड़ी इसका जवाब ट्रंप द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ की नई घोषणा के बाद वैश्विक बाजारों में फैली अराजकता में शामिल है। दुनियाभर के वित्तीय बाजारों में गिरावट आई। वॉल स्ट्रीट में शेयर ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गए। डॉव जोन्स, एसएंडपी 500 और नैस्डैक सभी में तेज गिरावट आई, जो शुरुआती घंटी बजने के तुरंत बाद 4 से 5 प्रतिशत के बीच गिर गए।

# विजय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए पीएम मोदी को मिला रुस का न्यौता



एजेंसी ■ मॉस्को

रूसी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 9 मई को मॉस्को में 80वें विजय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया है। दरअसल यह समारोह द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की विजय का प्रतीक है। रिपोर्ट के मुताबिक रूसी उप-विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने पुष्टि की कि नई दिल्ली को आधिकारिक निमंत्रण दिया गया है, और उच्च स्तरीय यात्रा की तैयारियां अभी चल रही हैं। रुसी मीडिया के हवाले से रुडेंको ने कहा, इस पर काम जारी है, यह इसी साल होना चाहिए। उन्हें निमंत्रण मिला है। उप विदेश मंत्री ने कहा कि रूस ने मॉस्को के प्रतिष्ठित रेड स्क्वायर पर आयोजित होने वाली वार्षिक सैन्य परेड में भाग लेने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को इसी तरह का निमंत्रण दिया है। हालांकि, भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 मई को विजय दिवस परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले है। इसका मतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की संभावना नहीं है। बीते माह मॉस्को ने इसकी पुष्टि की कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल के अंत में भारत का दौरा करने वाले है। हालांकि पुतिन की यात्रा की तारीख अभी तय नहीं हुई, लेकिन दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठकों और नियमित टेलीफोन वार्ताओं के माध्यम से लगातार कूटनीतिक संपर्क बनाए रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आखिरी बार जुलाई 2024 में रूस का दौरा किया था, जो करीब पांच वर्षों में देश की उनकी पहली यात्रा थी। इससे पहले, उन्होंने 2019 में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए व्लादिवोस्तोक की यात्रा की थी।

# आस्ट्रिया में रोमन कालीन सामूहिक कब्रिस्तान की खोज

एजेंसी ■ वियना

ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में एक रोमन कालीन सामूहिक कब्रिस्तान की खोज हुई है। इस कब्र में 150 से अधिक सैनिकों के कंकाल मिलने की संभावना जताई जा रही है। वियना के पास एक फुटबॉल मैदान के रिनोवेशन के दौरान इतिहास का ऐसा अध्याय सामने आया जिसने विशेषज्ञों को भी चौंका दिया। यह जगह वियना के सिमरिंग इलाके में स्थित है, जहां निर्माण कार्य के दौरान अक्टूबर 2024 में बड़ी संख्या में मानव कंकाल मिले। पुरातत्वविदों के अनुसार ये कंकाल पहली सदी ईस्वी के हो सकते हैं और संभवतः रोमन सैनिकों के हैं। प्रारंभिक विश्लेषण में सामने आया कि इन जवानों की उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच रही होगी और उनके शरीर पर भाले, तलवार, तीर और खंजर जैसे हथियारों से लगी घातक चोटों के स्पष्ट संकेत मिले हैं। वियना सैकड़ों वर्षों से एक



समृद्ध शहर रहा है, लेकिन इसका इतिहास रोमन काल से भी जुड़ा हुआ है। लगभग दो हजार साल पहले रोमन सेनाएं डेन्यूब नदी के पास तक फैली थीं और विंडोबोना नाम की बस्ती में उन्होंने एक बड़ी सैन्य चौकी स्थापित की थी। इस क्षेत्र में पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर सैनिकों की कब्र का पता नहीं चला था, इसलिए यह खोज पुरातात्विक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। रोमन साम्राज्य में चौथी सदी ईस्वी तक मृत्यु के बाद दाह संस्कार की परंपरा थी, ऐसे में दफनाने की रस्में अपवाद मानी जाती थीं। यही वजह है कि इस तरह का सामूहिक दफन स्थान मिलना विशेषज्ञों के लिए एक दुर्लभ अवसर है। वियना की प्रमुख पुरातत्वविद क्रिस्टिना एडलर-वोल्फ ने बताया कि रोमन समाज में मृत्यु के बाद सख्त धार्मिक नियमों का पालन किया जाता था और दाह संस्कार आम बात थी। ऐसे में सामूहिक दफन स्थल की मौजूदगी इस बात का संकेत हो सकती है कि इन सैनिकों की मृत्यु किसी युद्ध या हिंसक संघर्ष के दौरान हुई और शायद तत्काल स्थिति के चलते उन्हें सामूहिक रूप से दफनाना पड़ा।


### पीएम मोदी के आदेश के बाद खुद चिदंबरम से अस्पताल में मिलने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री पटेल

**गांधीनगर।** गुजरात के अहमदाबाद के साबरमती आश्रम में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम की अचानक सेहत बिगड़ने से वे बेहोश हो गए थे। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती किया गया। फिलहाल, कांग्रेस नेता चिदंबरम पूरी तरह से ठीक हैं। इसकी जानकारी खुद उन्होंने सोशल मीडिया के द्वारा दी। दरअसल, अहमदाबाद में कांग्रेस नेता चिदंबरम से गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कांग्रेस नेता को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले। जानकारी के मुताबिक, गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री का अस्पताल का दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर हुआ था। बताया जा रहा है कि जैसे ही पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम के बीमार होने की खबर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तक पहुंची, प्रधानमंत्री मोदी ने तुरंत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से बात कर बेहतर संभव उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री पटेल से संपर्क किया।

# कभी हरियाली, झीलों और नदियों से भरा था अरब का रेगिस्तान

एजेंसी ■ सहारा

ताजा शोध में चौकाने वाला खुलासा हुआ है कि आज जो अरब क्षेत्र दुनिया के सबसे सूखे और गर्म रेगिस्तानों में गिना जाता है, वह कभी हरियाली, झीलों और नदियों से भरा था। इस दावे के प्रमाण के रूप में वैज्ञानिकों ने ऐसे अवशेष खोजे हैं जो बताते हैं कि लगभग 9000 साल पहले यह इलाका खूब बारिशों से तरबतर हुआ करता था। इस शोध को डॉ. अब्दुल्लाह ज़की, प्रोफेसर सेबेस्टियन कास्टेलटोर्ट (जिनेवा विश्वविद्यालय), प्रोफेसर अब्दुलकादेर अफीफी (केएयूएसटी) और प्रोफेसर माइकल पेट्राग्लिया (ग्रिफिथ विश्वविद्यालय) ने मिलकर अंजाम दिया है। उन्होंने पुराने भूगर्भीय और जलवायु अवशेषों की मदद से एक बड़ी झील, नदियों और पानी से बनी घाटी का पता लगाया है। अध्ययन के मुताबिक, यह



जलस्त्रोत शुरुआती होलोसीन काल (करीब 11,000 से 5,500 साल पहले) के दौरान अस्तित्व में आए थे, जब सूरज की रोशनी और पृथ्वी की जलवायु में बड़े बदलाव हो रहे थे। लगभग 9000 साल पहले यह झील अपने पूर्ण आकार में थी, जो करीब 1100 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली थी और जिसकी गहराई लगभग 42 मीटर तक मापी गई है। भारी बारिश के चलते इस झील का पानी अपने किनारों से बाहर बह निकला और इसके कारण लगभग 150 किलोमीटर लंबी एक घाटी बन गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बारिश अफ्रीका से आने वाली मजबूत मानसूनी हवाओं के कारण हुई थी, जिसे आज भी 1,100 किलोमीटर दूर तक ट्रेस किया जा सकता है। प्रोफेसर पेट्राग्लिया के अनुसार, यह खोज न सिर्फ मौसम की ऐतिहासिक तस्वीर को उजागर करती है, बल्कि यह भी बताती है कि उन दिनों यहां मानव गतिविधियां भी काफी तेज़ थीं। लोग शिकार, संग्रह और पशुपालन के जरिए जीविका चलाते थे।

रिपोर्ट | ब्रिटेन का यह पहला सफल गर्भाशय ट्रांसप्लांट

# बड़ी बहन के गर्भाशय से छोटी बहन ने दिया बच्ची को जन्म

एजेंसी ■ लंदन

ब्रिटेन में एक महिला ने ट्रांसप्लांट गर्भाशय से बच्ची को जन्म दिया है। ऐसा ब्रिटेन के इतिहास में पहली बार हुआ है। बच्ची की मां ग्रेस डेविडसन जन्म से ही एक निष्क्रिय गर्भाशय के साथ पैदा हुई थीं। 2023 में ग्रेस को उनकी बहन का गर्भाशय लगाया गया था। ब्रिटेन का यह पहला सफल गर्भाशय ट्रांसप्लांट था।

रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन के 2 साल बाद फरवरी 2025 में 36 वर्षीय ग्रेस ने अपनी पहली संतान को जन्म दिया। ग्रेस और उनके पति एंगस (37 वर्षीय) ने



अपनी बेटी का नाम एमी रखा है। बच्ची की मां ग्रेस को गर्भाशय डोनेट करने वाली बहन का नाम भी एमी है।

2014 में स्वीडन में ट्रांसप्लांट गर्भाशय से पहला बच्चा पैदा हुआ था। तब से अब तक 12 से अधिक देशों में 135 से अधिक गर्भाशय ट्रांसप्लांट हो चुके हैं। इसमें अमेरिका, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत और तुर्की शामिल हैं। करीब 65 बच्चों का जन्म हो चुका है। ग्रेस ने 2018 में पहली बार मां बनने की इच्छा जाहिर की थी। शुरुआत में उनकी मां ने उन्हें गर्भाशय डोनेट करने के बारे में सोचा। हालांकि मेडिकल जांच में यह सही नहीं मिला। इसके बाद ग्रेस की बड़ी बहन एमी पार्डी ने उन्हें गर्भाशय डोनेट करने की इच्छा जाहिर की। एमी पहले से दो बच्चों की मां थीं और अब और संतान नहीं चाहती थीं। उन्होंने डॉक्टरों से कहा, अगर मेरी बहन मां बन सकती है, तब मेरा गर्भाशय उसके लिए ले लीजिए। ग्रेस और एमी दोनों ने इसके लिए काउंसलिंग ली, मानसिक और भावनात्मक तैयारी की थी।

कोरोना महामारी के कारण से ग्रेस की ट्रांसप्लांट सर्जरी 2019 से टलती रही। आखिरकार फरवरी 2023 में एक मेडिकल टीम ने 17 घंटे लंबा ऑपरेशन किया। 30 से ज्यादा सर्जनों और विशेषज्ञों ने मिलकर एमी का गर्भाशय निकाला और ग्रेस के शरीर में ट्रांसप्लांट किया। ग्रेस और उनके पति इसी गर्भाशय से एक और बच्चा पैदा करना चाहते हैं। इसके बाद यह गर्भाशय हटा दिया जाएगा। गर्भाशय ट्रांसप्लांट के 2 हफ्ते के बाद ग्रेस को अपने जीवन में पहली बार पीरियड आया। इससे गर्भाशय के ठीक तरह से काम करने का पता चला। इसके बाद आईवीएफ ट्रीटमेंट किया गया और पहले ही ट्रायल में ग्रेस प्रेग्नेंट हुईं।

# राहुल के सामने शशि थरुर की पार्टी को सलाह, जनता के सामने पॉजिटिव विजन रखना होगा

एजेंसी ■ अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस के 84वें अधिवेशन को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने संबोधित कर ओबीसी समुदाय में पकड़ बनाने पर जोर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि हम ब्राह्मण, दलित, मुस्लिम में ही उलझे रह गए और ओबीसी समुदाय से कांग्रेस से दूर चला गया। हमें उन्हें जोड़ने का प्रयास करना होगा। इसके साथ ही उन्होंने 1993 में मंडल कमीशन की सिफारिशें लागू करने और फिर 2006 में शैक्षणिक संस्थानों में भी ओबीसी आरक्षण देने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमें ओबीसी वर्ग पर फोकस करना है, जिनकी आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है। इसमें दलित और अल्पसंख्यकों को भी शामिल कर लिया जाए तब ये आंकड़ा 90 फीसदी के करीब जाता है। राहुल गांधी ने सलाह दी, इस बीच सांसद शशि थरूर को भी अधिवेशन में बोलने का मौका मिला। उन्हें लेकर बीते कुछ समय से कयास लगाए जा रहे हैं कि वे भाजपा के करीब हैं। इस बीच उन्होंने कांग्रेस अधिवेशन में पार्टी को सलाह दी कि पार्टी को उन लोगों को वापस जोड़ने पर काम करना होगा।

# क्या कांग्रेस अधिवेशन से निकल आया जीत का मंत्र?

गुजरात के अहमदाबाद में संपन्न हुआ कांग्रेस का दो दिवसीय अधिवेशन महज एक औपचारिक सभा नहीं थी, बल्कि इसे एक सियासी पुनर्जागरण के तौर पर देखा जाना चाहिए। दशकों से गुजरात की सत्ता से बाहर कांग्रेस ने यहां से एक नई रणनीति, नई चेतना और शायद एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के बयानों से स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि पार्टी अब आक्रामक तेवरों के साथ मैदान में उतरने के मूड में है। दरअसल अधिवेशन की शुरुआत करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की पारदर्शिता पर सवाल उठाए और बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग भी रखी। खड़गे कहते हैं कि सरकार ने एक ऐसी तकनीक अपनाई हुई है जिससे विपक्ष को नुकसान पहुंचाया जा सके। उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि 150 सीटों में से 138 सीटों पर बीजेपी की जीत संदिग्ध है। खड़गे ने यह कहकर सरकार पर आरोप ही नहीं लगाए बल्कि उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और देश के मतदाताओं में यह विश्वास पैदा करने की कोशिश की है, कि ईमानदार चुनावों के जरिए सत्ता परिवर्तन संभव है। वहीं राहुल गांधी ने अपने सशक्त भाषण से अधिवेशन में जहां जान फूंकने का काम किया वहीं पार्टी से जुड़े लोगों को एक पार्टी विचारधारा के तहत एकजुट होकर मैदान में आने का आव्हान भी किया है। उन्होंने यहां वक्फ संशोधन कानून पर बीजेपी पर सीधा हमला बोला और इसे 'फ्रीडम ऑफ रिलीजन' और संविधान पर हमला करार दिया है। साथ ही, उन्होंने गुजरात में कांग्रेस के भीतर व्याप्त गुटबाजी पर खुलकर बात की और यह स्वीकार किया कि पार्टी के कुछ नेता जनता से कटे हुए हैं या विरोधी दलों से मिले हुए हैं। पार्टी के शीर्ष नेताओं का यह आत्ममंथन इस बात की ओर इशारा करता है कि कांग्रेस अब संगठनात्मक शुद्धि की दिशा में भी कदम बढ़ा रही है। यह एक तरह से देर आयद दुरुस्त आयद को ही चरितार्थ करने जैसा है। इस पर दो दशक पहले ही विचार कर लिया जाना चाहिए था, तब शायद पार्टी को इतना ज्यादा नुक्सान भी नहीं हुआ होता। नेताओं की आपसी खींचतान और बेमानी रुतबे के कारण पार्टी रसातल पर पहुंच गई। पहले एक-एक



कर कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले राज्य हाथ से जाते गए और फिर केंद्र में भी पकड़ ढीली हो गई। नतीजा यह हुआ कि पार्टी के साथ नेताओं का भी बर्चस्व जाता रहा और स्थानीय स्तर पर भी कांग्रेस का वो कद नहीं रहा जो पहले कभी हुआ करता था। इस स्थिति से पार्टी को उबारने के लिए राहुल गांधी और उनकी सीमित टीम जी-जान से लगी रही।

# मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति से तौबा करते दल

आज समीक्षकों में इस बात पर अपनी-अपनी मानसिकता और विचार के आधार पर टिप्पणी करने की होड़ लगी है कि नीतीश कुमार और चन्द्रबाबू नायडु ने अपनी मान्य विचारधारा से परे जाकर वक्फ बिल का समर्थन क्यों किया? यह भी अपनी-अपनी समझ के आधार पर समझाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर वक्फ बिल से किसको क्या मिला? जबकि एक बात का उल्लेख कोई नहीं कर रहा है कि नायडु और नीतीश ने बिल के स्वरूप को बदलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसमें लोजपा के चिराग पासवान की भूमिका को भी नकारा नहीं जा सकता है। इसके बाद भी इन सभी नेताओं ने देश पर काबिज मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति को तौबा करने का मानस बना लिया है। अभी समीक्षकों को यह मानने में समय लगेगा कि देश मुस्लिम प्रधानता वाली राजनीति से बहुसंख्यकवाद की राजनीति की ओर तेजी से बढ़ रहा है।



मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति ने देश को बंटवारे जैसे या गृहयुद्ध जैसे हालातों की ओर देश को धकेला है। और जब मुर्शिदाबाद जैसे मुस्लिम बाहुल्य वाले जिलों से वक्फ समर्थकों पर हमले की बात सामने आती है तब और यह बात पुख्ता होती है कि देश को एक बार गृहयुद्ध के करीब से होकर गुजरना पड़ेगा? अब इसका बचाव केवल यही है कि जिस प्रकार से नीतीश और चन्द्र बाबू नायडु ने अपनी राजनीतिक आधार में बदलाव किया है उसी प्रकार से अन्य दलों का विवेक भी जागे और वे कुछ अनदेखी करने का साहस दिखायें। जिस प्रकार से हिन्दू मतदाता तुष्टिकरण में लगी पार्टियों को प्रगतिशील बनकर वोट दे रहा है उसी प्रकार से मुस्लिम भी सुधारवादी बनकर वोट देना सीख जायेंगे? लेकिन नीतीश और नायडु को राजनीति में नये समीकरण देने का जनक जरूर माना जायेगा? बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मोदी विरोधी राजनीति का पहला किरदार कहा जा सकता है। राजग से उन्होंने किनारा मोदी को भाजपा ने पीएम प्रत्याशी बनाया था तब किया था। मोदी का काम करने का विजन, वैश्विक प्रतिष्ठा और सहयोगी साथियों के साथ सहज और शालीनता का व्यवहार नीतीश के निर्णय को गलत सिद्ध करने में कामयाब हुआ और आखिरकार उनकी राजग में वापसी हुई। नीतीश राजनीतिक मजबूरी में राजग में आये लेकिन महत्वाकांक्षा उन्हें बार-बार निर्णय की समीक्षा करने को कहती रहती थी। इसलिए उन्होंने एक बार फिर साथ छोड़ा और मोदी विरोध की राजनीति करने के लिए आगे आये। परिणाम यह हुआ कि कांग्रेस और उनके कुछ अन्य समर्थकों ने नीतीश की अगुवाई पर मुहर नहीं लगाई। इस विरोध में लालू प्रसाद यादव की पार्टी भी शामिल थी जिसके सहारे नीतीश ने भाजपा का साथ छोड़ दिया था। अब नीतीश एक बार फिर से राजग में आये और अब वादा करते हैं कि वे अब मोदी के साथ ही रहेंगे? इसलिए नीतीश का बिल के साथ आने का निर्णय आने वाले समय की राजनीति की नई पटकथा है। राजनीति में पलटुराम नाम नीतीश का तय हो गया लेकिन कमोवेश ऐसा ही हाल चन्द्रबाबू नायडु का भी है। वे भी हर चुनाव से पहले राजग के सहयोगी बनते भी हैं और हटते भी हैं। लेकिन वे दक्षिण भारत की राजनीति करते हैं इसलिए इधर उनको लेकर कोई उपनाम देने का लाभ नहीं हो सकता है। अत~उपमाओं का प्रयोग नीतीश तक आकर रूक जाता है। उत्तर भारत में मुस्लिम तुष्टिकरण और बहुसंख्यकवाद की राजनीति पर तेजी से काम चल रहा है। बहुसंख्यक मतदाताओं में आ रही जागरूकता ने यहां पर सत्ता समीकरण बदल दिये हैं। यह आम व्यक्ति की भावना नहीं है। यदि ऐसा होता तो जनसंघ के समय ही कांग्रेस का विकल्प दिखाई देने लग जाता। यह तो मुस्लिम तुष्टिकरण की पराकाष्ठा का परिणाम है। उसकी तीव्र प्रतिक्रिया है। साथ में हिन्दूवादी संगठनों के सकारात्मक और रचनात्मक कामों का परिणाम भी है। इसकी राजनीति और भाषणों की तुलना में व्यवहार और सहायता में सभी को एक भाव मिलता है। इस अन्तर की पहचान ने आरएसएस और भाजपा को ऊंचाई देने में बड़ा साथ दिया है। इसलिए अब दक्षिण भारत के पढ़ा लिखा मतदाता भी इस बात को समझने लगा है कि भारत की एकता और अखंडता मुस्लिम तुष्टिकरण वाले दलों के हाथ में सुरक्षित नहीं है। वे तो वोटों के सौदागरों के साथ मिलकर देश को बंटवारे की राह पर ले जा रहे हैं। इसलिए नायडु को राजग और भाजपा में भविष्य दिखाई देने लग रहा है। उनके राज्य में पवन कल्याण ने जिस राजनीतिक आस को जगाया है वह ही आने वाले समय ही धारा बनने वाली है। इसलिए वक्फ बिल पर नायडु की राजनीति भी दूरगामी राजनीति का संदेश है। दक्षिण में आने वाले समय की नई राजनीति का भी संदेश है। दो उदाहरण और इस बात के लिए हैं। केरल के ईसाई समुदाय को वक्फ के दावे से बड़ी परेशानी थी। लेकिन परम्परागत रूप से कांग्रेस के मतदाता होने के बाद भी उन्हें कांग्रेस से न तो सहयोग मिला और न ही विश्वास। लेकिन यही काम भाजपा ने कर दिखाया। हालांकि यह भाजपा का एजेंडा है फिर भी इससे केरल के ईसाई समुदाय ने राहत की सांस ली। अब वे भाजपा के साथ आते जा रहे हैं। यह कांग्रेस को केरल में नकारने की शुरूआत हो रही है। आने वाले समय में वह तमिलनाडु की भांति भी केरल में हो जायेगी। लेकिन इसका प्रभाव नायडु की राजनीति पर पड़ा और उन्होंने अपनी धारा और दिशा को सही लाइन दे दी। एक बात समझने की है। केन्द्र में जिस दल की सरकार होती है वह दल की सरकार को अपनी विचारधारा के आधार पर शासन चलाने का प्रयास करता है। कानून वैसे ही होंने चाहिए। प्रशासन तंत्र की समझ भी उसी विचारधारा के आधार पर होना चाहिए।

सुरेश शर्मा



दिलीप कुमार पाठक

# फीस के नाम पर जेब पर 'डाका' डाल रहे निजी स्कूल

स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया है द्य छोटे - छोटे बच्चों के स्कूल जाने की बड़ी - बड़ी चिंताएं पैरेंट्स के चेहरों पर साफ़ तौर पर देखी जा सकती हैं द्य ये विकसित भारत के रास्ते पर बढ़ते हुए नए भारत की नई इबारत है जो बच्चों की पढ़ाई के नाम पर जमकर लूटकर लिखी जा रही है ...

हम दूसरों के उदहारण बताते रहते हैं दर-असल मेरे भतीजे के लिए नए स्कूल का चुनाव बड़ा कठिन था क्योंकि सुविधाओं के नाम पर प्राईवेट स्कूलों में पढ़ाई की फीस के नाम पर डाका ड़ाला जा रहा है द्य हमारे 04 साल के भतीजे के स्कूल में एडमिशन फीस 35 हज़ार लिए गए। वहीँ 08 साल के बच्चे के एडमिशन के लिए 50 हज़ार लिए गए द्य इसको फीस के नाम पर डाका क्यों न कहा जाए ? हमारे देश में अधिकांश लोग मुश्क़लि से रोज़ी - रोटी कमा पाते हैं, अब सवाल ये उठता है कि जब देश की अधिकांश जनता अभी आर्थिक रूप से कमज़ोर है तो क्या ये स्कूल गरीबों के मखौल उड़ाने के लिए खुले हैं? इन स्कूलों में ऐसा क्या पढ़ाया जाता है कि 05 साल के बच्चों की फीस 50 हज़ार रुपए उगाह ली जाती है द्य किसी किसी स्कूलों में तो ये फीस लाखों में है द्य जबकि इन्हीं स्कूलों के अध्यापकों की फीस देखा जाए तो ज़्यादा से ज़्यादा 20-25 हज़ार होती है सरकारी स्कूल के अध्यापकों की सैलेरी लाखों में है वहीं प्राईवेट स्कूलों के अध्यापक कुछ ही हज़ार रुपए में गुज़र - बसर कर रहे हैं सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाले अध्यापकों के बच्चे प्राईवेट स्कूलों में पढ़ते हैं जबकि प्राईवेट स्कूलों में पढ़ाने वाले अध्यापकों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं द्य सोचकर देखा जाए तो समझ आता है कि शिक्षा के नाम पर देश के लोगों का कितना कबाड़ा बनाया जा रहा है द्य अध्यापकों सहित पूरे देश को पता है कि सरकारी स्कूलों में ढंग से पढ़ाई ही नहीं होती, तो वे अपने बच्चों को क्यों पढ़ाएं ! क्योंकि उन्हें पता है कि वे क्या पढ़ा रहे हैं द्य सरकारी स्कूलों में जो थोड़ा बहुत ढंग के अध्यापक होते हैं तो उनसे तरह - तरह के सर्वे कराए जाते हैं द्य जैसे कहीं पोलियो कहीं टीका, कहीं जानवरों की गणना तो कहीं जानवरों का बीमा कराया जाता है द्य और बांकी वोटिंग कराने में व्यस्त रहते हैं द्य अब पढ़ाई कब होगी? हमारे देश को इस सिस्टम ने अंधेर नगरी में तब्दील कर दिया है।

सबसे प्रमुख बात प्राईवेट स्कूलों में सरकार एवं बड़ी - बड़ी संस्थाएं उन्हें मान्यता, रजिस्ट्रेशन दे देती हैं फिर कभी झांकने नहीं जातीं द्य जब प्राइवेट स्कूलों में नहीं जाते तो सरकारी स्कूलों में भला कौन जाता होगा द्य स्कूलों के लिए एक नियमावली बनना चाहिए कि कितनी फीस हो सकती है, एक पाठ्यक्रम होना चाहिए हर स्कूल अपना पाठ्यक्रम खोलकर बैठा हुआ है ! शिक्षा विभाग हाथों में मेहंदी लगाकर क्यों बैठा है ! प्राईवेट स्कूलों में बच्चों को



पढ़ाओ तो क्या यह भी नियम होना चाहिए कि बच्चों की स्कूल ड्रेस, किताबें सामाग्री सबकुछ स्कूलों ऐ क्यों खरीदा जाए? स्कूल चला रहे हैं या मार्केट? हालांकि पूरी तरह उनका दोष नहीं है क्योंकि शिक्षा विभाग ने पूरी तरह से उन्हें लूटने के लिए छोड़ रखा है, और प्राईवेट स्कूलों वाले जमकर लोगों को लूट रहे हैं द्य ये तो हद ही हो गई है हमारे एक मित्र अपने बच्चों की किताबें लाएं हैं और किताबें आई हैं 14 हजार 635 रुपये की...किताबें कागज की ही हैं या चांदी का वर्क लगा है? समझ नहीं आ रहा पुस्तकों एवं शिक्षा के नाम पर ये लूट पाट कब बंद होगी? कब लगाम लगेगी द्य

प्रशासन स्कूलों के खिलाफ मुकम्मल कार्रवाई नहीं कर रहा जिससे उनके इरादे बुलंद होते जा रहे हैं। अभिभावकों के लिए बढ़ी फीस अदा करना चुनौती के समान है। ट्यूशन फीस, स्कूल मेनटेनेंस फीस, इंटरनेट फीस सहित विभिन्न मदों में निजी स्कूलों ने अपनी सुविधा के अनुसार बढ़ोतरी की है। कुल मिलाकर फीस में पंद्रह से बीस फीसद तक का इजाफा किया गया है। जिन अभिभावकों के दो या तीन बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, उनकी परेशानी बढ़ गई है।

सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) के द्वारा हर स्टेट में एक एडमीशन एंड फी रेगुलेटरी कमेटी का गठन किया जाता है। कमेटी की जिम्मेदारी होती है कि वह हर वर्ष यह तय करेगी कि स्कूलों में कितनी फीस बढ़ाई जाए। लेकिन स्कूल अपनी मनमर्जी दिखाते हुए फीस बढ़ाते हैं। यही कारण है कि स्कूलों के द्वारा बढ़ाई गई फीस अलग-अलग है। कोई नियम कानून नहीं है। फीस में हर वर्ष हजारों रुपये की बढ़ोतरी कर स्कूल अपनी जेब भर रहे हैं। आम आदमी अपने बच्चों को किस प्रकार पढ़ा रहा है स्कूलों को इससे कोई लेना देना नहीं है। सैलरी डेढ़ दो हजार रुपये बढ़ती है। स्कूल में बच्चों की फीस हज़ारों रुपये तक बढ़ गई है। ऐसे में परेशानी बढ़ गई है। प्रशासन को चाहिए करोड़ों अभिभावकों की परेशानी को देखते हुए स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करे। जिन अभिभावकों के दो बच्चे निजी स्कूल में पढ़ रहे हैं। उनकी परेशानी सबसे अधिक बढ़ गई है। प्रशासन को चाहिए कि निजी स्कूलों पर लगाम लगाने के लिए सख्त कदम उठाए। बच्चों की फीस देने के लिए अभिभावक अपने दूसरे खर्चों में कटौती करने को विवश हैं। अभिभावकों की जेब काटकर स्कूल अपनी जेब भर रहे हैं। इस पर सरकार को नियम बनाना चाहिए।

साथ ही आदेश पारित होना चाहिए कि सरकारी स्कूल में पढ़ाने वालों के बच्चे अब प्राईवेट स्कूलों में नहीं पढ़ पाएंगे द्य जब सरकारी स्कूल के कर्मचारियों के बच्चे केवल सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे तो गुणवत्ता में सुधार होगा और प्राइवेट स्कूलों में कुछ दबाव कम होगा जिससे उनकी दादागिरी कुछ कम होगी द्य साथ ही सरकारी स्कूल के अध्यापकों से अनावश्यक काम न लिए जाएं जिससे अध्यापक बहाना न करें ! साथ ही प्राईवेट स्कूलों में अध्यापकों की वेतन में कुछ बढोत्तरी होना चाहिए द्य साथ ही देश के अध्यापकों को एवं स्कूल चलाने वालों को नैतिकता नहीं त्यागना चाहिए आप शिक्षा से जुड़े हुए हैं कृपया डाका मत डालें द्य हमारे मुल्क में लोग सख्ती से ही सुधरते हैं इस समस्या का समाधान जल्द ही होना चाहिए अन्यथा ये एकदिन विकराल रूप धारण कर लेगी ! हालांकि अब तो कर भी चुकी है।

## राजकाज



### कैसी होती हैं उपेक्षित परंपराएं और विरासत

भाषाओं को लेकर देश में राजनीतिक खेल जारी है। ऐसे में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि लंबे समय से उपेक्षित रही परंपराएं और विरासत अब पुनर्जीवित हो गई हैं। ज्यादा भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा प्राप्त है और भारतीय प्रथाओं को नया प्रोत्साहन और गति मिल रही है। उनके कहने का मतलब यही है कि पूर्व की सरकारों ने जो काम नहीं किया वह एनडीए की खासकर भाजपा नीत सरकार ने करके दिखला दिया है। दरअसल जयशंकर कह रहे हैं कि इसका सार यह है कि इंडिया आज भारत बन चुका है। इसी के साथ वो कहते हैं कि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) परिवर्तन को मान्यता देता है और मुझे यकीन है कि यह इसे अपने भविष्य के कार्यों में शामिल करेगा। आईसीसीआर विदेश मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

### बिहार चुनाव और बीजेपी को सताता डर

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर विपक्ष की आलोचना और एनडीए सहयोगियों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। दरअसल यह एक ऐसा अभियान होगा जिसके जरिए बीजेपी विपक्ष के इस दावे का खंडन करेगी जिसमें वक्फ कानून को अल्पसंख्यक विरोधी बताया जा रहा है। खासतौर पर बिहार में बीजेपी की यह रणनीति ज्यादा अहम मानी जा रही है क्योंकि राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं और बीजेपी का गठबंधन जनता दल (यूनाइटेड) से है, जो मुस्लिम वोट बैंक पर काफी हद तक निर्भर है। बीजेपी अब मुस्लिम समुदाय को यह संदेश देना चाह रही है कि वक्फ कानून उनके हितों के खिलाफ नहीं है। कहा जा रहा है कि पार्टी घर-घर जाकर कानून की खूबियों को समझाने का अभियान शुरू करेगी ताकि मुस्लिम समुदाय में फैली गलतफहमियों को दूर किया जा सके। विपक्ष इसे बीजेपी का डर बता रही है, जिसे चुनाव तक कायम रखने की भी जुगत भिड़ाई गई है।

### 50 रुपये महंगा हुआ गैस सिलेंडर

रसोई गैस के सिलेंडर की कीमत सरकार ने एक बार फिर ?50 बढ़ा दी है। पेट्रोल डीजल पर भी 2 रुपये की एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी है। पेट्रोल डीजल का एक्साइज ड्यूटी का खर्च कंपनियां उठाएंगी। कच्चे तेल का दम दुनिया में घटा है। इसके बाद भी सरकार पेट्रोल डीजल के रेट घटाने के स्थान पर टैक्स बढ़ा रही है। रसोई गैस का पैसा तो आम उपभोक्ताओं को ही देना पड़ेगा। गैस सिलेंडर गरीब से गरीब परिवार को लेना पड़ता है। महंगाई-बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है। लोन की किस्तें नहीं चुका पा रही है। बच्चों को पोषण आहार नहीं दे पा रही है। इसके बाद भी सरकार लगातार महंगाई को बढ़ा रही है। अब आम लोगों के बीच में चर्चा हो रही है। जब समय खराब आता है,तब मति खराब हो जाती है। सरकार की मति अब खराब हो गई है। अब लोग समय का इंतजार कर रहे हैं।

## फीचर




# विदेशी भाषाएं सीख कर पायें अच्छी नौकरी

अगर आप तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं तो हिंदी और अंग्रेजी के साथ ही अलग-अलग भाषाएं सीखना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

अलग-अलग और नई तरह की भाषा आपको एक अच्छी नौकरी भी दिला सकती है। अगर इन भाषाओं का ज्ञान हिंदी के साथ हो तो आपको नौकरी मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

स्पेनिशः अगर किसी भाषा को वाकई वैश्विक भाषा का दर्जा मिल सकता है तो वो स्पेनिश है। दुनिया भर में इस भाषा से जुड़े रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। अमेरिका में बड़ी संख्या में ऐसे लोग रहते हैं, जो स्पेनिश बोलते हैं। इसके अलावा मुसाफिरों की तादाद भी काफी है। इसे सीखना तुलनात्मक रूप से आसान है। स्पेन के अलावा ये भाषा दक्षिण अमेरिका के कई देशों और मेक्सिकों में भी बोली जाती है।

जर्मनः जर्मनी के अलावा स्विटजरलैंड में भी ये भाषा काफी प्रचलित है और ये दोनों देश यूरोप में कारोबार का केंद्र माने जाते हैं। ऐसे में ये भाषा कारोबार के लिहाज से अहम है।

फ्रेंचः दुनिया भर में 20 करोड़ से ज्यादा लोग यह भाषा बोलते हैं। दुनिया के 40 से ज्यादा देशों में आप फ्रेंच बोल-सुन सकते हैं। ये 8 देशों की भाषा है और संयुक्त राष्ट्र में इसे आधिकारिक दर्जा हासिल है।

अंग्रेजी:अंगेजी का महत्वा आपको पता ही है। लंदन, अमेरिका समेत यूरोप में प्रमुख तौर पर बोली जाने वाली भाषा है। इससे करियर की असीम संभावनाएं आपके लिए खुलती हैं।

जापानीः अंग्रेजी में कई ऐसे शब्द हैं, जो इसी भाषा में पहुंचे हैं। अगर एशिया के रोबोटिक केंद्र में जगह बनानी है तो जापानी सीखना अनिवार्य समझ लीजिए।

अरबीः 30 करोड़ लोग यही भाषा बोलते हैं। दुबई और आबु धाबी जैसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों की भाषा है।

## प्रेरणा

# सर्वव्यापी है आत्मा

केवल वह जो क्षणिक है, छोटा या नर है, उसे ही सुरक्षा की आवश्यकता है; जो स्थायी है, बड़ा या विशाल है, उसे सुरक्षा की जरूरत नहीं। सुरक्षा का अर्थ है समय विशेष को लंबा कर देना; इसीलिए सुरक्षा परिवर्तन में बाधक भी होती है। पूर्ण सुरक्षा की स्थिति में रूपांतरण नहीं हो सकता। सुरक्षा के बिना इच्छित रूपांतरण नहीं हो सकता। एक बीज को पौधे में परिवर्तित होने के लिए सुरक्षा चाहिए; एक पौधे के वृक्ष बनने के लिए सुरक्षा चाहिए। अत्यधिक सुरक्षा रूपांतरण में या तो सहायक हो सकती है या बाधक, इसीलिए रक्षक को यह समझ होनी चाहिए कि किस मात्रा तक उसे रक्षा करनी है। सुरक्षा और रूपांतरण-दोनों काल और समय के अनुसार होते हैं और समय से परे होने के लिए इन नियमों का सम्मान आवश्यक है। सुरक्षा एक विशेष समय और नर चीजों तक ही सीमित है। चिकित्सक कब तक किसी को स्वस्थ रख सकता है या बचा सकता है? सदा के लिए? नहीं। सत्य को किसी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं। शांति और खुशी को सुरक्षा की आवश्यकता नहीं, क्योंकि वे क्षणिक नहीं। तुम्हारे शरीर को सुरक्षा की आवश्यकता है, तुम्हारी आत्मा को नहीं; तुम्हारे मन को सुरक्षा की जरूरत है, स्वरूप को नहीं। आत्मा केवल मन और शरीर का समिश्रण नहीं है। आत्मा न मन है, न शरीर। शरीर के अस्तित्व का एकमात्र उद्देश्य है तुम्हें सचेत करना कि तुम कितने सुंदर हो; और तुमको जागरूक करना कि तुम जिन आदर्शों का सम्मान करते हो, उन सभी को तुम अपने जीवन में ढालकर, अपने चारों ओर एक दिव्य-जगत की सृष्टि करो।



## अपनी बात



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि लंबे समय से उपेक्षित रही परंपराएं और विरासत अब पुनर्जीवित हो गई हैं। ज्यादा भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा प्राप्त है और भारतीय प्रथाओं को नया प्रोत्साहन और गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि इसका सार यह है कि इंडिया आज भारत बन चुका है। यह बात बुधवार को जयशंकर एक कार्यक्रम में कही।



एनसीपी (एसपी) के नेता माजिद मेनन ने कहा निसंदेह तहव्वुर राणा को भारत लाना सरकार के लिए एक सफलता है। अमेरिका ने बहुत लंबा समय लिया है। राणा का प्रत्यर्पण पहले हो जाना चाहिए था। हमें इस बात की खुशी है कि हम इस मामले में कुछ न्याय कर सकेंगे। माजिद मेनन ने कहा कि हमें बस यह ध्यान देना होगा कि इस मामले में इंटनेशनल स्टैंडर्ड्स का पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि नियमानुसार प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी तो जांच टीम बहुत अच्छा काम करेगी।

## ब्रीफ न्यूज

### जमीन की मिट्टी बनी जंग, खेत पर खुदाई को लेकर भिड़े दो पक्ष, क्रॉस मामला दर्ज

**गुना।** जिले के थाना फतेहगढ़ अंतर्गत ग्राम भिड़रा और रंगपुरा के बीच गत रात ज़मीन पर मिट्टी खुदाई को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट, धमकी और चोरी तक जा पहुंचा। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने पहुंचकर अलग-अलग शिकायतें दीं, जिस पर पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली ओर से फरियादी जीतेन्द्र लोधी निवासी भिड़रा ने बताया कि रात करीब 10ः30 बजे वह अपने चाचा राजकुमार लोधी के साथ तालाब वाले खेत पर गया था, जहां ग्राम रंगपुरा के अमर सरदार, इन्दर सरदार और उनके परिजन जेसीबी मशीन से मिट्टी खुदवा रहे थे। जीतेन्द्र के अनुसार, जब उन्होंने खुदाई से मना किया, तो आरोपियों ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए उन पर लाठी, गड़ासी और लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस हमले में जीतेन्द्र और उसके चाचा को कई जगह गंभीर चोटें आई। उसने बताया कि मौके पर दीपक लोधी और अंकित लोधी पहुंचे और बीच-बचाव किया। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। दूसरी तरफ अमरसिंह सिक्ख निवासी रंगपुरा ने जीतेन्द्र लोधी सहित तीन लोगों पर आरोप लगाया कि वह अपने घर के पास खुद की ज़मीन से मिट्टी निकलवा रहा था, तभी भिड़रा के जीतेन्द्र, दौलतराम और राजकुमार वहां आए और रोकने लगे। अमरसिंह के अनुसार, बात बढ़ी तो जीतेन्द्र ने पत्थर मार दिया जिससे उनके पैर में चोट आई। वहीं, उनके बेटे मनिन्दर और भाई इन्दर सिंह पर भी डंडों से हमला किया गया। अमरसिंह ने यह भी कहा कि झड़प के दौरान मनिन्दर की सोने की चैन गायब हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कराया है।

### प्रसव के बाद महिला की दर्दनाक मौत, जुड़वा नवजातों की हालत नाजुक

**गुना।** जिले के पगारा गांव में एक प्रसूता की प्रसव के तुरंत बाद बिगड़ी हालत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सपना कुशवाह नाम की महिला गर्भवती थी और उसके पति विनोद कुशवाह काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। उन्होंने पत्नी को पगारा स्थित मायके में रखा था ताकि देखभाल में कोई परेशानी न हो। करीब एक महीने बाद सपना को प्रसव पीड़ा हुई, तो उसकी मां ने उसे नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। स्वास्थ्य केंद्र में सपना ने दो जुड़वा बच्चों को जन्म दिया, लेकिन प्रसव के कुछ समय बाद ही अत्यधिक रक्तस्राव शुरू हो गया।

### आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया गया

# हनुमान टेकरी मेले की तैयारियों में जुटी नपा, स्वच्छता से लेकर सुरक्षा तक कसी कमर



सत्ता सुधार ■ गुना

हनुमान टेकरी मेले की तैयारियों को लेकर नगर पालिका ने कमर कस ली है। मेले के शुभारंभ से पहले गुरूवार सुबह नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मेला प्रांगण और उसके आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया गया। स्वच्छता अभियान में नगर पालिका की टीम के साथ भाजपा नेता और पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेजसिंह यादव, टेकरी समिति अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, उपयंत्री नितिन चंदेल, गुलशन जुनेजा सहित स्वच्छता कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, पार्किंग एरिया और मंदिर के पास फैले कचरे को साफ किया। साथ ही कचरे के निस्तारण के लिए अलग-अलग स्थानों पर डस्टबिन भी रखवाए गए।

नपाध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर पेयजल, विद्युत आपूर्ति और साफ-सफाई से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने टेकरी समिति के पदाधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मेला अवधि के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं पर चर्चा की। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए अस्थायी कंट्रोल रूम और सहायता केंद्र की भी स्थापना की जा रही है, जो 24 घंटे कार्यरत रहेगा। नगर पालिका ने फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि दुकानें निर्धारित दूरी पर लगाई जाएं और सुरक्षा मानकों का पूरा पालन हो। दुकानदारों को अग्नि सुरक्षा के जरूरी उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। नपाध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने जनता से अपील की है कि वे मेला क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। खासतौर पर श्रद्धालुओं और दुकानदारों से पॉलिथीन का प्रयोग न करने, कचरा डस्टबिन में डालने और धार्मिक सामग्री जैसे अगरबत्ती, नारियल आदि निर्धारित स्थान पर ही रखने का अनुरोध किया गया है। मेले में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए नगर पालिका हर स्तर पर तैयारियों में जुटी है, ताकि सभी को एक सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण मिल सके।

# उत्साह के साथ मना भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक

### जिलेभर में निकले भव्य जुलूस, विश्वशांति के लिए की शांतिधारा



सत्ता सुधार ■ गुना

जैन आगम के 24 वें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की जन्म कल्याणक महामहोत्सव गुरूवार को बड़े ही हर्षोल्लास से आर्यिका मां प्रशम मति माताजी एवं उपशम मति माताजी के सानिध्य में मनाया गया। इस मौके पर भगवान महावीर स्वामी का जियो और जीने दो, सत्य-अहिंसा का संदेश देते हुए चौधरी मोहल्ला पार्श्वनाथ मंदिर से प्रभात फेरी शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। तत्पश्चात नगर के सभी जैन मंदिरों पर सामूहिक अभिषेक, शांतिधारा, पूजन हुई। 8 बजे श्रीजी की शोभायात्रा पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर से आरंभ हुई। जिसमें सबसे आगे धर्म ध्वजा लेकर युवा चल रहे थे। वहीं पीछे धार्मिक भजनों के साथ बैंड, धवल गणवेश में पंक्तिबद्ध पाठशाला के भैया-बहन चल रहे थे। उसके पीछे आर्यिका संघ एवं श्रावक चल रहे थे। जुलूस में रजत पालकी में भगवान को विराजमान किया गया। वहीं विभिन्न महिला संगठन पालकियों में प्राचीन ग्रंथ लेकर चल रही थी। इस मौके पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी। महावीर जयंती का जुलूस नीचला बाजार, सदर बाजार, जयस्तंभ चौराहा, लक्ष्मीगंज, नईसड़क, पंडाजी चौराहा होते हुए पुनः पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा। जुलूस के दौरान जयस्तंभ चौराहे पर यातायात प्रभावित न हो, इसलिए जुलूस का लक्ष्मीनारायण मंदिर गली से लक्ष्मीगंज निकाला गया। वहीं बड़ा जैन मंदिर पर आर्यिका माताजी के सानिध्य में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं फूलमाला हुई। विभिन्न इंद्र बने श्रद्धालुओं ने भगवान का सामूहिक अभिषेक किया। वहीं विश्व शांति की कामना से भगवान की शांतिधारा हुई।

वहीं दोपहर मेंगौ शाला में गायों के लिए रोटी हरि घास खिलाई गई। जबकि शाम को वीर शासन ग्रुप द्वारा वृद्धाश्रम में भोजन फल कपड़े वितरण किए गए। शाम को 64 दीपकों से भक्ति आराधना हुई। गुना के अलावा राघौगढ़, बीनागंज, कुंभराज, बजरंगगढ़, म्याना, जामनेर सहित अंचलभर में महावीर जयंती के जुलूस निकाले गए।

### आरोन में भक्ति भाव से मनाई गई महावीर जयंती

जैन धर्म के 24 वे तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती नगर में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर जैन समाज द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। जोकि बड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ। जिसमें जिनेंद्र भगवान की प्रतिमा को एक स्वर्ण पालकी में विराजमान करके शोभायात्रा के रूप में नगर भ्रमण कराया गया। यह जुलूस नगर के विभिन्न मार्गो पारसनाथ जैन मंदिर, सदर बाजार, पुराना चौराहा, गुलाबगंज होते हुए मुख्य बाजार स्थित शांतिनाथ जैन मंदिर पहुंचा।

### शुक्रवार को यहां रहेगी बिजली गुल

**गुना।** मेंटीनेंस के चलते शुक्रवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। प्रबंधक कैंट जोन विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार नवीन ट्रांसफार्मर कार्य के चलते 10 अप्रैल को दोपहर 02ः30 बजे से सांय 4 बजे तक जिससे दलवी कॉलोनी, न्यूसिटी कॉलोनी, नई मण्डी, एलआईसी ऑफिस, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गायत्री मंदिर आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती के समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाया भी जा सकता है।

# ग्राम कंजा में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत कलश पूजन एवं भूमि पूजन संपन्न

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने दी वृक्षारोपण के लिए तीन सूत्रीय योजना

सत्ता सुधार ■ गुना



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत पुरैनी अंतर्गत ग्राम कंजा में स्थित कूनो नदी के उद्गम स्थल पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में सहभागिता करते हुए कलश पूजन कर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर यात्रा निकाली और मंत्री श्री पटेल का स्वागत किया। मंत्री जी ने सभी बालिकाओं का तिलक कर आशीर्वाद स्वरूप उनके चरण स्पर्श किए। इसके पश्चात उन्होंने कूनो नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद करते हुए इस स्थान के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी ली। उद्गम स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन एवं भूमि पूजन किया गया, जिसमें आवन गुरुकुल के आचार्य एवं छात्रों ने मंत्रोच्चार किया। कार्यक्रम में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द धाकड़, कलेक्टर किशोर कन्याल, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, एसडीएम शिवानी पांडे, जनपद पंचायत सीईओ गौरव खरे सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।


**महिला स्व-सहायता समूहों की प्रदर्शनी को मिला प्रोत्साहन-** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा उत्पादों की खरीदारी की गई, जिससे समूहों को आर्थिक प्रोत्साहन प्राप्त हुआ।

### वृक्षारोपण के लिए समर्पित दृष्टिकोण रखें

अपने उद्बोधन में मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नदियां सदियों से समाज की जल आवश्यकताओं को पूरा करती आ रही हैं। उन्होंने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें ऐसे पौधे लगाने चाहिए जो भू-जल स्तर बनाए रखने में सहायक हों। उन्होंने वृक्षारोपण हेतु तीन प्रमुख बातों पर बल दिया। पौधों की तार फेंसिंग द्वारा सुरक्षा, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करना एवं उपयुक्त स्थान का चयन। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने कलेक्टर को सुझाव दिया कि, ऐसी शासकीय भूमि का चयन किया जाए जहाँ पौधे सुरक्षित रूप से पनप सकें और एक दिन विशाल वृक्ष बन सकें।

# मौत का प्लॉटः पार्किंग विवाद में मामा की पत्थरों से पीट-पीटकर हत्या

### कैंट इलाके में रिश्तों का कत्ल, मामूली विवाद ने ली जान





सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के कैंट क्षेत्र में रिश्तों का खून कर देने वाला दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। मामूली विवाद ने देखते ही देखते खूनी रूप ले लिया और मामा-भांजे के बीच शुरू हुई कहासुनी ने एक जान ले ली। दरअसल बुधवार रात दर्जी मोहल्ले में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब गाड़ी पार्किंग को लेकर शुरू हुआ विवाद हत्या में तब्दील हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 47 वर्षीय गोविंद नामदेव, जो पानी पुरी का ठेला लगाकर अपने परिवार का पेट पालते थे, रोज़ की तरह बुधवार को भी काम खत्म कर अपने घर लौटे थे। रात करीब 10ः30 बजे वह घर के बाहर कुर्सी पर बैठे थे, जब उनके ही भांजे वहां आ धमके और बातों-बातों में बहस शुरू हो गई। बहाना था एक खाली प्लॉट, जिसे लेकर अक्सर विवाद होता रहा था।

प्लॉट में गाड़ी खड़ी करने को लेकर शुरू हुई तू-तू मैं-मैं कुछ ही मिनटों में मारपीट में बदल गई। आरोप है कि भांजों ने पहले गाली-गलौज की और फिर अचानक पत्थरों से गोविंद पर हमला बोल दिया। जोरदार वारों से वह लहूलुहान होकर ज़मीन पर गिर पड़े। मोहल्ले में शोर मच गया, लोग दौड़कर पहुंचे तो हमलावर फरार हो चुके थे। परिवार वाले गोविंद को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां उनकी हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उन्हें भोपाल रेफर कर दिया। लेकिन जिंदगी और मौत की इस लड़ाई में गोविंद हार गए। रास्ते में ही उनकी सांसें थम गई। गुरुवार सुबह शव को जिला अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के बेटे ने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने हमले के आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है। इस वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पड़ोसियों का कहना है कि प्लॉट को लेकर विवाद पहले भी कई बार हो चुका था, लेकिन किसी ने सोचा नहीं था कि बात इतनी आगे बढ़ जाएगी। परिजनों के अनुसार, हमलावर पहले से रंजिश पाले बैठे थे और मौका देखकर हमला कर दिया। फिलहाल थाना कैंट पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।


## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं. सहा. मं.अभि./ए-7/ दिनांकः 07.04.2025

**नीलामी सूचना**

**सहायक मंडल अभियन्ता 'अनु.' ललितपुर के उपमंडल में खजराहा-बिजौली तीसरी लाइन में किमी0 1114/29ए-1115/11ए के मध्य में 54 नं0 पेड़ों की ऊँचाई अधिक होने के कारण ओ.एच.ई. तार पर गिरने की संभावना होने वाले वृक्षों की नीलामी दिनांक 21.04.2025 को होने के सम्बन्ध में।**
(1) वरि0 खण्ड अभियन्ता / रेल पथ / दक्षिण / झॉसी के कार्यालय का पत्रांक JHS / S / Mis दिनांक 13.03.2024, (2) प्रभागीय वनाधिकारी, झॉसी वन प्रभाग, झॉसी के कार्यालय का पत्रांक 3656 / 37-1 दिनांक 01.05.2024

| | |
|---|---|
| **अनुमानित पेड़ो की संख्याः** 54 नग | **नीलामी की तिथि एवं समयः** दि. 21.04.2025 11:00 पूर्वाहन |
| **अग्रिम धनराशि :** 15061/- | **सामग्री हटाने की अवधिः 30 दिन** |

**स्टॉक होल्डरः** इंचार्ज वरि0 खण्ड अभियन्ता/दक्षिण/रेलपथ/झॉंसी

**जिसके द्वारा नीलामी की जानी हैः** श्री अनूप सिंह, सहा0 मंडल अभि0 / अनु0 /ललितपुर

**नीलामी का स्थानःसहायक मंडल अभियन्ता (अनु0) ललितपुर के कार्यालय में ।**

**नीलामी किये जाने वाले पेड़ो का विवरण निम्नवत हैः-**

| क्रम सं. | पेड़ो की प्रजाति | गोलाई (मी0 में) | व्यास वर्ग | मूल्यांकन राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूकेलिप्टिस | 2.20 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 2 | यूकेलिप्टिस | 2.00 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 3 | यूकेलिप्टिस | 1.3 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 4 | यूकेलिप्टिस | 1.5 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 5 | यूकेलिप्टिस | 1.5 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 6 | यूकेलिप्टिस | 1.75 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 7 | यूकेलिप्टिस | 0.95 | 30-35 | 1641.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 8 | यूकेलिप्टिस | 1.75 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 9 | यूकेलिप्टिस | 1.5 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 10 | यूकेलिप्टिस | 1.3 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 11 | यूकेलिप्टिस | 1.7 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 12 | यूकेलिप्टिस | 1.9 | 6 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 13 | यूकेलिप्टिस | 0.85 | 25-30 | 1158.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 14 | यूकेलिप्टिस | 1.9 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 15 | यूकेलिप्टिस | 1.4 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 16 | यूकेलिप्टिस | 1.4 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 17 | यूकेलिप्टिस | 1.45 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 18 | यूकेलिप्टिस | 1.7 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 19 | यूकेलिप्टिस | 1.6 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 20 | यूकेलिप्टिस | 1.7 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 21 | यूकेलिप्टिस | 1.5 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 22 | यूकेलिप्टिस | 1.65 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 23 | यूकेलिप्टिस | 1.25 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 24 | यूकेलिप्टिस | 1.5 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 25 | यूकेलिप्टिस | 1.3 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 26 | यूकेलिप्टिस | 1.35 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 27 | यूकेलिप्टिस | 1.3 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 28 | यूकेलिप्टिस | 2.25 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 29 | यूकेलिप्टिस | 1.7 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 30 | यूकेलिप्टिस | 1.45 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 31 | यूकेलिप्टिस | 1.2 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 32 | यूकेलिप्टिस | 1.8 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 33 | यूकेलिप्टिस | 1.45 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 34 | यूकेलिप्टिस | 2.5 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 35 | यूकेलिप्टिस | 1.65 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 36 | यूकेलिप्टिस | 1.75 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 37 | यूकेलिप्टिस | 1.80 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 38 | यूकेलिप्टिस | 1.3 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 39 | यूकेलिप्टिस | 1.75 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 40 | यूकेलिप्टिस | 1.2 | 40 से अधिक | 3281.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 41 | गुरार | 1.25 | 4-5 | 1737.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 42 | गुरार | 2.10 | 6 से अधिक | 4825.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 43 | गुरार | 1.8 | 5-6 | 2702.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 44 | गुरार | 1.5 | 4-5 | 1737.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 45 | गुरार | 1.6 | 5-6 | 2702.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 46 | गुरार | 1.25 | 4-5 | 1737.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 47 | गुरार | 1.2 | 3-4 | 772.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 48 | गुरार | 1.35 | 4-5 | 1737.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 49 | गुरार | 1.85 | 6 से अधिक | 4825.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 50 | गुरार | 1.8 | 5-6 | 2702.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 51 | गुरार | 1.65 | 5-6 | 2702.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 52 | गुरार | 2.00 | 6 से अधिक | 4825.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 53 | शीशम | 1.35 | 4-5 | 10808.00 | हरे व मौके पर खड़े |
| 54 | शीशम | 1.2 | 3-4 | 4439.00 | हरे व मौके पर खड़े |

**( कुल 54 वृक्षो की मूल्यांकन धनराशि - 150610.00)**

**यूकेलिप्टिस के 40 वृक्ष योग्य की श्रेणी में है जिनका अनुसूचित दर से मूल्य- 127477.00, गुरार एवं शीशम के वृक्षों का मूल्य- 46250.00, जो अयोग्य की श्रेणी में है उनका मूल्यांकन 50 प्रतिशत किया गया। 46250/2-23125.00,** सहायक मंडल अभियन्ता / अनु0 / ललितपुर के द्वारा अधिकतम बोली बोलने वाले के प्रस्ताव को विचार कर स्वीकार किया जायेगा, नीलामी की बोली का 50 प्रतिशत रकम तुरन्त जमा करना होगा, शेष धनराशि 10 दिनो के अन्दर जमा करनी होगी। बोली बोलने वाले किसी भी कार्य दिवस में नीलामी तिथि के पहले वरि0 खण्ड अभियन्ता / रेल पथ / दक्षिण / झॉसी मोबाइल नं0 **9794838256** से मिलकर पेड़ो का निरीक्षण कर सकते है। **नीलामी की शर्ते :-** 1.नीलामी वरि0 मंडल अभियन्ता / मध्य / झॉसी के द्वारा नामित समिति के द्वारा की जायेगी एवं वरि0 मंडल अभियन्ता / मध्य / झॉसी को अधिकार होगा कि वह किसी भी समय बिना कारण बताये नीलामी को निरस्त कर दें। **2.** सामान्तया सबसे अधिक बोली बोलने वाले को ही पेड़ो की बिक्री की जायेगी परन्तु वरि0 मंडल अभियन्ता / मध्य / झॉसी को अधिकार होगा कि वह किसी भी समय बिना कारण बताये नीलामी को निरस्त कर दें। **3.** नीलामी की जाने वाले पेड़ो का रिजर्व मूल्य **150610 /-** रूपया है, जिसका 10 प्रतिशत 15061/- रूपया नीलामी प्रारम्भ होने के पहले अग्रिम धनराशि बोली लगाने वाले को जमा करनी होगी। **4.** पेड़ो की बिक्री के बाद पेड़ो / लकड़ी की सुरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी खरीददार की होगी। **5.** किसी भी विवाद की स्थिति मे अन्तिम निर्णय वरि0 मंडल अभियन्ता / मध्य / झांसी द्वारा किया गया निर्णय अन्तिम होगा। यह किसी भी न्यायालय में दावा नही किया जा सकेगा। **6.** पेड़ो की बिक्री रेलवे द्वारा निर्धारित रिजर्व राशि से कम नही की जायेगी। **7.** पेड़ो को काटने एवं बाहर ले जाने की वन विभाग से अनुमति स्वयं खरीददार द्वारा ली जायेगी। **8.** बोली बोलने वाली फर्म का वन विभाग में पंजीकरण, आयकर, पेनकार्ड एवं यू0पी0 वैट पंजीकरण तथा चरित्र पत्र आदि की सत्यापित छायाप्रति भी संलग्न करना होगा। **9.** पेड़ो की बिकी जहॉ है जैसे है के आधार पर की जायेगी एवं पेड़ो को जड़ सहित निकालने की जिम्मेदारी खरीददार की होगी। **10.** पेड़ो की टहनी एवं पत्तो आदि भी खरीददार को स्थल से साफ करनी होगी। **11.** प्रतिबन्धित प्रजाति के पेड़ो की कटाई के लिये 200 /- प्रति पेड़ तथा कटान के लिये 100/- प्रति पेड़ की ई- रसीद का भुगतान भी खरीददार द्वारा वन विभाग को किया जायेगा। **12.** पातन शुल्क का निर्धारण प्रभागीय वनाधिकारी, झॉसी द्वारा किया जायेगा। पातन शुल्क जमा करने के उपरान्त ही पेड़ो का पातन सुनिश्चित किया जायेगा ।

**626/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

**गाड़ी संख्याः 05636/05635 गुवाहाटी - श्री गंगानगर विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 05636 गुवाहाटी - श्री गंगानगर | | | गाड़ी सं. 05635 श्री गंगानगर - गुवाहाटी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ------- | 18:15 | गुवाहाटी | 00:25 | ------- |
| 04:05 | 04:10 | कानपुर सेन्ट्रल | 12:25 | 12:30 |
| 10:50 | 10:55 | मथुरा जं. | 04:40 | 04:45 |
| 03:30 | ------- | श्री गंगानगर | ------- | 13:20 |

**गुवाहाटी सेः** गाड़ी सं. 05636, प्रत्येक बुधवार दिनांक- 21.05.2025 से 26.06.2025,
**श्री गंगानगर सेः** गाड़ी सं. 05635, प्रत्येक रविवार दिनांक- 25.05.2025 से 29.06.2025
**गाड़ी संरचनाः** स्लीपर श्रेणीः 18

**गाड़ी संख्याः 01705/01706 जबलपुर- हरिद्वार विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 01705 जबलपुर- हरिद्वार | | | गाड़ी सं.01706 हरिद्वार - जबलपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ------- | 15:45 | जबलपुर | 17:50 | ------- |
| 22:36 | 22:38 | ललितपुर | 10:58 | 11:00 |
| 00:05 | 00:10 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 09:55 | 10:00 |
| 03:00 | 03:05 | ग्वालियर जं. | 07:50 | 07:55 |
| 04:50 | 04:55 | आगरा छावनी | 05:15 | 05:20 |
| 07:10 | 07:12 | अलीगढ़ | 02:18 | 02:20 |
| 08:00 | 08:02 | खुर्जा | 01:30 | 01:32 |
| 13:50 | ------- | हरिद्वार | ------- | 17:40 |

**जबलपुर सेः** गाड़ी सं. 01705, प्रत्येक बुधवार दिनांक- 16.04.2025 से 25.06.2025,
**हरिद्वार सेः** गाड़ी सं. 01706, प्रत्येक गुरूवार दिनांक- 17.04.2025 से 26.06.2025
**गाड़ी संरचनाः** स्लीपर श्रेणीः 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणीः 05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणीः 02

नोट– ट्रेनों की समय–सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in **642/25(DG)**



# पुराने कपड़ों का ये उपयोग आपने सोचा भी ना होगा

हैंगर से सालों से नहीं उतारी गई टी-शर्ट हो या शर्ट, अब आप उसे नहीं पहनती हैं तो उसे तकिये का कवर बनाने के बारे में सोचिए। ऐसा ही कुछ करने वाली हाउस वाइफ स्वाति बताती हैं, ऐसे कपड़ों से आयताकार या चौकोर कपड़ा अलग काट लीजिए। इससे पिलो कवर बनाकर पुराने किसी तकिए पर चढ़ा सकती हैं। इसके अलावा इसी कपड़े से सीधे तकिया बनाइए और उसमें रुई की जगह पुराने मोजे या ऐसे ही दूसरे कपड़े भर दीजिए, जो अब इस्तेमाल हो ही नहीं सकते। और हां, शर्ट की पॉकेट से आप तकिए की सजावट कर सकती हैं।

## चेयर कवर बनेंगे खूबसूरत

बहुत से ऐसे कपड़े होते हैं जिनमें सुंदर पैच लगा होता है या फिर लेस। कपड़े पर कोई ऐसा डिजाइन बना होता है, जिससे आसानी से किसी कपड़े को सजाया जा सकता है। जैसे किसी पुरानी साड़ी पर लगे पैच चेयर कवर पर सिले जा सकते हैं। वहीं किसी ड्रेस में लगी लेस पर्दों की सुंदरता बढ़ा सकती है। इसके अलावा बच्चों के कपड़ों पर बने टैडीबियर चादर की शोभा बन सकते हैं।

## मोटे मैटीरियल वाले कपड़े बनेंगे बैग

पुरानी कार्गो पैंट्स याद हैं, जो सालों से अलमारी के नीचे वाले रैक में यों ही पड़ी है? तो उसे निकालिए और उसके जेब वाले हिस्से को काटकर अलग निकाल लीजिए। पैंट का बाकी का कपड़ा बैग की बेल्ट में काम आएगा। और हां, पैंट का ऊपर का हिस्सा शॉर्ट्स के तौर पर काम आ जाएगा। नेहा ने यही किया था। वो बताती हैं, जेब वाले हिस्से पर बेल्ट लगाकर इससे बॉडी क्रॉस बैग बनाया जा सकता है। बैग कुछ अलग तरीकों से भी बनाया जा सकता है। जैसे जींस की पुरानी स्कर्ट को काटकर अपनी पसंदीदा शेप का बैग बनाइए। इससे जितना बड़ा बैग बनाना है, उतना कपड़ा काट लीजिए और उसे फोल्ड करके सिल लीजिए। इस पर दूसरे पुराने कपड़ों से डिजाइन निकालकर उसे पैचवर्क के तौर पर इस्तेमाल कर बैग को और सुंदर भी बनाया जा सकता है।

## बच्चों के कपड़ों से बनाएं रजाई कवर

पेशे से टीचर प्रज्ञा पुराने कपड़ों से खूबसूरत रजाई बनाने का सुझाव देती हैं, 'मैंने अपने बेटे और पति की 25 पुरानी शर्ट से रजाई कवर बनाई थी। घर के पुराने कपड़ों का इससे अच्छा इस्तेमाल तो हो ही नहीं सकता।' नन्हे बच्चों के सुंदर कपड़ों से भी यह कमाल किया जा सकता है। बस सभी कपड़ों से एक साइज के पीस काट लीजिए। फिर इन्हें आपस में सिलकर प्यारा-सा रजाई कवर बना लीजिए।





# प्रेग्नेंसी में करें इन मेकअप प्रोडक्ट्स से परहेज

संयम, सतर्कता और परहेजग़र्भावस्था के उपनाम जैसे हैं। गर्भावस्था के नौ माह के दौरान खानपान से लेकर व्यायाम और उठने-बैठने के तौर-तरीकों में भी खास सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। पर, एक और चीज है जिससे गर्भावस्था के दौरान आपको दूर रहना चाहिए और वह है, मेकअप और ब्यूटी प्रोडक्ट्स। इसका कारण यह है कि आमतौर पर इसे बनाने में कई बार ऐसी चीजों का इस्तेमाल किया जाता है, जो आपकी त्वचा से अंदर जाकर आपके अजन्मे बच्चे को नुकसान पहुंचा सकता है। इसी वजह से गर्भावस्था के दौरान अधिक खुशबू वाले मॉइस्चराइजर, डिओडरेंट आदि का इस्तेमाल करने से बचने की सलाह दी जाती है। इनके अलावा बहुत सारे ऐसे सौंदर्य प्रसाधन हैं, जिनका इस्तेमाल गर्भावस्था के समय नहीं करना चाहिए:

## दूर रहें एंटी एजिंग क्रीम से

चेहरे की सुंदरता को बढ़ाने का दावा करने वाले एंटी एजिंग और दाग-धब्बे हटाने वाली क्रीम का इस्तेमाल प्रेग्नेंसी के दौरान बिल्कुल भी ना करें। इस तरह की क्रीम में रेटिनोइड्स नामक सामग्री मिलायी जाती है, जिसे त्वचा में विटामिन ए की कमी को पूरा करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह भ्रूण के लिए हानिकारक हो सकता है। गर्भावस्था के दौरान जिस क्रीम में रेटिन-ए, रेनोवा, डिफरिन, टेजोरेक जैसे तत्व हों उनका इस्तेमाल बिलकुल भी ना करें। हालांकि अभी तक यह साबित नहीं हुआ है कि रेटिनोइड्स की वजह से बच्चे के जन्म में कोई दिक्कत होती है, लेकिन यह सच है कि गर्भावस्था के दौरान कॉस्मेटिक्स के माध्यम से शरीर में होने वाली विटामिन ए की अधिकता हानिकारक होती है।

## एक्ने क्रीम के इस्तेमाल से करें परहेज

आप मां बनने वाली हैं और उस दौरान आपके चेहरे पर पिंपल्स हो गये हों, तो उन्हें हटाने के लिए एक्ने क्रीम का इस्तेमाल ना करें अन्यथा इसकी वजह से आपके अजन्मे बच्चे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। कुछ कंपनियां एक्ने क्रीम बनाते समय उसमें सैलिसिलिक एसिड का प्रयोग करती हैं, जिसे गर्भावस्था के दौरान इस्तेमाल न करने की सलाह दी जाती है। बहुत सारे सर्वेक्षणों में यह बात सामने आई है कि गर्भावस्था के समय चेहरे पर बहुत ज्यादा मात्रा में सैलिसिलिक एसिड और रेटिनोइड्स युक्त क्रीम का इस्तेमाल करने से जन्म के बाद बच्चे में बहुत सारी स्वास्थ्य समस्याएं देखने को मिलती हैं।

## तेज खुशबू के इस्तेमाल से बचें


गर्भावस्था के समय तेज खुशबू वाले डिओडरेंट, परफ्यूम और बॉडी लोशन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इन्हें बनाने में कुछ ऐसे केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है,जो गर्भ में पल रहे बच्चे को भविष्य में गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकती हैं। एक शोध में यह भी पाया गया है कि गर्भावस्था के आठवें से लेकर बारहवें सप्ताह के बीच ज्यादा खुशबू वाले कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल करने से गर्भ में पल रहे लड़के को बड़े होने पर नपुंसकता का शिकार होना पड़ सकता है।

## हेयर रिमूविंग क्रीम भी नहीं सुरक्षित

हालांकि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि गर्भावस्था के दौरान हेयर रिमूविंग क्रीम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, लेकिन इसे बनाने में कुछ मात्रा में थियोजिकॉलिक एसिड का इस्तेमाल किया जाता है, जो कि गर्भावस्था में हानिकारक साबित हो सकती है। गर्भावस्था के दौरान शरीर में कई किस्म के हार्मोनल परिवर्तन होते हैं, जिसकी वजह से कैमिकल युक्त हेयर रिमूविंग क्रीम का इस्तेमाल करने से त्वचा पर एलर्जी भी हो सकती है और क्रीम भ्रूण तक जाकर उसे नुकसान भी पहुंचा सकती है।

## नेल केयर उत्पाद भी डालते हैं असर

गर्भावस्था के दौरान किसी भी तरह के नेल केयर उत्पाद का इस्तेमाल ना करें। इसके अंदर मौजूद जहरीले पदार्थ आपके भ्रूण को नुकसान पहुंचा सकते हैं। नेल पॉलिश को नाखून पर टिकाए रखने के लिए कुछ बेहद खुशबू वाले केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। यह खुशबू गर्भ में पल रहे बच्चे को नुकसान पहुंचा सकती है। इसी तरह इस दौरान नेल पॉलिश को हटाने वाले थिनर का भी इस्तेमाल न करें। हाल ही में हुए सर्वेक्षणों में पाया गया है कि नेल केयर उत्पादों के निर्माण से जुड़ी कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा। कई महिलाओं के भ्रूण का विकास धीमा रहा तो कुछ मामलों में जन्म के बाद भी बच्चे के विकास की गति धीमी पाई गई।



## गोरा होने वाली क्रीम को कहें ना

चेहरे और त्वचा को गोरा बनाने वाली क्रीम में हाइड्रोक्यूनोन नामक केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। यह शरीर के एंजाइम को नियंत्रित करके त्वचा को ब्लीच करती है। यह क्रीम 35 से 45 प्रतिशत तक शरीर के अंदर समा जाती है, जो कि बच्चे के पूर्ण विकास को बाधित करती है।





# शानदार फर्नीचर से खिलेगी घर की खूबसूरती

घर की सजावट में सोफे, टेबल, कुर्सियां आदि तो जरूरी होती ही हैं, पर्दे, कुशन, कार्पेट भी महत्वपूर्ण होते हैं। नया घर हो या त्योहारों पर पुराने घर की सजावट की बात हो, घर के डेकोरेशन से संबंधित फर्नीचर-परदे वगैरह खरीदना आसान काम नहीं है। बाजार में एक ही चीज के कई स्टाइल और ब्रांड मौजूद हैं। ये सभी आइटम महंगे भी होते हैं, इसलिए इन्हें आप बार-बार खरीदने के बारे में भी नहीं सोच सकती हैं। होम डेकोर से जुड़े सामान की खरीदारी के दौरान कुछ बातों को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी साबित हो सकता है:

## कुछ रंगों से करें परहेज

सोफा या होम फर्निशिंग की चीजों को चुनते समय एक पहलू जिसका हम खास ध्यान रखते हैं, वह है सजावट के सामान का रंग। किसी खास रंग को चुनने की बजाए ऐसे रंगों का चुनाव करें जो आपके इंटीरियर के रंगों के हिसाब से उसमें घुल-मिल जाए। इससे उन्हें किसी निश्चित जगह पर रखने की बाध्यता नहीं होगी और आप अपनी इच्छा और जरूरत के हिसाब से कहीं भी लगा सकती हैं।

## स्टोरेज के लिए जगह बनाएं

आजकल घरों में सीमित जगह आपसे ज्यादा से ज्यादा स्टोरेज की जगह की मांग करती है। जब भी कोई फर्नीचर चुनें तो इस बात का खास ध्यान रखें। सोफा सेट, बेड यहां तक कि वॉल डेकोरेशन भी ऐसे चुनें कि उनमें स्टोरेज की जगह हो या उन पर कुछ जरूरी चीजें रखी जा सकें। उदाहरण के लिए बेड में ड्राअर हों या शीशे के पीछे एक कैबिनेट हो जहां आप चीजों को रख सकें।

## फर्नीचर हो टिकाऊ

घर की साज-सजावट से जुड़ा सामान सस्ता नहीं होता। होम फर्निशिंग का सारा सामान कीमती होता है, इसलिए किसी भी सामान को खरीदने से पहले उसकी मजबूती जरूर जांच लें। इसका पता लगाने के लिए उसमें इस्तेमाल किए गए मैटीरियल और उसे बनाने वाले ब्रांड का पता कर लें।

## सोफा का चुनाव करें सावधानी से

घर के लिए सोफा का चुनाव करते वक्त भारी-भरकम सात सीट वाला या फिर ग्यारह सीट वाला सोफा चुनने की जगह पांच सीट वाला सोफा चुनें। इससे घर भी भरा-भरा नहीं लगेगा और आपको निकलने की जगह भी आसानी से मिल जाएगी। सोफे का रंग और फैब्रिक भी उसी अनुसार लें। जैसे कि लेदर सोफा गरमी के मौसम में बहुत गर्म महसूस होता है। छोटे बच्चों वाले घरों में हल्के रंग का फर्नीचर जल्दी गंदा हो जाता है।

## छोटी चीजों में दिखाएं रचनात्मकता

छोटी चीजों से मतलब चादर, तकिया कवर, टेबलक्लॉथ, कुशन कवर आदि से है। रंगों के संबंध में इनका चुनाव करने में आप थोड़ी छूट ले सकती हैं। ये आपको न सिर्फ कम कीमत पर मिलेंगे, बल्कि इनके साथ प्रयोग भी संभव है।

## कलाकृतियों का करें इस्तेमाल

फ्लावर वास, वॉल हैंगिंग्स, पेंटिंग्स, साइड टेबल, वॉल आर्ट पीस आदि घर को कलात्मक लुक देते हैं। ये चीजें देखने वालों का ध्यान साधारण सजावट के सामानों से हटाकर अपनी ओर खींचती हैं। यह जीवनशैली के स्तर को भी दर्शाती हैं, इसलिए इनका चुनाव ध्यानपूर्वक करें।


## बहुरंगी ना हो सजावट

घर की सजावट की चीजों को चुनते वक्त यह जरूरी है कि आप एक तरह की कलर स्कीम का पालन करें। ऐसा नहीं करने पर घर में अलग-अलग रंगों की चीजें हो जाएंगी और आप किसी एक जगह पर अपना ध्यान नहीं रख पाएंगी।

## आकार का रखें ध्यान

बड़े आकार के फर्नीचर देखने में भले ही आकर्षक और दिल को खुश करने वाले लगें, लेकिन आपको अपने घर के लिए छोटे फर्नीचर लेने चाहिए। इन्हें आप आसानी से इधर से उधर सरका सकती हैं साथ ही जरूरत पड़ने पर इनका स्थान भी बदल सकती हैं। साथ ही छोटे फर्नीचर घर को भारी-भरकम लुक से बचाते हैं और सारे फर्नीचर होने के बावजूद घर में खाली जगह पर्याप्त मात्रा में होती है।





# मिर्जा अब्बास अली का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं

साउथ की फिल्मों में अभिनय करने वाले मिर्जा अब्बास अली का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं रहा। एक वक्त था जब उन्होंने ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ स्क्रीन शेयर कर लोगों का दिल जीत लिया था, लेकिन आज वह ग्लैमर की दुनिया से दूर एक सामान्य जीवन जी रहे हैं।

अब्बास अली ने अपने करियर की शुरुआत फैशन मॉडल के तौर पर की थी। दमदार लुक और प्रभावशाली कद-काठी के चलते उन्हें तमिल, तेलुगू, मलयालम और कुछ हिंदी फिल्मों में काम करने का मौका मिला। साल 1996 में फिल्म 'कधल देसम' से उन्होंने डेब्यू किया, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। इसके बाद वह 'कंडुकोंडैन कंडुकोंडैन' में ऐश्वर्या राय, तब्बू और अजित कुमार जैसे बड़े सितारों के साथ नजर आए। उन्होंने शाहरुख खान और कमल हासन की फिल्म 'हे राम' में भी एक छोटा लेकिन अहम किरदार निभाया था। कोलकाता से ताल्लुक रखने वाले मिर्जा तमिल भाषी मुस्लिम परिवार से आते हैं। पहले वह एयरफोर्स में पायलट बनना चाहते थे, लेकिन परीक्षा में सफल न हो पाने के कारण यह सपना अधूरा रह गया। इसके बाद उन्होंने एमबीए किया और मॉडलिंग के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखा। उनके नाना फारुख मिर्जा बंगाली फिल्मों से जुड़े थे और उनका परिवार एक्टर फिरोज खान के परिवार से भी जुड़ा हुआ था।

शुरुआत में अब्बास का करियर शानदार रहा, लेकिन वक्त के साथ फिल्में फ्लॉप होने लगीं और काम मिलना बंद हो गया। आर्थिक तंगी के चलते उन्हें फिल्म इंडस्ट्री छोड़नी पड़ी और वह बेहतर भविष्य की तलाश में न्यूजीलैंड चले गए। वहां उन्होंने पेट्रोल पंप पर काम किया, बाथरूम तक साफ किए और मैकेनिक की नौकरी भी की। एक इंटरव्यू में अब्बास ने बताया कि उन्होंने ये सब कुछ अपने परिवार को बेहतर जीवन देने के लिए किया। आज वह विदेश में एक क्वालिटी एनालिस्ट की नौकरी कर रहे हैं।

# श्रेया गुप्ता ने साउथ इंडस्ट्री में किया था कास्टिंग काउच का सामना

हाल ही में एक्ट्रेस श्रेया गुप्ता ने अपने संघर्ष और अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने साउथ इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का सामना किया था। श्रेया का पालन-पोषण चेन्नई में हुआ और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत तमिल फिल्मों से की थी। फिल्म सिकंदर से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली श्रेया ने बताया कि जब वह अच्छे रोल्स के लिए संघर्ष कर रही थीं, तब चेन्नई में उन्हें कास्टिंग काउच जैसी भयावह स्थिति का सामना करना पड़ा।

एक घटना याद करते हुए कहा कि 2014 में वह एक ऑडिशन के लिए एक डायरेक्टर के ऑफिस गई थीं, जहां डायरेक्टर ने उन्हें अपनी गोद में बैठकर सीन दिखाने को कहा। श्रेया ने बताया कि वह उस वक्त बहुत छोटी थीं और इस बात से बेहद असहज हो गईं। उन्होंने बहाना बनाकर वहां से भाग निकलना ही बेहतर समझा। उस घटना ने उन्हें यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि अगर इतनी पढ़ाई करने के बाद भी इस तरह की स्थितियों का सामना करना पड़ेगा, तो बेहतर है कि वे मुंबई जाकर अपनी किस्मत आजमाएं। मुंबई आने के बाद श्रेया को इस तरह की किसी भी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने बताया कि वह किसी भी कीमत पर अपनी सीमाओं से समझौता नहीं करेंगी, और कोई भी उन्हें अपने फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि साउथ इंडस्ट्री की स्थिति अब पहले से बेहतर हो चुकी है। श्रेया इससे पहले रजनीकांत की फिल्म दरबार, सूर्या की वाराणम आयिरम और मथियाल वेल में काम कर चुकी हैं।

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि सिकंदर में उनका रोल काफी हद तक एडिट कर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद वह खुश हैं कि उन्हें इस फिल्म का हिस्सा बनने का मौका मिला। उन्होंने निर्देशक ए.आर. मुरुगदास का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह उनके करियर के लिए एक बड़ी शुरुआत है। हालांकि, बड़े सितारों के साथ काम करने के बावजूद उन्हें कई बार रिजेक्शन झेलना पड़ा। मुंबई में उन्होंने विज्ञापन, टीवी सीरियल्स समेत कई छोटे प्रोजेक्ट्स किए ताकि खुद को आर्थिक रूप से संभाल सकें।

**डायरेक्टर ने उन्हें अपनी गोद में बैठकर सीन दिखाने को कहा**



# निर्देशक की भूमिका में डेब्यू कर रहे आर्यन खान

बालीवुड सुपर स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान अपने पिता की तरह एक्टर के रूप में नहीं, बल्कि निर्देशक की भूमिका में डेब्यू कर रहे हैं। इस साल उनकी पहली वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड काफी चर्चा में रही है।बीते महीने फरवरी में जब इस सीरीज की पहली झलक सामने आई थी, तब खुद शाहरुख खान भी उसमें नजर आए थे, जिससे फैंस के बीच इसका उत्साह और बढ़ गया था। अब इस बहुप्रतीक्षित सीरीज को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है, जिसके अनुसार बॉबी देओल और राघव जुयाल भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं।



'आश्रम' और 'एनिमल' जैसी हिट फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभा चुके बॉबी देओल और हाल ही में किल में अपने डरावने किरदार से दर्शकों को चौंका देने वाले राघव जुयाल इस बार कुछ नया करने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों इस सीरीज में किसी भी तरह की निगेटिव भूमिका में नहीं नजर आएंगे। सूत्रों के अनुसार, आर्यन खान ने यह फैसला सोच-समझकर और एक रचनात्मक नजरिए से किया है, ताकि इन दोनों अभिनेताओं को उनके अब तक के तयशुदा इमेज से बिल्कुल हटकर पेश किया जा सके।

एक करीबी सूत्र ने बताया कि यह कास्टिंग किसी सरप्राइज एलिमेंट से कम नहीं है। बॉबी और राघव ने हाल के प्रोजेक्ट्स में खलनायकों की भूमिका में काफी दमदार छवि बनाई है, लेकिन आर्यन ने उन्हें ऐसे किरदारों में पेश करने का निर्णय लिया है, जो दर्शकों के लिए एकदम नई और अप्रत्याशित होगी, सूत्र ने बताया। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस शो में दोनों कलाकारों के बीच एक अनोखी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी, जो अब तक किसी भी फिल्म या सीरीज में नहीं दिखी है। शो की घोषणा नेटफ्लिक्स के एक इवेंट के दौरान हुई थी, जहां शाहरुख खान ने बेहद फिल्मी अंदाज़ में इस सीरीज का टाइटल अनाउंस किया था।

# 29वें जन्मदिन को रश्मिका ने खास अंदाज में किया सेलिब्रेट

अपने 29वें जन्मदिन को बालीवुड एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने खास अंदाज में सेलिब्रेट किया। अपनी बर्थडे डायरी सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका ने ओमान की खूबसूरत बीच लोकेशन पर जन्मदिन मनाया और अपनी डायरी के जरिए उन लम्हों को अपने चाहने वालों के साथ साझा किया। उन्होंने नीले रंग की प्रिंटेड ड्रेस पहन रखी थी और खुले बिखरे बालों में बेहद प्यारी लग रही थीं। डायरी की शुरुआत उन्होंने एक खूबसूरत कोट से की - कोई भी उपलब्धि छोटी नहीं होती, इसलिए हर छोटी जीत का जश्न मनाएं। रश्मिका ने आगे लिखा कि कैसे हर छोटी-बड़ी खुशी को सेलिब्रेट करना चाहिए - फिर चाहे वो पॉकेट मनी मिलना हो या शादी, परीक्षा पास करना हो या चोट से उबरकर दोबारा दौड़ना। उन्होंने लिखा, हर चीज का जश्न मनाएं - हर छोटी जीत का्‌ क्योंकि कुछ भी छोटा नहीं होता। अपने जन्मदिन की झलकियों को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि दिन की शुरुआत एक अच्छे लेग वर्कआउट से हुई, फिर सरप्राइज ब्रेकफास्ट मिला। इसके बाद उन्हें आरामदायक मसाज दिया गया, जिसे लेकर उन्होंने मजाक में कहा कि वह 'बेहोश' हो गईं। दिनभर उन्हें दोस्तों से ढेरों प्यार और संदेश मिले, जिनका उन्होंने जवाब देने की कोशिश की। शाम को उनके लिए एक खास सरप्राइज डिनर प्लान किया गया और इस तरह उनका दिन बेहद खूबसूरत तरीके से खत्म हुआ। रश्मिका ने बीच और सूर्यास्त के खूबसूरत नजारों की तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर साझा की थीं और वादा किया था कि वह अगली सुबह अपनी बर्थडे डायरी फैंस के लिए पोस्ट करेंगी। जैसा उन्होंने कहा, उन्होंने वैसा ही किया - और इस ईमानदार और प्यारी झलक ने एक बार फिर साबित कर दिया कि क्यों उन्हें फैंस इतने प्यार से ÷नेशनल क्रश÷ कहते हैं। 'एनिमल' और 'पुष्पा' जैसी हिट फिल्मों की स्टार ने एक वीडियो में खुद के लिए हैप्पी बर्थडे टू राशि गाया और बच्चों जैसी मासूमियत से अपने दिन को जिया।



# फिल्म के सेट से लीक हुआ तमन्ना का डांस वीडियो



लीक हुए फुटेज में तमन्ना हाई-एनर्जी डांस मूव्स करती नजर आ रही हैं जो सुपरहिट सीक्वल में नजर आने वाला है। वायरल भयानी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में हम तमन्ना को आइटम गर्ल की ड्रेस पहने और डांस सीक्वेंस के लिए तैयार होते हुए देख सकते हैं। ट्रेलर में भी उनके आइटम नंबर की झलक दिखाई गई थी। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया, तमन्ना ने आधिकारिक तौर पर रेड 2 में हाई-एनर्जी डांस नंबर के लिए फिल्मांकन शुरू कर दिया है और सेट पर हलचल बहुत ज्यादा है। कवाला और आज की रात की अपार सफलता के बाद इस बार वह स्क्रीन पर क्या लेकर आएंगी, इसे लेकर काफी उत्सुकता है।

**अजय देवगन रेड 2 में अमय पटनायक के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं औरनिर्माताओं ने इसका ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। फिल्म में रितेश देशमुख और वाणी कपूर भी हैं। इस बीच मन्ना भाटिया का एक वीडियो ऑनलाइन लीक हो गया है। इस वीडियो में तमन्ना भाटिया फिल्म के सेट पर अपने डांस की शूटिंग कर रही थी।**

### रितेश देशमुख की हुई फिल्म में एंट्री

रेड की सफलता पर आधारित ये सीक्वल भ्रष्टाचार, शक्ति और गहरी नाटकीय कहानी को और आगे बढ़ाता है। अजय देवगन आयकर अधिकारी अमय पटनायक के रूप में लौटते हैं जो अपने प्रतिद्वंद्वी दादाभाई का सामना करते हैं। जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है। रेड 2 को पहले 15 नवंबर 2024 को रिलीज़ किया जाना था। हालांकि, इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यह 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। ट्रेलर में दो अभिनेताओं के बीच तनावपूर्ण कहानी पेश की गई है जो सस्पेंस से भरी है जो दर्शकों को रोमांचित करती है। यह अजय देवगन की जानी-पहचानी तीव्रता और रितेश देशमुख की एक राजनेता के रूप में नई भूमिका को दर्शाता है। एक सत्ता के भूखे विरोधी के रूप में देशमुख आकर्षण और क्रूरता को संतुलित करता है जिससे वह देवगन के दृढ़ निश्चयी कानूनविद के लिए एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी बन जाता है।

### 2018 में आया था पहला पार्ट और की थी खूब कमाई

डायरेक्टर राज कुमार गुप्ता की फिल्म रेड 2 को इस साल की बड़ी फिल्मों में माना जा रहा है। फिल्म का पहला भाग 2018 में सिनेमाघरों में आया था। यह 1980 के दशक में भारतीय राजस्व सेवा कार्यालय के तहत आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए वास्तविक जीवन के आयकर छापे से प्रेरित था। फिल्म में अजय एक ईमानदार आयकर अधिकारी की भूमिका निभाते हैं जो लखनऊ में एक प्रभावशाली व्यक्ति पर छापा मारता है। फिल्म को आलोचकों से सकारात्मक समीक्षा मिली और यह बॉक्स-ऑफिस पर सफल भी रही। रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। फिल्म को गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ द्वारा प्रस्तुत किया गया है और यह पैनोरमा स्टूडियो द्वारा निर्मित है।

# छोटे प्रशंसकों से प्यार करती नोरा फतेही से जुड़ा वीडियों हुआ वायरल

अभिनेत्री नोरा फतेही से जुड़ा दिल को छू लेने वाला वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीडियों में देख सकते हैं कि छोटे प्रशंसकों की एक समूह ने नोरा को घेर लिया और ढेर सारा प्यार दिया, जिसमें एक प्यारे बच्चे ने उन्हें अपने स्नेह के प्रतीक के रूप में ब्रेसलेट भी गिफ्ट किया है। हंसी, गले लगाना और स्नेक के लिए मासूम सराहना करते हुए, बच्चों की प्रतिक्रियाएं यह याद दिलाने वाली थीं कि नोरा का प्रभाव पीढ़ियों तक गहरी छाप छोड़ता है।नोरा ने अविस्मरणीय याद को साझा करने के लिए अपने सोशल मीडिया का सहारा लिया, और कैप्शन में लिखा ओएमजी मैं सचमुच रो रही हूँ, उनमें से एक ने मुझे एक ब्रेसलेट दिया और उन्हें स्नेक बहुत पसंद आया ! कितना प्यारा पल था... इन खूबसूरत बच्चों ने मेरा साल बना दिया। उनका प्यार और ऊर्जा मुझे जीवन दे रही है ! यह वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा हो रहा है, इसमें प्रशंसक नोरा की दयालुता की सराहना कर रहे हैं और इस पल को प्योर हैप्पीनेस कह रहे हैं। हाल ही में उनकी उपस्थिति ने प्रतिष्ठित वैनिटी फेयर ऑस्कर आफ्टर-पार्टी में लोगों का ध्यान खींचा और सुर्खियाँ बटोरीं, जिससे वह हॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं। इस बीच, जेसन डेरुलो के साथ उनके धमाकेदार नए ट्रैक स्नेक ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है, जिसे 120 मिलियन से ज़्यादा बार देखा जा चुका है। नोरा ने अपनी नवीनतम रिलीज़ बी हैप्पी के साथ भी एक अमिट छाप छोड़ी है।





# शिवाजी साटम ने सीआईडी को अलविदा कहा



छोटे परदे का लोकप्रिय शो सीआईडी में 27 साल तक प्रतिष्ठित एसीपी प्रद्युम्न की भूमिका निभाने वाले शिवाजी साटम ने शो से विदाई ले ली है। सोशल मीडिया पर सोनी टीवी ने एक इमोशनल श्रद्धांजलि पोस्ट साझा करते हुए इसे एक युग का अंत बताया, जिससे लाखों प्रशंसकों के दिल टूट गए। शिवाजी साटम का किरदार केवल एक टीवी कैरेक्टर नहीं था, बल्कि वह भारतीय दर्शकों के लिए न्याय, निडरता और ईमानदारी का प्रतीक बन गया था। दया, दरवाजा तोड़ दो जैसी पंक्तियाँ और उनके चेहरे की गंभीरता आज भी दर्शकों की यादों में ताजा हैं। साटम ने दो दशकों से अधिक इस भूमिका को निभाकर इसे टीवी इतिहास में अमर बना दिया। हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में, एसीपी प्रद्युम्न को एक अपराधी का पीछा करते हुए बम विस्फोट में फंसते दिखाया गया था। हालांकि दृश्य में उनकी मौत को सीधे तौर पर नहीं दिखाया गया, लेकिन चैनल द्वारा साझा की गई श्रद्धांजलि से स्पष्ट हो गया कि यह किरदार अब आगे नहीं लौटेगा। इस खबर ने दर्शकों को गहरी भावनात्मक प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है - किसी ने इसे विरासत का अंत कहा, तो किसी ने इस विदाई को अन्यायपूर्ण बताया। शिवाजी साटम ने एक इंटरव्यू में स्पष्ट किया कि वह फिलहाल शूटिंग नहीं कर रहे और एक ब्रेक पर हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अगर उनका ट्रैक समाप्त कर दिया गया है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है और उन्होंने इसके साथ शांति बना ली है।

# रहस्यमयी आत्मा की भूमिका निभा रही हैं मौनी रॉय

छोटे परदे के लोकप्रिय शो नागिन सीरीज में इच्छाधारी नागिन के रूप में एक्ट्रेस मौनी रॉय की पहचान घर-घर में बनी और फिर ब्रह्मास्त्र में नकारात्मक किरदार जुनून ने उन्हें बॉलीवुड में एक अलग मुकाम दिया। अब वह द भूतनी में मोहब्बत नाम की रहस्यमयी आत्मा की भूमिका निभा रही हैं, जिसमें वह पहली बार अभिनेता संजय दत्त के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। संजय इस फिल्म में एक भूत-भगाने वाले की भूमिका में हैं। फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होते ही लोगों की उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है। ट्रेलर में मौनी की मौजूदगी और उनका भूतनी के रूप में लुक काफी प्रभावशाली नजर आता है। वहीं संजय दत्त का किरदार हास्य और रहस्य से भरा हुआ है, जो फिल्म को एक अलग ही रंग देता है।

मौनी के किरदार की बात करें तो यह उनका तीसरा बड़ा सुपरनैचुरल रोल है, लेकिन हर बार वह ऐसे पात्रों को एक नई पहचान देती हैं। यही वजह है कि दर्शक उनसे जुड़े रहते हैं और उनकी परफॉर्मेंस को सराहते हैं। फिल्म द भूतनी एक हॉरर-रोमांटिक-कॉमेडी है जो इस समय बॉलीवुड में चल रहे ट्रेंड के साथ पूरी तरह मेल खाती है। भारत जैसे देश में जहां लोककथाओं, रहस्यमयी कहानियों और अंधविश्वास का गहरा प्रभाव है, वहां ऐसी फिल्में दर्शकों के दिल से जुड़ जाती हैं। यही फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण है। मौनी के साथ इस फिल्म में सनी सिंह, पलक तिवारी, आसिफ खान और डिजिटल क्रिएटर बेयूनिक भी नजर आएंगे। द भूतनी 18 अप्रैल को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। इस फिल्म के बाद मौनी निर्देशक फारुक कबीर की अगली फिल्म सलाकार में नजर आएंगी, जिसमें उनका किरदार बिल्कुल अलग और स्टाइलिश अवतार में देखने को मिलेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### मध्यप्रदेश के राज्यपाल का जिले में आगमन 11 अप्रैल को



**अशोक नगर।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 11 अप्रैल 2025 को अशोकनगर जिले की तहसील ईसागढ़ की ग्राम पंचायत आनंदपुर स्थित श्री आनंदपुर धाम आयेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री पटेल 11 अप्रैल को दोपहर 12.55 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 01.45 बजे ईसागढ़ हेलीपेड आयेगें। दोपहर 01.45 बजे से दोपहर 03.05 बजे तक ग्रीन रूम ईसागढ़ हेलीपेड में आरक्षित रहेगा। दोपहर 03.05 बजे से दोपहर 03.10 बजे तक प्रधानमंत्री जी का स्वागत करेगें,दोपहर 03.10 से अपरान्ह 5.10 बजे तक माननीय प्रधानमंत्री के साथ स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें। तत्पश्चात अपरान्ह 05.45 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेगें।

### मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज आयेगें श्री आनंदपुर धाम



**अशोक नगर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 11 अप्रैल 2025 को अशोकनगर जिले की तहसील ईसागढ़ की ग्राम पंचायत आनंदपुर स्थित श्री आनंदपुर धाम आयेगें। जारी कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री डॉ.यादव 11 अप्रैल को दोपहर 01.05 बजे भोपाल से हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 02 बजे आनंदपुर ट्रस्ट हेलीपेड आयेगें। मुख्यमंत्री डॉ.यादव दोपहर 03.05 बजे माननीय प्रधानमंत्री जी का हेलीपेड आनंदपुर ट्रस्ट परिसर आगमन और स्वागत करेगें एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के साथ स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें।

### आदर्श ग्राम गुपलिया में संचालित नर्सरी का किया निरीक्षण



**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मुंगावली की आदर्श ग्राम गुपलिया में संचालित नर्सरी का निरीक्षण जिला समन्वयक अनीता जाटव द्वारा किया गया । नर्सरी में क्यारियो में सुरजना आदि का बीज रोपण किया गया और जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई इस अवसर पर विकासखंड की नवांकुर संस्थाओं से राकेश चौबे शेर सिंह यादव अरविंद शर्मा कृष्ण पाल सिंह यादव व बीएसडब्ल्यू छात्र किरण यादव सुमित यादव अमित अहिरवार महेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे ।

# नगर में चल रहे आनलाइन सट्टा, आईपीएल वेटिंग सेशन की रोक थाम हेतु ज्ञापन सौंपा

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर






नगर में चल रहे ऑनलाइन सट्टा,आईपीएल वेटिंग सेशन की रोकथाम की मांग को लेकर गुरुवार को सर्व समाज द्वारा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। सर्व समाज प्रतिनिधि रघुवीर कुशवाहा द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि अशोकनगर का मुख्य सरगना आजाद खां द्वारा हजारों युवाओं का जीवन बर्बाद कर दिया गया है। अवैध सट्टा,जुआ, स्मैक से युवा बर्बाद होकर आत्महत्या कर रहे हैं, और उनके परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो रहे हैं। इस हेतु सर्व समाज की तरफ से ज्ञापन देकर मांग की गई है, कि एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं की गई तो सर्व समाज मिलकर आंदोलन करेगा। जिसमें धरना प्रदर्शन बाजार बंद चक्का जाम आदि किया जाएगा। जिसमें कोई भी जनहानि कानून व्यवस्था बिगड़ी तो इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। उल्लेखनीय कि दिनांक 6/4/2025 को गुना के हेमलिन होटल में अशोक नगर के दो लडके राहुल जैन एवं नीरज जैन तथा चंदेरी निवासी मास्टर अभिषेक यादव एवं एजेन्ट रवि शर्मा उपाध्याय के साथ गुना का एजाज खान के विरुद्ध गुना के कैन्ट थाने में एफआईआर दर्ज हुई है, जिसकी पूछताछ में आरोपियों ने अशोक नगर निवासी आजाद खान को इसका मास्टर मांइड बताया है, जो अशोकनगर में रह कर इतने बड़े सट्टा एवं सेशन के कारोबार को संचालित कर रहा है, लेकिन पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। वह बीच शहर में रहकर इतना बड़ा रेकिट लम्बे समय से चला रहा है,और उसका नेटवर्क अशोकनगर के अलावा कितने शहरों में चल रहा है, इसकी भी कोई जानकारी नहीं है। उसके रेकिट में फंस कर कई नवयुवक आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके है, उसके द्वारा इस अवैध कारोबार से कई संपत्तियों एवं बहुत सा धन कमाया गया है।और यह कारोबार समाज के लिये दूषित कर रहा है। इससे समाज में एक गलत संदेश जा रहा है। अगर पुलिस द्वारा जल्दी ही इसकी रोकथाम नहीं की तो बहुत से नवयुवक और बहुत से घर बर्बाद हो जायेगे। सर्व समाज के लोगों ने आनलाइन सट्टा एवं आईपीएल वेटिंग सेशन के मास्टर माइंड आजाद खान व उसके साथ उक्त कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफतार कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही कर उनकी संपत्ति जप्त करने की मांग की है। यदि एक सप्ताह के अंदर प्रशासन कार्यवाही नहीं करता है, तो सर्व समाज आन्दोलन करेगी जिसमें धरना प्रर्दशन, बाजार बंद,चक्का जाम किया जायेगा इसमें यदि कानून व्यवस्था बिगड़ती है, या जनहानि होती है, तो इसके लिये प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस अवसर पर रघुवीर कुशवाहा,लखवीर सिंह सिख जग भान सिंह यादव, कृष्णा यादव,दीवान सिंह यादव,महावीर प्रसाद लोधी वेदराम लोधी वकील लोधी,सुनील रघुवंशी अजय रघुवंशी अरविंद रघुवंशी हरि सिंह रघुवंशी विवेक रघुवंशी रामनिवास रघुवंशी रविंद्र रघुवंशी कलेक्टर रघुवंशी,रामकुमार चौधरी रजनीश शर्मा रवि शर्मा दीपक मिश्रा राहुल मिश्रा अरुण शर्मा ,मोहन नामदेव रीति रमन नामदेव, प्रेमनारायण ओझा, राजेश शिवहर,जगदीश अहिरवार ,कमल किशोर दांगी,संतोष राजेंद्र रजक, सोनू ठाकुर समाज प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे।

# आखिर कब मिलेगी चतरा आदिवासी को उसकी जमीन

## 24 साल से जमीन पर कब्जा कर भू-माफिया नहीं होने दे रहा सीमांकन

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर





जिले की पिपरई तहसील अंतर्गत ग्राम गरेंठी में पिछले 24 साल से चतरा आदिवासी अपनी जमीन तलाश रहा है,आखिर कब उसे अपनी जमीन मिलेगी। कई बार सीमांकन के लिए आवेदन के बाद भी राजस्व अधिकारियों ने उसकी जमीन का सीमांकन कर उसे नहीं दी। एक बार गिरदावर,पटवारी गांव तक गए भी,लेकिन बगैर नपती किए गांव के बाहर से ही लौट गए। लगातार जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर चतरा थक गया है,लेकिन उसने उम्मीद नहीं छोड़ी।

**यह है पूरा मामला :** चतरा पुत्र धारू आदिवासी निवासी ग्राम गरैंठी हल्का नंबर 15 सर्वे नंबर 436/18,436/19 की ढाई बीघा जमीन पर भू-माफिया का कब्जा है। कई बार तहसील कार्यालय में फीस जमा की,दो बार जनसुनवाई में कलेक्टर को सीमांकन करने के लिए आवेदन दिया, लेकिन मेरी जमीन का सीमांकन नहीं किया गया। जब भी अधिकारी,पटवारी सीमांकन करने गए, तो भू-माफिया पूर्व सरपंच पति जगजीत सिंह ने उनसे बातचीत कर, सांठ-गांठ करके सीमांकन नहीं होने देता। किसी न किसी कारण रोक देता है,और हम आदिवासी लोगों को गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देता है। मेरे दो भाई पप्पू आदिवासी,मुलायम आदिवासी के नाम से भी ढाई-ढाई बीघा जमीन है,जो कि मौके पर एक-एक बीघा पर खेती कर रहे हैं,उस जमीन का भी सीमांकन नहीं होने देता। मैंने कई बार तहसील कार्यालय में अपने सीमांकन करने की फीस जमा की और सीमांकन करने की गुहार लगाई लेकिन सीमांकन आज दिनांक तक नहीं हुआ। खेत पर जाते हैं,तो भू-माफिया और उसके गुंडे जान से मारने के उद्देश्य से हथियार लेकर आ जाते हैं, इसलिए पुलिस की मौजूदगी में ही सीमांकन कराकर कब्जा दिया जाए।

आवेदक ने कलेक्टर से गुहार लगाई कि ऐसे भू-माफिया के कब्जे से भूमि मुक्त करा कर सीमांकन कर कब्जा दिला कर, उस पर सख्त कार्रवाई हो, जो 24 साल से मेरी ढाई बीघा जमीन की फसल से लाभ ले रहा है।

प्रतिवर्ष के हिसाब से पैसा दिलाया जाए। उसकी उच्च स्तरीय जांच कर ऐसे भू-माफियाओं का अन्य गोचर,शासकीय भूमि पर भी कब्जा मुक्त कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

# मौसम का बदला मिजाज, पारे में आया उछाल, दोपहर सन्नाटे में

**करीब 42 डिग्री रहा तापमान, बाजारों में ग्राहकों ने बदला समय**

**सीहोर।** जिले में मौसम में बदलाव हो रहा है, अप्रेल महीने की शुरूआती दौर में ही गर्मी अपने शबाव पर है, पारे में लगातार उछाल देखा जा रहा है। तापमान करीब 42 डिग्री पहुंच गया है। इस कारण से दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा छाया हुआ है। ग्राहक भी बाजार में सुबह और शाम के समय ही बाजार में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं, दूसरी ओर प्रशासन ने भी सलाह दी है कि धूप के समय लोग घरों में रहे। वहीं गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने स्कूलों के समय में भी बदलाव किया है। अब स्कूल साढ़े सात बजे से संचालित होंगे।

उल्लेखनीय है कि मौसम में हो रहे बदलाव के कारण से तापमान में अप्रेल महीने में ही बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। आज सुबह 10 बजे से ही गर्मी का अहसास हो रहा है। दोपहर के समय हालात यह बन रहे हैं। कि बाजार में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक के बीच में ग्राहकों की काफी कमी देखी जा रही है। इस कारण से इस दौरान जहां कई दुकानदार तो ग्राहकों का इंतजार करते हुए देखे जा रहे हैं।

वहीं तेज गर्मी के कारण से ग्रामीण क्षेत्रों से भी शहर खरीदारी करने के लिए काफी कम संख्या में लोग आ रहे हैं। इसके साथ ही गर्मी के कारण से आवागमन भी प्रवावित हो रहा है। लोग सुबह और शाम के समय ज्यादा आवाजाही कर रहे हैं।

**लू लपट की चपेट में जिला:** जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण अधिकांश भागों में लू हीट स्ट्रोक की की स्थिति निर्मित हो सकती है।

सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं को निर्देश दिए हैं। बाह्य रोगी कक्ष में बैठने की उचित व्यस्था के साथ ही ठंडे जल की व्यवस्था सुनिश्चित किया करने के लिए कहा गया है। प्रत्येक चिकित्सालय एवं उप जिला चिकित्सालय 05 बिस्तरीय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 02 बिस्तर इन मरीजों के लिए आरक्षित किया करने के निर्देश दिए गए हैं।

**हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय:** हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ठंडे पानी और कूलर की सहायता से शरीर का तापमान नियंत्रित करें। ढीले सूती कपड़े पहने। प्रभाव को कम करने के लिए विशेष प्रकार के सनस्क्रीन लोशन का प्रयोग करें। जितना संभव हो सके त्वचा को साफ और शुष्क बना कर रखें, इससे संक्रमण की संभावना कम होती है। घर से बाहर जाते समय पीने का पानी साथ में लेकर जाए। अगर तेज धूप में थे तो एकदम से ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए।

# भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के मार्गदर्शन में कराया 13 लाख के विकास कार्य का भूमि पूजन

सत्ता सुधार ■ सीहोर



शहर को विकसित और व्यवस्थित विकास देने के लिए नगर पालिका परिषद सार्थक प्रयास कर रही है। जिससे शहर महानगर की तर्ज पर विकसित हो रहा है। उक्त विचार भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने गुरुवार को शहर के वार्ड क्रमांक आठ में जारी करीब 13 लाख के विकास कार्य के विकास कार्य के भंमि पूजन के दौरान कहे।

गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने यहां पर करीब 13 लाख के रोड और नाली निर्माण का भंमि पंजन क्षेत्रवासियों से करते हुए कहाकि विकास के लिए भाजपा सरकार के पास धन की कमी नहीं है और हम मिलजुलकर शहर की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कर रहे है। इसमें आप सभी का सहयोग जरूरी है। इस दौरान वार्ड पार्षद पूर्णिमा दिनेश कुशवाहा ने बताया कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार के कारण ही वार्ड की सभी समस्याओं का निदान हो रहा है। हमारे परिषद के सक्रिय अध्यक्ष श्री राठौर के नेतृत्व में बिना भेदभाव के विकास कार्य पूर्ण कराए जा रहे है। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने करीब 13 लाख से होने वाले विकास कार्य का भंमि पंजन किया गया। इसमें वार्ड के अंतर्गत आने वाले कलेक्ट्रेट के सामने रीता दुबे के घर से मैन रोड तक रोड और नाली निर्माण जिसकी लागत करीब साढ़े आठ लाख और कुशवाहा वाली रोड कीबर चार लाख की लागत से बनाए जाने वाले रोड निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, प्रदीप बिजोरिया, कमलेश राठौर, प्रदीप गौतम, अजय पाल राजपूत, विरेन्द्र परमार, लोकेन्द्र वर्मा, विजय कोली के अलावा वार्डवासी और क्षेत्रवासी शामिल थे।

## 12 को रुद्रअंश, पवनपुत्र वीर बजरंगी का जन्मोत्सव, जगह- जगह होंगे भंडारे

**खरगोन।** अलौकिक और दिव्य शक्तियां प्राप्त रुद्रअंश, पवन पुत्र वीर बजरंगी, श्री हनुमानजी का जन्मोत्सव चैत्र पुर्णिमा याने 12 अप्रैल को मनाया जाएगा। दुनिया को आदर्श भक्ति सिखाने वाले बल, बुद्धि, विद्या के दाता, चिरंजीवी हनुमानजी का जन्मोत्सव इस बार इसलिए भी खास हो गया है क्योंकि यह जन्मोत्सव शनिवार के दिन आ रहा है, शनिवार और मंगलवार श्री हनुमानजी की आराधना के दिन माने जाते है। इसी के चलते भक्तों का उत्साह दोगुना हो गया है। मंदिरों में जहां जन्मोत्सव पर विशेष पूजन– अर्चन श्रृंगार की तैयारियां चल रही है तो वही भंडारों के आयोजन को लेकर भी समितियां व्यवस्थाएं जुटा रही है। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर ग्रीन गोल्ड कॉलोनी स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में विराजित श्री हनुमानजी के जन्मोत्सव पर विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। मंदिर समिति के श्याम बड़ोले ने बताया कि श्री हनुमंत जन्मोत्सव पर सुबह 4 बजे से हवन– पूजन– अभिषेक के बाद सुबह 6 बजे जन्मोत्सव महाआरती होगी। शाम को विशेष श्रृंगार के बाद भंडारे की महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। शाम 6.30 से रात 10 बजे तक भंडारा अनवरत होगा। इसके अलावा कुंदा नदी तट स्थित प्राचीन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पुजारी अंतिम गोस्वामी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातः 11 बजे से भंडारा शुरू होगा, जो अनवरत चलेगा। वही रात्रि 9 बजे से सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसके अलावा डीआरपी लाईन, विष्णुपुरी, गावशिंदे कॉलोनी, संजय नगर, उमरखली रोड, मोतीपुरा, जैतापुर आदि कॉलोनी, मोहल्लों, बस्तियों में करीब 15 से अधिक स्थानों पर भंडारों का आयोजन रखा गया है।

# राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण: कलेक्टर बालागुरू के.




सत्ता सुधार ■ सीहोर

कलेक्टर बालगुरु के. की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर बालागुरू ने तहसीलवार तथा अनुभागवार राजस्व संबंधी कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजस्व वर्सली, आरसीएमएस, नामान्तरण, बंटवारा, सीमांकन फार्मर राजिस्ट्री की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व विभाग के मूल कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये। राजस्व अधिकारी अपने न्यायालयों में प्रकरणों की नियमित सुनवाई कर राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता पर निराकृत करायें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बड़े बकायादारों को चिन्हित कर राजस्व वसूली के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ऑनलाइन व्यवस्था, भू अभिलेख संबंधी कार्य, वक्फ संपत्तियों का सत्यापन, शासकीय भूमि का आवंटन, धारणाधिकार के प्रकरणों का निराकरण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के अवमानना प्रकरण एवं आदेश के अनुपालन पर समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने, खुले नलकूप से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालगुरु के. ने फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए इसके महत्व के बारे में बताया जाए। यह शासकीय योजना के लाभ प्राप्त करने, संपत्ति स्वामित्व सत्यापित करने, कानूनी विवादों से बचने, बैंक ऋण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और उत्तराधिकार मामलों में सही हस्तांतरण सुनिश्चित करने में मदद करती है। इसके साथ ही उन्होंने वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में परिवर्तन तथा वन व्यवस्थापन की कार्यवाही तेजी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के ने महत्वर्पण भवनों एवं फैक्ट्रियों का सेफ्टी ऑडिट करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत आनंद सिंह राजावत, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# कोंडावत हादसे में मृत 8 लोगों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



## कुनबी समाज ने जनसहयोग की अनोखी मुहिम शुरू की

सत्ता सुधार ■ खंडवा

खंडवा जिले के कोंडावत गांव में गणगौर पर्व के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले 8 लोगों की स्मृति में गुरुवार को सकल कुनबी समाज द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन कोंडावत स्थित कुनबी धर्मशाला में सम्पन्न हुआ, जहां खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर? (कोंडावत दुर्घटना में मृत 8 लोगों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, कुनबी समाज ने जनसहयोग की अनूठे शोक की शुरुआत खंडवा से की। खंडवा जिले के कोंडावत गांव में गणगौर पर्व के दौरान हुए हादसे में जान गंवाने वाले 8 लोगों की स्मृति में गुरुवार को सकल कुनबी समाज द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन कोंडावत कुनबी मंदिर में स्थित था, जहां खंडवा, खरगॉन, बुरहानपुए स्थित थे।

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने दी शहरवासियों को 11 लाख की सौगात

सत्ता सुधार ■ सीहोर



शहर में अधिकांश स्थानों पर सीवेज लाइन बिछाई जा चुकी है और घर-घर कनेक्शन देने का काम पूर्ण हो गया है, कुछ वार्डों में सीवेज का काम जारी है। बारिश से पहले शहर की नालियों का निर्माण भी पूर्ण हो जाएगा। उक्त विचार शहर के वार्ड क्रमांक 25 के अंतर्गत करीब 11 लाख के निर्माण कार्य भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। उन्होंने क्षेत्रवासियों ने वार्ड के अंतर्गत होने वाले नालियों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए कहाकि हमारे परिषद के साथी और वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद मुकेश मेवाड़ा क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते है। जिससे उनके वार्ड में अनेक विकास के कार्य हुए, क्षेत्रवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वार्ड के अंतर्गत दो स्थानों पर नालियों के निर्माण का भूमि पूजन किया गया है। जिसमें करीब 5 लाख 60 हजार से राजकुमार वशिष्ठ के घर से त्यागी बाबा आश्रम तक के नाली निर्माण के अलावा रामकिशन कुशवाहा के मकान से रोड तक करीब पांच लाख 40 हजार के नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है। इस मौके पर अनेक पार्षदगण के अलावा क्षेत्रवासी शामिल थे। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने निर्माण कार्यों का भूमि पूजन समय सीमा में तय किया जाए।

**समाजजनों के साथ जनप्रतिनिधियों ने यात्रा में शामिल होकर खींचा भगवान का रथ,की आरती,**

# सकल जैन समाज ने निकाली भगवान महावीर की विशाल रथ यात्रा, जगह-जगह की गई आरती

## महावीर उद्यान कीर्ति स्तंभ के पास महापौर,विधायक एवं अतिथियों ने फहराई धर्म ध्वजा

सत्ता सुधार ■ खंडवा

जियो और जीने दो एवं अहिंसा धर्म का संदेश देने वाले अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर स्वामी का जन्म जयंती महोत्सव पूरे उत्साह के साथ चैत्र शुक्ल पक्ष की तेरस गुरुवार 10 अप्रैल को सकल जैन समाज द्वारा मनाया गया। समाजसेवी एवं समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि सकल जैन समाज द्वारा खंडवा में विराजमान मुनि श्री प्रणेय सागर एवं विदुषी श्री माताजी के ससंघ सानिध्य में भगवान महावीर की भव्य रथयात्रा गुरुवार को शहर के प्रमुख मार्गो से निकली। भगवान महावीर ने हजारों वर्ष पूर्व जो संदेश दिया उसी का पालन आज भी किया जा रहा है और जनजागृति के लिए इसका प्रचार भी समय-समय पर किया जाता है। जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जन्म जयंती को बड़े ही धार्मिक उल्लास के साथ सकल जैन समाज द्वारा सामुहिक रूप से मनाई गई। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि भगवान महावीर ने आज से हजारों वर्ष पूर्व जन्म लेकर मानव के लिए जीओ और जीने दो और अहिंसा धर्म का संदेश दिया। इसका सारांश यही है कि हम भी जीये और सभी जीवों को भी जीने दें। प्रदेश के कुछ शहरों के साथ ही खंडवा ऐसा नगर है जहां भगवान महावीर की जयंती सकल जैन समाज द्वारा सामुहिक रूप से मनाई जाती है।



भगवान महावीर की जयंती पर प्रातः 5.30 बजे सराफा पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से शहर के विभिन्न मार्गो पर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के समापन पर तुलसी उद्यान में द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि प्रातः प्रभात फेरी के बाद महावीर स्वामी की विशाल रथ यात्रा 8 बजे सराफा जैन मंदिर से बुधवारा, केवलराम पेट्रोल पंप, बांबे बाजार, घंटाघर महावीर जैन उद्यान पहुंची जहां जैन स्तंभ महावीर वाटिका में केसरिया ध्वज महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश मुकेश तनवे, पुखराज मेहता, डॉ सुनील गोयल द्वारा फहराया गया। महापौर अमृता अमर यादव , विधायक कंचन मुकेश तनवे रथ यात्रा में शामिल हुई एवं नगर निगम एवं भाजपा के बने स्वागत मंच से पुष्प वर्षा कर समाज जनों का स्वागत भी किया और बजरंग चौक पर भगवान महावीर की आरती करने के साथ सभी समाज जनों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी।

उद्यान में ध्वजारोहण के पश्चात भगवान महावीर की यह रथयात्रा विठ्ठल मंदिर, बजरंग चौक से घासपुरा महावीर जैन मंदिर पहुंची। जहां पर महाआरती के आयोजन के साथ महिला मंडलों एवं श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य भी किया। तत्पश्चात यह रथयात्रा नमीनाथ श्वेतांबर मंदिर पहुंची यहां भी आरती की गई। यहां से रथयात्रा बजरंग चौक, घंटाघर, सराफा होते हुए पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला पहुंची जहां पर भगवान महावीर का अभिषेक व शांतिधारा एवं आरती की गई। धर्मशाला में प्रतिमा पर भगवान महावीर की प्रतिमा पर चतुर्थ कलश अभिषेक करने का सौभाग्य प्रतीक पवन कुमार जैन, राजेंद्र आलोक जैन गदिया परिवार बरुड वालों को प्राप्त हुआ शांति धारा करने का सौभाग्य पवन नरेंद्र वीरेंद्र भटयांण परिवार को प्राप्त हुआ, श्रीजी की माल पहनने का सौभाग्य शिल्पी शुभम जैन परिवार को प्राप्त हुआ, इस पावन रथ को समाज के युवा , समाजजन मातृशक्ति के साथ ही महापौर,अमृता अमर यादव विधायक कंचन मुकेश तनवे,परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, सेवा दास पटेल,धर्मेंद्र बजाज, सुनील बंसल, सुनील जैन, प्रेमांशु जैन द्वारा अपने हाथों से खींचा एवं भगवान महावीर की आरती भी की।

## ब्रीफ न्यूज

### लोकप्रिय बाइक एफझेड-एस एफ I का एमवाय 25 वर्जन लॉन्च

**नई दिल्ली ।** भारत में यामाहा ने अपनी लोकप्रिय बाइक एफझेड-एस एफ I का एमवाय25 वर्जन लॉन्च कर दिया है। बाइक की कीमत में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस अपडेट के साथ बाइक के डिजाइन में हल्के बदलाव किए गए हैं और कुछ नए कलर ऑप्शन भी जोड़े गए हैं।

एमवाय25 यामाहा एफझेड-एस एफ I की एक्स-शोरूम कीमत 1,34,800 रुपये रखी गई है, जो इसके पिछले वर्जन वीईआर 4.0 से 3,600 रुपये ज्यादा है। नए मॉडल में अब चार नए रंग मैट ब्लैक, आइस फ्लुओ-वर्मिलियन, मेटालिक ग्रे और साइबर ग्रीन शामिल किए गए हैं। इसके अलावा, डिजाइन में भी कुछ छोटे बदलाव हुए हैं। फ्रंट टर्न इंडिकेटर्स को अब हेडलाइट असेंबली से हटाकर टैंक श्राउड्स पर लगाया गया है। साथ ही, टैंक के चारों ओर पहले जो क्रोम फिनिश था, अब वह ग्लॉस ब्लैक में दिया गया है। पावरट्रेन की बात करें तो इस बाइक में 149सीसी का सिंगल-सिलिंडर एयर-कूल्ड इंजन दिया गया है, जो 12बीएचपी की पावर और 13.3 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसे 5-स्पीड गियरबॉक्स से जोड़ा गया है। फीचर्स की बात करें तो इसमें 140-सेक्शन का चौड़ा रियर टायर, सिंगल-चैनल एबीएस, ट्रैक्शन कंट्रोल, वाय-कनेक्ट तकनीक के साथ डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और एलईडी हेडलाइट्स जैसे एडवांस फीचर्स शामिल हैं।

### भारतीय इक्विटी बाजार दीर्घावधि निवेशकों के लिए एक अच्छा मौका

**नई दिल्ली ।** भारतीय इक्विटी बाजार अब उचित और मध्यम रूप से महंगे क्षेत्रों से आकर्षक क्षेत्र में प्रवेश कर गया हैं। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, यह एक शानदार सुधार है, क्योंकि यह बदलाव दीर्घावधि निवेशकों के लिए एक अच्छा मौका दिखाता है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत के लिए लॉन्ग टर्म आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है। जानकार ने कहा कि मजबूत मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद, हेल्दी कॉर्पोरेट और बैंकिंग बैलेंस शीट, कर राहत और कल्याणकारी योजनाओं के कारण अपेक्षित मांग का पैदा होना और एक नए निजी निवेश चक्र के संकेत सभी उत्साहजनक कारक हैं। हेल्दी कॉर्पोरेट और बैंकिंग क्षेत्र की बैलेंस शीट, कर राहत एवं विस्तारित कल्याणकारी योजनाओं से प्रेरित मांग के पैदा होने की संभावनाएं और एक नए निजी पूंजीगत व्यय चक्र की संभावित शुरुआत हमारे दृष्टिकोण के लिए प्रमुख सकारात्मक कारक हैं। जानकार ने कहा, यह मानव स्वभाव है कि वह अल्पकालिक प्रभाव को अधिक आंकता है और दीर्घकालिक क्षमता को कम आंकता है। हमारा मानना ??है कि अगले 10 से 15 साल भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजारों के लिए बहुत अच्छे हैं। उन्होंने निवेशकों से अपने वित्तीय लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और एसआईपी के माध्यम से निवेश जारी रखने का आग्रह किया। यूनियन म्यूचुअल फंड भी 1 अप्रैल से लागू हुई नई कर व्यवस्था के तहत निवेश में वृद्धि के बारे में आशावादी है।

### पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 778 बिलियन डॉलर के इसी आंकड़े से करीब 6 फीसदी ज्यादा है

# आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद 2025 में भारत का निर्यात 820 बिलियन के पार

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

वैश्विक बाजारों में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का माल और सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 820 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 778 बिलियन डॉलर के इसी आंकड़े से करीब 6 फीसदी ज्यादा है। उभरते व्यापार परिदृश्य पर चर्चा करने के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने निर्यात संवर्धन परिषदों और उद्योग निकायों के साथ आयोजित बैठक में ये आंकड़े सामने आए हैं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने लाल सागर संकट, खाड़ी क्षेत्र में इजराइल-हमास संघर्ष, रूस-यूक्रेन संघर्ष के लगातार बने रहने और कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में हल्की बढ़ोतरी समेत कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद निर्यात में सर्वकालिक उच्च उपलब्धि के लिए निर्यातकों की तारीफ की। उन्होंने निर्यातकों के प्रयासों की सराहना



की। बैठक में सीआईएम पीयूष गोयल ने निर्यातकों को पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ चल रही चर्चाओं के बारे में भी जानकारी दी।

बातचीत की शुरुआत पीएम मोदी ने की, जो फरवरी 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बैठक में बीटीए पर सहमत होने वाले पहले वैश्विक नेताओं में से एक थे। गोयल ने निर्यातकों को आश्वासन दिया कि सरकार वैश्विक व्यापार वातावरण में हाल के बदलावों को सफलतापूर्वक नेविगेट करने में सक्षम बनाने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि देश सक्रिय तरीके से काम कर रहा है और ऐसे समाधान तलाशे जा रहे हैं जो राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में हों। उन्होंने निर्यातकों से कहा कि वे घबराएं नहीं और वर्तमान परिदृश्य में सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान दें। हालांकि, जहां तक भारत का सवाल है, विनिर्माण में वृद्धि और अतिरिक्त नौकरियों के सृजन की संभावना है।

### भारत-अमेरिका ट्रेड में लंबी अवधि का नजरिया रखें निर्यातकः पीयूष गोयल

नए व्यापार क्षेत्रों में उभरते हुए चुनौतियों के बीच केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल ने निर्यातकों को भारत-अमेरिका ट्रेड में नजरिया बनाए रखने का सुझाव दिया है। उन्होंने एक बैठक में एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और उद्योग बॉडीज के साथ चर्चा की जिसमें आधुनिक व्यापार परिदृश्य और विपरीत समय के अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया। गोयल ने उद्यमिता और संभावित रूप से दूरदराज निर्यातकों को बताया कि सरकार उभरती व्यापार वातावरण में सकारात्मक योजनाओं का समर्थन करेगी। उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 में अधिकतम निर्यात का लक्ष्य विशेष ध्यान देने के साथ बताया और मान्यता दी कि यह उपलब्धि कई संदेश और संधियों के बावजूद संभव हो सकी है। बैठक के माध्यम से, निर्यातकों को व्यापारिक समझौतों के महत्व और भारत-अमेरिका के बीच चल रहे मुद्दों पर गहराई से चर्चा करने का भी मौका मिला। इस समय में व्यापारिक वातावरण में उभरती चुनौतियों का मुकाबला किया जाएगा, सरकार ने निर्यात उद्योग की समर्थन के प्रति अपनी पहल की पुष्टि की है। बैठक के दौरान गोयल ने निर्यातकों को पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए अमेरिका के साथ चर्चा के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली अलग-अलग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ने वैश्विक व्यापार में उभरती चुनौतियों के मद्देनजर अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत किए और सरकार से इन चुनौतीपूर्ण समय में निर्यात उद्योग को समर्थन देने के लिए सक्रिय कदम उठाने का अनुरोध किया।

# भारत-अमेरिका के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा में नई चुनौतियां

### भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई चुनौतियां भी उत्पन्न हो सकती हैं

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा में नई चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं, जैसा कि आर्थिक शोध संस्थान ने जारी की चेतावनी में कहा है। इस समझौते के तहत अमेरिका के मांगों का संशोधित खाद्य आयात, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन माध्यमों कम करना और दवाओं पर एकाधिकार को बढ़ाने से बहुलक चिंताओं के संदेश हैं। इसमें कहा गया है कि ये जोखिम खाद्य सुरक्षा, किसानों की आय और छोटे विक्रेताओं के लिए बड़े परिणाम ला सकते हैं। आर्थिक शोध संस्थान के अनुसार इस समझौते से भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई चुनौतियां भी उत्पन्न हो सकती हैं। वहां उदाहरण के तौर पर कृषि उत्पादों पर लगाए जा रहे शुल्क का कम होना और कारों पर शुल्क को घटाने का प्रस्ताव देने से उद्योगों, किसानों और विनिर्माण क्षेत्र को नुकसान हो सकता है। आर्थिक शोध संस्थान




ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के एक प्रमुख अ?धिकारी ने इस समझौते के बारे में चिंताओं को जताते हुए कहा कि भारत को इसे पुनर्विचार करने और अमेरिका के साथ विस्तृत स्वतंत्र ट्रेड समझौते से बचने की जरुरत है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के कार उद्योग का नुकसान इसी तरह की चर्चा का हुआ था जब 1990 के दशक में भारी शुल्क कटौती की गई थी। जीटीआरआई ने सुझाव दिया है कि भारत को यह समझौता शून्य-से-शून्य शुल्क से सीमित रखने का सुझाव देने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। इसके अलावा, वह चीन जैसे देशों के साथ उत्पाद मूल्य श्रृंखला तैयार करने की भी सलाह देते हैं। उन्होंने सरकार से भी घरेलू सुधारों पर ध्यान देने की गुहार दी है जैसे कि शुल्क को सरल बनाना, गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों में सुधार करना और व्यापार प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना। इन सुधारों को अमल में लाने से भारत वैश्विक बदलावों का अधिकतम लाभ उठा सकता है, हालांकि इसमें काफी मेहनत और सहयोग की जरुरत होगी।

### इरविन आनंद निंबसपोस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बने

लॉजिस्टिक प्रौद्योगिकी मंच और एक्सप्रेसबीज की अनुषंगी कंपनी निंबसपोस्ट ने इरविन आनंद को मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की है। आनंद, जिन्हें वैश्विक शिक्षण मंच उडेमी में भारत एवं एशिया-प्रशांत के प्रबंध निदेशक के रूप में देखा गया था, ने इस नये भूमिका में उत्पाद व नवाचार में तेजी लाने, विक्रेता की सफलता को बढ़ाने, परिचालन उत्कृष्टा को बढ़ावा देने और नए व मौजूदा बाजारों में निंबसपोस्ट के रणनीति विस्तार पर ध्यान देने की प्रतिबद्ध हैं। एक्सप्रेसबीस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने उन्हें एक अनुभवी और विचारशील संगठन के नेतृत्व के लिए बधाई दी है। उन्होंने उनके योगदान की सराहना की और उनकी प्रतिबद्धता के साथ कंपनी के भविष्य को उज्जवल बनाने में उनकी मदद करने का आग्रह किया। निंबसपोस्ट का नया नेतृत्व एक नयी ऊर्जा का स्रोत है और कंपनी की त्वरित उत्थान में मददगार साबित हो सकता है।

## एसयूवी क्रूव का सीएनजी वेरिएंट जल्द होगा पेश



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारतीय बाजार में टाटा मोटर्स जल्द ही एसयूवी क्रूव का सीएनजी वेरिएंट पेश करने वाली है। इस कार का डिजाइन काफी आकर्षक है और यह इस सेगमेंट की पहली एसूयवी होगी जो टर्बो पेट्रोल, डीजल, इलेक्ट्रिक और अब सीएनजी वर्जन में भी उपलब्ध होगी। इसे हाल ही में पुणे की सड़कों पर टेस्टिंग के दौरान देखा गया। टाटा की यह बहुप्रतीक्षित एसूयवी पहले से ही बाजार और क्रिकेट प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है, खासतौर पर टाटा आईपीएल के दौरान इसके प्रचार के कारण। फिलहाल कंपनी ने इसकी लॉन्चिंग को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन माना जा रहा है कि यह कार त्योहारों के सीजन में बाजार में दस्तक दे सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रूव सीएनजी को 1.2-लीटर टर्बो पेट्रोल 3-सिलेंडर इंजन से पावर मिलेगी, जो लगभग 99 बीएचपी की ताकत और 170 एनएम का टॉर्क जनरेट करेगा। इसे 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ पेश किया जाएगा। उम्मीद है कि इसका पावर आउटपुट नेक्सॉन सीएनजी के बराबर ही रहेगा। खास बात यह है कि क्रूव सीएनजी में ट्विन-सिलेंडर सीएनजी टैंक का इस्तेमाल होगा, जो ज्यादा बूट स्पेस बनाए रखने में मदद करेगा। इस फीचर के चलते यह अपने क्लास में एक नई मिसाल कायम कर सकती है। इन दोनों एसयूवीएस में 1.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन का इस्तेमाल होता है जो 87 बीएचपी और 121.5 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। दोनों गाड़ियां 26.6 किमी/किग्रा का माइलेज देती हैं। ऐसे में टाटा क्रूव सीएनजी के आने से बाजार में प्रतियोगिता और ज्यादा दिलचस्प हो जाएगी।

# अमेरिकी बॉन्ड बाजार में मची हलचल के बाद ट्रंप ने लिया यू टर्न

### डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ का फैसला वापस न लेते तो और मच जाती तबाही

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टैरिफ नीति पर बड़ा यू-टर्न लेते हुए बुधवार को 75 देशों के लिए रेसिप्रोकल टैरिफ पर 90 दिन तक रोक लगा दी है। बीते हफ्ते तक ट्रंप ने कहा था कि मेरी नीतियां कभी नहीं बदलेंगी, लेकिन केवल एक सप्ताह में ही राजनीतिक और आर्थिक दबाव के चलते उन्होंने इस योजना पर विराम लगाने का निर्णय लिया। अमेरिकी बॉन्ड बाजार में मची हलचल ने डोनाल्ड ट्रंप को टैरिफ पर अपने कदम पीछे खींचने पर मजबूर कर दिया।

सूत्रों के अनुसार अमेरिकी ट्रेजरी विभाग में बॉन्ड बाजार की स्थिति को लेकर बढ़ती चिंता ट्रंप के फैसले की प्रमुख वजह बनी। ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने हाल ही में ट्रंप से मुलाकात की और उन्हें बाजार की गिरावट और



उसकी संभावित आर्थिक तबाही के बारे में जानकारी दी। ट्रंप ने भी मीडिया से बातचीत के दौरान कि बॉन्ड बाजार काफी पेचीदा है। एक हफ्ते पहले ग्लोबल ट्रेड सिस्टम को हिला देने वाली घोषणा करने के बाद अब ट्रंप ने कहा, आपको लचीला होना पड़ता है। वित्तीय बाजार तेजी से बदलते हैं। ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट का कहना है कि यह रोक किसी तरह की हार नहीं बल्कि राष्ट्रपति की रणनीति का हिस्सा है। राष्ट्रपति जहां एक तरफ बाजार की गिरावट को संभालने की कोशिश कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि यह शेयर बाजार के इतिहास की सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। अगर ऐसे ही चलता रहा तो हम चार हफ्ते पहले की स्थिति में लौट आएंगे।

### किआ मोटर्स के पेनकोंडा प्लांट में 900 इंजनों की चोरी का खुलासा

**मुंबई ।** किआ मोटर्स इंडिया के पेनकोंडा स्थित प्लांट से हाल ही में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। बीते पांच वर्षों में लगभग 900 कार इंजन चोरी हो गए हैं जिसका खुलासा कंपनी के ऑडिट में हुआ। पुलिस ने मामले में तुरंत जांच शुरू की है और शक्तिशाली दोषियों की तलाश में है। किआ मोटर्स ने किसी भी दोषी कर्मचारी और अंदरूनी संगठन को बचाने के लिए पुलिस से सहायता मांगी है। इस मामले में प्रमुख संदेह है कि इंजनों की चोरी किसी भी अन्य संगठन से नहीं हुई है, बल्कि कंपनी के अंदरी कर्मचारियों के साथ साझेदारी में किया गया है। इस बीच किआ मोटर्स ने इस मामले में सार्वजनिक रूप से कोई बयान देने से इनकार किया है, हालांकि कंपनी ने यह जरूर स्पष्ट किया कि चोरी की इस घटना से उनके उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ा है। किआ मोटर्स हर साल तीन से चार लाख कारों का निर्माण करती है।

# महिंद्रा ने 20 दिन में 3000 इलेक्ट्रिक वाहनों की डिलीवरी पूरी की

### महिंद्रा ने नए ग्राहकों के लिए 'डिफ़ॉल्ट ड्राइव मोड' नामक एक विशेष मोड पेश किया

**एजेंसी ■ कोलकाता**

वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए अपनी नई ऑल-इलेक्ट्रिक ओरिजिन स्पोर्ट्स यूटिलिटीज व्हीकल (एसयूवी) एक्सईवी 9ई और बीई6 की 3000 से अधिक इकाई की डिलीवरी पूरी कर ली है।

ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के चलते, दोनों मॉडलों की बुकिंग तेजी से बढ़ रही है। ग्राहकों की अधिकांश ने पैक थ्री वैरिएंट को चुना है। कंपनी के अनुसार, एक्सई9ई की कुल मांग का 59 प्रतिशत हिस्सा है जबकि बीई6 के लिए 41 प्रतिशत ग्राहक इच्छुक हैं। इन मॉडलों की प्रतीक्षा अवधि कई



क्षेत्रों में छह महीने तक पहुंच गई है। इस बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, महिंद्रा देशभर में डिलीवरी बढ़ाने और ग्राहकों को सहज अनुभव देने के लिए अपने वितरण नेटवर्क को सशक्त बना रही है। महिंद्रा ने ईवी अपनाने वाले नए ग्राहकों के लिए 'डिफ़ॉल्ट ड्राइव मोड' नामक एक विशेष मोड पेश किया है। साथ ही, हर डिलीवरी के साथ ग्राहकों को एक क्यूरेटेड वीडियो गाइड भी दिया जा रहा है, जिसमें ईवी चार्जिंग के स्मार्ट तरीके, ड्राइविंग तकनीकें और कनेक्टेड फीचर्स का विस्तृत वॉकथ्रू शामिल है।

**गिरावट** कंपनी की लग्जरी ब्रांड जेएलआर ने तिमाही में मामूली बढ़त दर्ज की है

# टाटा मोटर्स ग्रुप की होलसेल बिक्री में 3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में टाटा मोटर्स ग्रुप की वैश्विक स्तर पर होलसेल बिक्री में 3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसमें लग्जरी वाहन इकाई जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की बिक्री भी शामिल है।

टाटा मोटर्स की कुल होलसेल बिक्री क्यू4 एफवाय24 में जहां 3,77,000 यूनिट रही थी, वहीं क्यू4 एफवाय25 में यह घटकर 3,66,177 यूनिट पर आ गई। टाटा मोटर्स के कमर्शियल व्हीकल और टाटा देवू की बिक्री में भी 3प्रतिशत की कमी आई है, जो



घटकर 1,07,765 यूनिट रह गई। पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में भी गिरावट देखने को मिली, जहां बिक्री 6प्रतिशत घटकर 1,46,999 यूनिट रही।

हालांकि, कंपनी की लग्जरी ब्रांड जेएलआर ने तिमाही में मामूली बढ़त दर्ज की है। क्यू4 एफवाय25 में जेएलआर की कुल बिक्री 1,11,413 यूनिट रही, जो पिछले साल की समान अवधि से 1प्रतिशत अधिक है। इसमें से जगुआर ब्रांड की 7,070 यूनिट्स और लैंड रोवर की 1,04,343 यूनिट्स शामिल रहीं। वहीं इलेक्ट्रिक सेगमेंट में टाटा मोटर्स ने अपना वर्चस्व बनाए रखा है। मार्च में कंपनी ने 4,710 यूनिट इलेक्ट्रिक वाहन बेचे, जो फरवरी की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है। पंच ईवी और नेक्सन ईवी जैसे मॉडल इस ग्रोथ के मुख्य कारण रहे। भारत में मार्च 2025 की बिक्री में टाटा मोटर्स तीसरे स्थान पर रही। मारुति सुजुकी ने 1.5 लाख से अधिक यूनिट्स बेचकर पहला स्थान बनाए रखा, जबकि हुंडई 51,820 यूनिट्स के साथ दूसरे स्थान पर रही। टाटा मात्र 204 यूनिट्स के अंतर से तीसरे स्थान पर खिसक गई, जिसकी मार्च में कुल बिक्री 51,616 यूनिट रही।

### टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर नए अपडेट्स के साथ पेश

नए अपडेट्स और फीचर्स के साथ टोयोटा ने अपनी पॉपुलर कॉम्पैक्ट एसयूवी अर्बन क्रूजर हाइराइडर को 2025 मॉडल के रूप में बाजार में उतारा है। 2025 हाइराइडर की एक्स-शोरूम कीमत 11.34 लाख रुपए से शुरू होती है, जो पुराने मॉडल से लगभग 20,000 रुपए अधिक है।

इस बार कार में कई अहम बदलाव किए गए हैं, जिनमें सबसे खास है एडब्ल्यूडी वैरिएंट में 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन की पेशकश। यह नया गियरबॉक्स पहले के 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन की जगह लेता है।इस अपडेट के साथ टोयोटा ने एसयूवी की प्रीमियम पोजिशनिंग को और मजबूत किया है। हालांकि मारुति ग्रैंड विटारा, जो इसी प्लेटफॉर्म पर आधारित है, उससे बिक्री में आगे है, लेकिन नए फीचर्स के चलते हाइराइडर की मांग बढ़ सकती है। हाई-स्पेक वैरिएंट्स में वेंटिलेटेड फ्रंट सीट, एम्बिएंट लाइटिंग, 8-वे पावर एडजस्टेबल ड्राइवर सीट, रियर सनशेड और एक्यूआई मॉनिटर जैसे एडवांस फीचर्स मिलते हैं। इंजन ऑप्शंस पहले जैसे ही हैं 1.5एल माइल्ड हाइब्रिड (103 पीएस) और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड (115.56 पीएस) वैरिएंट। स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वैरिएंट 27.97 किमी/द्य का माइलेज देता है, जबकि सीएनजी पर यह 26.6 किमी/किग्रा तक जाता है।

## भारत-बांग्लादेश ट्रांसशिपमेंट सुविधा की वापसी से बढ़ेगा तनाव

### दोनों देशों को मध्यस्थता और संवाद के माध्यम से बातचीत करने की जरूरत

**नई दिल्ली ।** भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों में तनाव की चिंता बढ़ रही है जब भारत ने अपने बंदरगाहों और हवाई अड्डों के माध्यम से बांग्लादेश को पारगमन सुविधा वापस ले ली। इस पारगमन सुविधा का उपयोग करने के लिए बांग्लादेश को इसे और देशों को निर्यात के लिए उपयोग करने का अधिकार था। यह कदम बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के और भारत के बीच तनाव में और ?खिंचाव में आया है। भारत ने इस पारगमन सुविधा को नेपाल और भूटान को छोड़ दिया है, जिसे विश्व व्यापार संगठन की मान्यताओं के अनुसार पारित किया गया है। यह नया आंकड़ा भारत-बांग्लादेश संबंधों में एक नया चुनौतीपूर्ण पहले है। इसे लेकर अनेक राजनैतिक और आर्थिक मसले हो सकते हैं जो इन दोनों देशों के बीच समझौते को प्रभावित कर सकते हैं। इस परिस्थिति में दोनों देशों को मध्यस्थता और संवाद के माध्यम से बातचीत करने की आवश्यकता है ताकि इस मुद्दे पर सभी की सुरक्षा और हित की गारंटी मिल सके।

## ब्रीफ न्यूज

### आज सुमावली फीडर से विद्युत बंद रहेगी

**मुरैना।** उप महाप्रबंधक विद्युत मंडल भूपाल शरण ने बताया कि आज 11 अप्रैल को सुबह 09 से अपरान्ह 03 बजे तक 33 केव्ही सुमावली फीडर से विद्युत बंद रहेगी। जिसमें ग्राम हथरिया, रूअर, गणेशपुरा, बडौना, सुमावली, मलिकपुर, शहदपुर, मैनाबसई, निटहरा, घुरैयाबसई, टिकटोली, बगियापुरा, नूरपुर, राजघाट का पुरा आदि ग्रामों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### लायंस रीजन कॉन्फ्रेंस सद्भाव आज होगी संपन्न

**मुरैना।** 11 अप्रैल शुक्रवार को लॉयन्स इंटरनेशनल प्रांत के रीजन 16 मनमोहन की रीजन कॉन्फ्रेंस सद्भाव गुप्ता बैंक्वेट हॉल माधोपुरा की पुलिया में रीजन चेयर पर्सन डॉ रितु विवेक राठी की अध्यक्षता में सम्पन्न होने जा रही है। रीजन कॉन्फ्रेंस में अतिथियों का आतिथ्य उनके होस्ट क्लब लायंस क्लब मुरैना समन्वय द्वारा किया जाएगा। रीजन कॉन्फ्रेंस कन्वीनर मीना गुप्ता ने बताया रीजन में 10 क्लब हैं, वे सभी इस रीजन कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट के गवर्नर सुनील अरोरा, कीनोट स्पीकर अशोक ठाकुर तथा स्पेशल गेस्ट के रूप में सुधीर बाजपेयी, डॉ आशुतोष वशिष्ठ मुख्य रूप से उपस्थित रहेगे। कॉन्फ्रेंस कन्वीनर के अनुसार रीजन के जॉन चेयर पर्सन द्वारा सेवा कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न क्लबों को तथा पदाधिकारियों को अवार्ड से सम्मानित भी किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस कन्वीनर मीना गुप्ता ने बताया 11 अप्रैल शाम 4 बजे रीजन चेयर पर्सन डॉ रितु राठी के नेतृत्व में लायंस परिवार द्वारा अग्रसेन पार्क जीवाजी गंज मुरैना मे लायंस परिवार द्वारा बनायी गई ईको बेंच का लोकार्पण भी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट के गवर्नर सुनील अरोरा तथा रीजनल पॉल्यूशन बोर्ड के पॉल्यूशन ऑफिसर मिस्टर ऋषिराज सिंह सेंगर द्वारा किया जाएगा, जिसमें सभी लॉयन्स मेंबर्स की सहभागीदारी रहेगी।

### 06 फर्मो के भंडारण, विक्रय एवं स्थानान्तरण पर तत्काल प्रतिबंध

**मुरैना।** बीज गुण नियंत्रण आदेश 1983 के प्रावधान के अनुसार उप संचालक कृषि पीसी पटेल ने संबंधित विकासखण्ड अधिकारियों को बीज नमूना लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजने के निर्देश दिये थे। इसके तहत अधिकारियों ने फील्ड में जाकर बीज के नमूने लिये, उन्हें प्रयोगशाला भेजा। जिनमें 06 फर्मो के परीक्षण के बाद बीज अमानक पाये गये। उन फर्मो को तत्काल प्रभाव से भंडारण, विक्रय एवं स्थानान्तरण रोक लगा दी है। जिसमें न्यू क्रिस बीज भंडार कैलारस, संत मंगलदास कृषि सेवा केन्द्र जौरा, उन्नत कृषि सेवा केन्द्र जौरा, रोहित बीज भंडार पुरानी सब्जी मंडी जौरा, नैतिक बीज भंडार झुण्डपुरा सबलगढ़ और रावत कृषि सेवा केन्द्र खारे नाले के पास सबलगढ़ के अमानक बीज को तत्काल प्रभाव से भंडारण, विक्रय एवं स्थानान्तरण पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# रथ पर सवार भगवान महावीर की शोभायात्रा ने किया शहर में भ्रमण, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस पावन अवसर पर तीन दिवसीय महोत्सव मनाया गया। अंतिम दिन गुरुवार को विशाल एवं भव्य रथयात्रा चल समारोह निकाला गया। जिसमें भगवान महावीर स्वामी को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। सौधर्म इंद्र भगवान महावीर स्वामी को लेकर रथ पर विराजमान हुए। अन्य चार इंद्र श्री जिनेंद्र प्रभु पर चवर ढुरा रहे थे। शोभायात्रा में संस्कृत स्कूल के बच्चों द्वारा अपने ढोल नगाड़े स्वयं बजाए गए। महावीर स्वामी की शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। भव्य शोभायात्रा में पंचरंगी ध्वजा लेकर युवा साथी घोड़ों पर सवार होकर



आगे आगे चल रहे थे। दो बैंड, ढोल, नगाड़ों के साथ पांच घोड़ा बग्घियों में पात्र स्वरूप श्रेष्ठिगण विराजमान थे। जैन सिद्धांतों पर चित्रित झांकियां शोभायान हो रहीं थीं। युवा वर्ग जैन भजनों पर भक्तिमय नृत्य कर रहे थे। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर कमेटी के नेतृत्व में



### अग्रवाल महासभा ने किया भव्य स्वागत

अग्रसेन पार्क में अग्रवाल महासभा के नेतृत्व में अग्र बंधुओं ने भगवान महावीर की आरती कर, सभी का शीतल पेय, ठंडाई आदि के द्वारा स्वागत सम्मान किया। चंद्र प्रभु जिनालय, जीवाजी गंज, लोहिया बाजार, बड़ा जैन मंदिर पर भी साधर्मी बंधुओं ने शोभायात्रा में चल रहे बंधुओं की अगवानी की।

भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव समिति द्वारा सकल जैन समाज के सहयोग से आयोजित भव्य रथ यात्रा बड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर गोपीनाथ की पुलिया, जीवाजी गंज, राम जानकी मंदिर, सूबात रोड, पुल तिराहा, सदर बाजार, हनुमान चौराहा, स्टेशन रोड, शंकर बाजार, झंडा चौक, सराफा बाजार, लोहिया बाजार भ्रमण करती हुई बड़ा जैन मंदिर पहुंची। बड़े जैन मंदिर जी में भगवान महावीर स्वामी को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर जलाभिषेक किए गए। स्वर्ण कलशों द्वारा जैसे ही जल धारा प्रभु के मस्तक पर आई, वैसे ही सम्पूर्ण जन समुदाय महावीर स्वामी की जय-जयकार करने लगा।

### डीजे की धुन पर जमकर नाचे युवा

शोभायात्रा में जैन भजनों को गुंजायमान करता हुआ डीजे चल रहा था। भक्तिमय भजनों पर युवा मंडल के कार्यकर्ता एवं बालिका मंडल की बालिकाएं खूब नृत्य कर रहे थे। महिला मंडल की महिलाएं अपने विशेष परिधान में जैन भजन गाती हुई चल रहीं थी। जिस रथ पर भगवान महावीर स्वामी विराजमान होकर नगर भ्रमण कर रहे थे उसे कोई और नहीं, बल्कि स्वयं युवा साथी अपने हाथों से खींच रहे थे। लगभग एक किलोमीटर लंबी शोभायात्रा को बड़ा जैन मंदिर पहुंचने में लगभग 5 घंटे का समय लगा।

# अंबाह में गैंगवार के दौरान युवक की मौत के विरोध में आक्रोशित भीड़ ने लगाया 1 घंटे जाम

## जिले में अवैध हथियारों का प्रयोग हो रहा खुलेआम, पुलिस कार्रवाई करने में अक्षम

**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

जिले में पुलिस का खौफ पूरी तरह समाप्त हो चुका है और गुंडे बदमाश तो अपराध कर ही रहे थे, अब छात्र भी वर्चस्व की जंग लड़ रहे हैं और अवैध हथियारों का उपयोग आपसी लड़ाई में कर रहे हैं। बुधवार की शाम जिले के अंबाह थाना क्षेत्र में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर दो छात्रों के बीच 1 वर्ष से चली आ रही जंग खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। फोन पर एक दूसरे को चुनौती देते हुए दोनों पक्ष के लोग चुंगी नाका चौराहे पर आ गए और यहां अवैध हथियार से हुई गैंगवार में एक छात्र के बड़े भाई की जान चली गई। तीन घायल युवकों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां से एक युवक को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया, जिसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई गई है। उक्त घटना के विरोध में गुरुवार की दोपहर मृतक पक्ष के लोगों ने पोरसा चौराहे पर जाम लगा दिया, जिससे लगभग 2 घंटे तक यातायात व्यवस्था बुरी तरह



प्रभावित रही। पुलिस द्वारा समझाईश एवं आश्वासन देने के बाद जाम समाप्त हुआ। बताया जाता है कि छात्र आर्यन पुत्र वीरपाल तोमर निवासी अजहेड़ा व अमन पुत्र सतेंद्र तोमर निवासी सिकरोडी के बीच विवाद की शुरुआत हाथी गड्ढा स्थित एक कोचिंग से हुई। रंगबाजी दिखाने से शुरू हुआ विवाद एक साल बाद खूनी संघर्ष तक जा पहुंचा। 12वीं के छात्र आर्यन व अमन में एक साल पहले वर्चस्व की लड़ाई शुरू हुई थी। कई बार दोनों में झगड़े हुए। दोनों पर एक-एक एफआईआर भी हुई। इसके बाद बुधवार को आर्यन ने सोशल मीडिया पर दबंगई दर्शाने वाला स्टेटस लगाया। गुस्साए अमन ने आर्यन को फोन किया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे को चुंगी नाका पर आने की चुनौती दी।

शाम 6:30 बजे वहां शुरू हुई गैंगवार में आर्यन के बड़े भाई अजय की अवैध हथियार से गोली लगने के कारण जान चली गई, जबकि आर्यन और अमन गंभीर हैं। घटना में बीच-बचाव करने वाले दुकानदार सत्यवीर को भी गोली लगी और वह घायल हो गया जिसकी हालत अब खतरे से बाहर है। बताया जाता है कि हाथी गड्ढा स्थित कोचिंग से झगड़ा की शुरुआत हुई और यहां मई 2024 में हुए विवाद में आर्यन के साथ अमन ने मारपीट कर दी। मामले में अमन पर एफआईआर दर्ज हुई। बदला लेने के लिए अक्टूबर 2024 में आर्यन ने अमन के दोस्त नितिन को पीट दिया। इसके बाद आर्यन के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ। पिछले 1 वर्ष के अंदर दोनों के बीच तमाम झगडे हुए हैं। दोनों के बीच सोशल मीडिया पर स्टेटस की जंग भी शुरू हुई। बुधवार को भी ऐसे ही स्टेटस पर हुए विवाद के बाद उक्त गेंगवार की घटना घटित हुई।

इस पूरे मामले में पुलिस द्वारा 6 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है जिनमें दो घायल हैं और अस्पताल में भर्ती हैं वह पुलिस की कस्टडी में है जबकि चार फरार हैं जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। इधर घटना के विरोध में मृतक पक्ष के परिवार एवं ग्रामीणों ने गुरुवार की दोपहर अंबाह के पोर्स चौराहे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे वहां 1 घंटे से अधिक समय तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के पश्चात जाम खुल सका। कुल मिलाकर जिले में आए दिन इसी प्रकार के मामले सामने आ रहे हैं और उनमें धड़ल्ले से अवैध हथियारों का प्रयोग हो रहा है, लेकिन पुलिस अवैध हथियारों की सप्लाई कहां से हो रही है और यह चेन कैसे चल रही है, इसकी पड़ताल करने की कोशिश नहीं कर रही।

# भगवान महावीर के चल सामारोह में गूंजे अहिंसा परमो धर्म के नारे




**सत्ता सुधार ■ जौरा**

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मदिन गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जौरा में पांडुक शिला व भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक किया तथा पूरे शहर में भगवान महावीर स्वामी की जंयती के अवसर पर बैंड बाजो के साथ साथ चल सामारोह निकाला गया, जिसका जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया और धर्मालंबियो ने भगवान महावीर स्वामी की आरती भी उतारी।

बता दें कि गुरुवार को भगवान महावीर जंयती के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा हनुमान चौराहा स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से बैंड बाजो के साथ भगवान महावीर जंयती के अवसर पर पूरे शहर में भव्य चल सामारोह निकाला गया। इस दौरान नगर में शोभायात्र का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया। वहीं महावीर स्वामी जी की आरती भी उतारी गई। पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से शुरू हुई भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुराना थाना तिकोनिया पार्क मार्ग एम.एस रोड मई वाला कुआं नया बाजार तहसील चौराहा होते हुए पुनः दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचकर समापन हुआ। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल सकल जैन समाज के महिला पुरुष बच्चे पीले वस्त्र धारण कर भगवान महावीर स्वामी का संदेश जियो और जीने दो सहित अहिंसा परमो धर्म के नारे लगाते जा रहे थे। इस दौरान कई स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ और समस्त धर्मावलंबियों ने आरती उतारकर धर्म लाभ प्राप्त किया। शोभायात्रा में शीतल जैन, व्यापार मंडल के अध्यक्ष भोलाराम जैन पंसारी, सेवा निवृत शिक्षक ओ.पी.जैन, सुमेर चंद जैन, दिलीप काला, विजय काला, सुभाष जैन, श्रीमती माया जैन, प्रियंका जैन, युवा तनुज जैन सत्यम जैन अभिषेक जैन सहित जैन महिला मंडल की महिला युवतियां सहित सैकड़ो जैन बंधु शामिल थे।

# सबलगढ़ चंबल कॉलोनी में ड्राइवर के घर से लाखों रुपए की चोरी

**मुरैना।** जिले के सबलगढ़ थाना अंतर्गत चंबल कॉलोनी इलाके में बीती रात एक घर में घुसकर अज्ञात चोर गिरोह 1,00,000 रूपए नगदी एवं दो-तीन लाख रुपए का जेवर चोरी कर ले गए। बताया जाता है कि घटना के वक्त घर में कोई नहीं था और सभी लोग पहाड़गढ़ शादी में गए हुए थे। पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उक्त



घटना को अंजाम देकर एक बार फिर चोरों ने लोगों को परेशान कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंबल कॉलोनी निवासी शकील खान ड्राइवर का परिवार बुधवार को शादी में पहाड़गढ़ गया हुआ था तथा घर पर कोई नहीं था। इसी का फायदा उठाते हुए चोर गिरोह ने घर में घुसकर अलमारी खोलकर उसमें रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रुपए समेट लिए और भाग निकले। शकील खान का परिवार गुरुवार की सुबह जब शादी से लौटा तो घर का दरवाजा खुला मिला और अंदर कमरे में अलमारी खुली तथा सामान बिखरा पड़ा मिला, जब देखा तो गहने एवं रुपए गायब थे। बताया जाता है कि शकील की बहन घर पर आई हुई थी और उसने अपने जेवर भाई के यहां सुरक्षा हेतु रख दिए। बहन इसलिए जेवर पहनकर नहीं गई, कहीं कोई रास्ते में अनहोनी ना हो जाए, इसलिए नकली गहने पहनकर शादी में गई हुई थी। चोरी गए माल की कीमत करीब 3 लाख से अधिक बताई गई है, जिसमें 1,00,000 रूपए नगदी है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### इनका कहना है-

मामला संदिग्ध लग रहा है, क्योंकि शकील की बहन अपना जेवर घर पर रखकर शादी में गई हुई थी और घरवाले अलमारी का लॉक लगाकर चाबी उसी में छोड़ गए, ऐसा संभव नहीं है, फिलहाल मामले की जांच कर रहे हैं।

**-श्रीमती राजकुमारी परमार, थाना प्रभारी, सबलगढ़**

# घर के पीछे रखी अवैध शराब बरामद, आरोपी फरार



**मुरैना।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने बुधवार की रात लश्करीपुरा गांव में एक शराब तस्कर के घर के पिछवाड़े छुपा कर रखी गई 65,000 रूपए से अधिक कीमत की अवैध शराब छापा मारकर जप्त की है, लेकिन पुलिस की भनक मिलते ही आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। उप निरी. प्रीति सिंह जादौन इंचार्ज थाना प्रभारी सिविल लाइन को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि लश्करी पुरा नहर के पास एक व्यक्ति ने अपने घर पर बड़ी मात्रा में अवैध शराब बेचने के उद्देश्य से रखी हुई है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा बताये आरोपी दिनेंद्र उर्फ लाला पुत्र किलेदार जाटव के घर दबिश दी गई, किन्तु आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। पुलिस द्वारा जब आरोपी के घर के आस-पास तलाशी ली गई तो वहां पर 6 पेटी सील बंद देशी शराब, 215 क्वार्टर देशी शराब के एवं 131 क्वार्टर देशी लाल मसाला शराब लगभग (116.28 बल्क लीटर) अवैध देशी शराब कीमती करीबन 65,910 रुपये की रखी मिली, जिसके संबंध में कोई दस्तावेज आदि उपलब्ध न होने पर मौके पर से उक्त अवैध शराब को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध कमांक 146/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# नवीन अपराधिक अधिनियम का क्रियान्वयन करने पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**सत्ता सुधार ■ मुरैना**




पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 1 जुलाई 2024 से समुचे भारत देश में लागू हुए नवीन आपराधिक अधिनियम 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को उक्त संबंध में प्रशिक्षण देने एवं नवीन आपराधिक अधिनियम के संबंध में आमजन को भी जागरूक किए जाने हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किए जाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुरुवार 10 अप्रैल को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डावर द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को बीएनएसएस के तहत जीरो, ई-एफआईआर पंजीयन, एनसीएल जागरूकता सृजन पर लघु फिल्म अपराध स्थल और प्रारंभिक जांच एफएसएल की भूमिका, वैज्ञानिक साक्ष्य संग्रह और प्रबंधन, अपराध स्थल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी एवं आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली की सफलता की कहानियाँ के बारे में भी बताया गया। साथ ही नये कानून में डिजिटल साक्ष्य, फोरेंसिक साक्ष्यों के महत्व को बढ़ाये जाने, हर चीज की समय सीमा को निर्धारित किया जाने जैसे कितने समय में विवेचना पूर्ण करके चार्जशीट पेश करना है और केस की अपडेट पीड़ित को समय-सीमा में दी जाएगी, गवाह व पीड़ित आदि के बयान की वीडियोग्राफी तथा बयान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लेने की प्रक्रिया, नए व पुराने कानूनों के तुलनात्मक चार्ट और प्रावधानों को पीपीटी व पोस्टर आदि के माध्यम से समझाया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान श्रीमती बिन्दु परमार उप पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, जितेन्द्र दोहरे थाना प्रभारी रिठौरा, सूबेदार हरेन्द्र सिंह राजपूत, उनि (फिंगर प्रिंट) अश्विनी कुमार, उनि चांदनी सिंह सहित 50 अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेटी के हाथ पीले करने में मददगार बनी आचार्य आनन्द टीम

**अम्बाह।** जरुरतमंद परिवार की बिटिया के हाथ पीले करने की चिंता का समाधान करने नगर के समाजसेवी आगे आये और स्वयं को कमजोर पा रहे परिवार के मददगार बने। आचार्य आनंद क्लब के अध्यक्ष अरविंद मावई ने बताया कि वार्ड 12 के निवासी इस के मुखिया की एक हादसे के बाद मानसिक स्थिति भी अस्थिर हो गई है, इस कारण उसका परिवार आर्थिक तंगी में फंसा हुआ है। बिटिया के हाथ पीले करने में बहुत कठिनाई आ रही थी, इस आशय की जानकारी जैसे ही, आचार्य आनन्द टीम को हुई तो आवश्यक मदद का निर्णय हुआ। आज बीसीए परिसर में परिजनों को बुलाकर बर्तन, वस्त्र, उपहार और नगद राशि आदि प्रदान की। इस मौके पर आचार्य आनंद टीम के समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य, अरविन्द मावई, बालकृष्ण शर्मा, मनोज शर्मा, अजय जैन, रविशकांत



कटारे, दुष्यंत सिंह तोमर, विश्वनाथ गुर्जर, अंकित मिश्रा, गोपाल दीक्षित, बिंदुसार सिंह, महेंद्र सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### प्रतिवर्ष 11 बेटियों के हाथ पीले करने में सहयोग करती है आचार्य टीम

मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान से संबद्ध आचार्य आनंद क्लब के संस्थापक अध्यक्ष एवं मास्टर ट्रेनर डॉ सुधीर आचार्य की विशेष पहल के अंतर्गत प्रति वर्ष 11 कन्याओं के हाथ पीले करने में आवश्यक मदद की जाती है। इस सेवा संकल्प में डॉ सुधीर आचार्य की धर्मपत्नी डॉ प्रगति शर्मा, भाई डॉ सुशील कुमार फिजियोथैरेपिस्ट का विशेष सहयोग रहता है। इसके साथ ही आचार्य टीम के प्रत्येक सदस्य द्वारा अपना नियमित अंशदान दिया जाता है। उक्त जानकारी अध्यक्ष अरविंद मावई ने दी है।

# नैपरी-बृजगढी सड़क मार्ग पर रेलवे अंडरब्रिज के नीचे जल निकासी व नाला निर्माण के लिए किसान करेंगे तहसील तक पदयात्रा

**सत्ता सुधार ■ कैलारस**

नैपरी-बृजगढी सड़क मार्ग पर रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे जल भराव की समस्या के निदान के लिए पक्का नाला बनाने, नैपरी तिराहे के सड़क निर्माण के कार्य को पूरा करने की मांग को लेकर किसानों और नोजवानों ने जल भराव स्थल से तहसील तक पदयात्रा करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़ ने दी है।



गयाराम सिंह ने सभी किसानों से नौजवानों से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील कर कहा कि यह पदयात्रा आज 11 अप्रेल को रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे जल भराव स्थल से शुरू होगी और तहसील पर पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए सरकार और प्रशासन को ज्ञापन देकर जल निकासी के लिए पक्का नाला बनाने, नैपरी तिराहे पर सड़क बनाने की मांग करेगी। विदित हो कि 6 माह पूर्व एक सप्ताह तक किसानों ने समस्या स्थल पर धरना देकर आंदोलन किया, तब जाकर के कच्चा नाला तो खोद दिया गया। पक्के नाले के निर्माण का आश्वासन दिया, जो आश्वासन आज तक पूरा नहीं हुआ है। अब दोबारा से फिर पानी भर रहा है जिसके चलते किसानों में आक्रोश व्याप्त है। इस रास्ते से 20 पंचायतों के 50 गांव के हजारों लोगों का आवागमन रहता है। किसानों ने निर्णय लिया है कि वह 11 अप्रैल को मध्य प्रदेश किसान सभा के बैनर तले जल भराव स्थल से विशाल पदयात्रा करते हुए तहसील कार्यालय कैलारस पर पहुंचेंगे, प्रदर्शन कर सरकार और प्रशासन को ज्ञापन देंगे तथा आगे आंदोलन की तैयारी और चेतावनी भी जारी करेंगे।

ब्रीफ न्यूज

### शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों की नई दरें की निर्धारित

**शहडोल ।** श्रमायुक्त म.प्र. शासन इंदौर द्वारा जारी आदेश के अनुसार शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिये एक अप्रैल 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक की अवधि के लिए दैनिक वेतन की नई दरें निर्धारित की गई हैं। इन दरों में परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता भी सम्मिलित है। यह दरें मासिक, दैनिक तथा अंशकालिक एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और श्रमिकों पर लागू होंगी। निर्धारित नई वेतन दरें - अकुशल कर्मचारियों के लिये न्यूनतम मूल वेतन 9575 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2550 रूपये के साथ प्रतिमाह कुल 12125 रूपये निर्धारित किया गया है। अर्द्धकुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन प्रतिमाह 10557 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2550 रूपये के साथ कुल वेतन 13121 रूपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार कुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन 12294 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2550 रुपए के साथ प्रतिमाह कुल 14844 रूपये वेतन देय होगा। उच्च कुशल के लिये प्रतिमाह 13919 रूपये न्यूनतम मूल वेतन तथा 2550 रूपये परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सहित कुल 16469 रूपये कुल वेतन देय होगा। मजदूरी निर्धारण में पैसे तथा रूपये के गुणांकों को राउंड अप करके ही दैनिक एवं मासिक मजदूरी निर्धारित की जायेगी। कृषि नियोजन के लिए अकुशल मजदूर की मजदूरी 7660 रुपए तथा 2268 रुपए मंहगाई भत्ते के साथ कुल 9928 रुपए प्रतिमाह निर्धारित की गई है। इसकी दैनिक मजदूरी मूल वेतन 255.33 रुपए तथा मंहगाई भत्ता 75.60 रुपए सहित 331 रुपए प्रतिदिन देय होगी। महिला एवं पुरूषों के लिए वेतन की दरें समान रहेंगी।

### शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों की नई दरें की निर्धारित

**शहडोल ।** श्रमायुक्त म.प्र. शासन इंदौर द्वारा जारी आदेश के अनुसार शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिये एक अप्रैल 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक की अवधि के लिए दैनिक वेतन की नई दरें निर्धारित की गई हैं। इन दरों में परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता भी सम्मिलित है। यह दरें मासिक, दैनिक तथा अंशकालिक एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और श्रमिकों पर लागू होंगी। अकुशल कर्मचारियों के लिये न्यूनतम मूल वेतन 9575 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2550 रूपये के साथ प्रतिमाह कुल 12125 रूपये निर्धारित किया गया है। अर्द्धकुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन प्रतिमाह 10557 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2550 रूपये के साथ कुल वेतन 13121 रूपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार कुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन 12294 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2550 रुपए के साथ प्रतिमाह कुल 14844 रूपये वेतन देय होगा। उच्च कुशल के लिये प्रतिमाह 13919 रूपये न्यूनतम मूल वेतन तथा 2550 रूपये परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सहित कुल 16469 रूपये कुल वेतन देय होगा। मजदूरी निर्धारण में पैसे तथा रूपये के गुणांकों को राउंड अप करके ही दैनिक एवं मासिक मजदूरी निर्धारित की जायेगी।

# किसानों का गेहूं 2600 रुपए क्विंटल लिया जा रहा है : संस्कृति राज्यमंत्री

## धान की खेती पर 4 हजार रूपये हेक्टेयर बोनस भी सरकार दे रही है

### शादी -विवाह के कार्यक्रम सामुदायिक भवन में किये जा सकते हैं: जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पटेल

### ग्राम समदई में आंगनबाड़ी केन्द्र का हुआ लोकापर्ण



सत्ता सुधार ■ दमोह

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने दमोह जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम समदई में आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकापर्ण एवं दिनारी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल खासतौर पर मौजूद थी।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा ग्राम समदई में 11~50 लाख रूपये की राशि से बनने वाले आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण और ग्राम दिनारी में 15 लाख रूपये की राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन का कार्य किया गया है। दिनारी गांव के लोगों की बहुत समय से मांग थी और उसमें हैंडपंप की मांग थी जिसे भी पूरा करवा दिया गया है। गांव के लोगों ने यहाँ पर पंचेश्वर धाम में बाउंड्री वॉल की मांग की है जिसे भी पूरा किया गया है। जल्द ही बाउंड्री वॉल का काम भी प्रारंभ किया जायेगा। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा सरकार की बहुत सारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी को धन्यवाद भी दे रहे हैं कि बहुत अच्छा शासन चल रहा हैं। किसानों का गेहूं भी इस साल 2600 रूपये क्विंटल में लिया जा रहा है, जिससे किसान भी सुखी है। उन्होंने कहा धान की खेती जिन किसान भाईयों ने की है, उनको एक हेक्टेयर पर 4000 रूपये का बोनस भी सरकार देने वाली है, तो निश्चित रूप से किसान के लिए बहुत अच्छी योजना सरकार की चल रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा जबेरा विधानसभा के ग्राम समदई में राज्यमंत्री जी के साथ समदई गांव में आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों के साथ माँ की देखभाल होती है, जिससे माँ और बच्चा हष्ट पुष्ट, स्वस्थ्य पैदा हो, क्योंकि यह एक ऐसा केंद्र होता है जहाँ से बच्चों की देखरेख, पोषण आहार, टीकाकरण आदि होता हैं, टीके के माध्यम से बच्चे का जन्म स्वस्थ्य होता है उसमें माँ भी स्वस्थ्य होती हैं। उन्होंने कहा बहुत अच्छा कार्यक्रम किया गया हैं, यहाँ ग्राम दिनारी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया हैं।

# विचारपुर में फुटबॉल खिलाड़ियों को मिलेगा शीतल पेयजल, मिला वाटर कूलर



सत्ता सुधार ■ शहडोल

मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बना चुका शहडोल के विचारपुर फुटबॉल मैदान में गर्मी के मौसम में खिलाड़ियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाटर कूलरमय वाटर टैंक पीने के पानी हेतु उपलब्ध कराई गई। उषांकर चैरिटेबल एंड एज्युकेशनल ट्रस्ट मुख्य शाखा सागर द्वारा प्रदत्त वाटर कूलर का शुभारंभ ट्रस्ट अध्यक्ष एवं पुलिस उप महानिरीक्षक शहडोल रेन्ज, सविता सोहाने नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक दीवान, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राघवेंद्र द्विवेदी, थाना प्रभारी शहर कोतवाली शहडोल अन्य एसडीओपी गण, ट्रस्ट के सदस्य सहायक संचालक खेल (एनआईएस) फुटबॉल कोच रईस अहमद, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सोहागपुर अजय कुमार सौंधिया खेल और युवा कल्याण विभाग, दयानंद सौंधिया की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर सफदर हुसैन बोहरा, फुटबॉल कोच अनिल सिंह, नरेश कुंडे, शंकर दहिया, लक्ष्मी सहित युवराज बीवी कांबले उपस्थित थे।

# एम.आर.पी. तय करने में मानक का उल्लंघन

## 5000 एम.आर.पी. की दवाईयां 500 में बिक रही

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले में कीटनाशक दावाओं की बिक्री में घोर अनियमितता की जा रही है। अधिकतम बिक्री मूल्य बिक्री दर से कई गुना अधिक लिखा जाता है। एम.आर.पी. देखकर किसान व खरीददार हत प्रद हैं। एम.आर.पी. तय करने का कोई मानक है कि नहीं कि अधिकतम बिक्री मूल्य 5000 रूपये है और दवा 500 में बिक रही है। एम.आर.पी. और बिक्री रेट में जमीन आसमान का अंतर है। इस पर गौर कर इस दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है कीटनाशक दवा कंपनियां, व्यापारियों, विक्रेताओं को लाभ पहुंचाने और दवा की बिक्री अधिक करवाने के लिए एम.आर.पी. बढ़ाकर दिया जाता है। इसके पीछे वास्तविक कारण क्या है, यह जांच का विषय बन गया है।

**दवाओं की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल -** कीटनाशक दवा के पनियां जब इतना बड़ा और चढ़कर एम.आर.पी. रेट लिखती है और वही दवा 500 रूपये में बिकती है तो इसकी गुणवत्ता कितनी होगी उसका अनुमान लगाया जा सकता है। बाजार में ऐसी तमाम दवा कंपनियां है किसानो की आंख




में धूल झोंक कर लंबे समय से मोटी रकम ऐंठ रही हैं। दवा कंपनियां दवाइयों पर गौर नहीं किया जा रहा है, उसकी गुणवक्ता को परखे बिना ही कृषि विभाग हरदा कीटनाशक दावाओं की बिक्री करवायी जा रही है। मूंग में दावओं का छिडकाव चल रहा है। ऐसी तमाम कंपनियों की दवाएं औने - पौने दाम पर बिक रही है। किसना लुट रहे हैं और कृषि विभाग मूल दर्शक बना हुआ है । बाजार में अधिक रेट पर बिक रही दवाओं की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।जिसके कारण दवा कंपनियों का मनमानी रवैया बदस्तुर जारी है।

### एम.आर.पी.तय करने का मानक नहीं

कीटनाशक दवा के पनियों के एम.आर.पी. तय करने का कोई मानक नहीं है। जिसका फायदा उठाते हुए वास्तविक रेट से कई गुना अधिक रेट तय किया जाता है। जानकारी ना हो तो अनजान किसान लूट जाये। कृषि विभाग और अन्य जवाबदेह जिम्मेदार अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि एम.आर.पी. वास्तविक लागत परिवहन व्यय आदि को ध्यान में रखते हुए तय किया जाना चाहिए। शासन द्वारा इसकी गाइडलाइन लिखी गई है जिसेकोई देखने और सुनने वाला नहीं है ।

**किसान संघ ने उठाया जांच की मांग -** राष्ट्ीय किसान मजदूर महासंघ ने एम.आर.पी. तय करने में मानक के हो रहे उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल कराकर कार्यवाही की मांग की है। एम.आर.पी. दिखाकर किसानों को ठगा जाता है। नई-नई पनियां जो रजिस्टर्ड नहीं है। उन कंपनियों की दवाएं भी बाजार में बिक रही है। जिसे कोई देखने और सुनने वाला नहीं है। नियमों का उल्लंघन करते हुए कंपनियां जहां खुले आम किसानों को लूट रही है वहीं दूसरी ओर एम.आर.पी. तय करने में नियमों की अव्हेलना की जा रही है।

# लूट का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

### आरोपी के पास से सामग्रियां जप्तशुदा

सत्ता सुधार ■ हरदा

बुधवार को कोतवाली थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई जिसमें थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह मर्सकोले ने बताया की छीपानेर रोड फोरलेन बायपास चौराहे पर हुई लूट की वारदात को लेकर हरदा कोतवाली पुलिस ने तेजी से कार्यवाही करते हुए महज 24 घंटे में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति एवं एसडीओपी अर्चना शर्मा के निर्देशन में कार्यवाही को अंजाम दिया गया था। जानकारी के अनुसार फरियादी उमेश पिता गर्दन जमरे, निवासी खकनार खुर्द जिला बुरहानपुर ने 8 अप्रैल को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 अप्रैल की रात वह अपने भांजे गोविंद के साथ अंगूर की गाड़ी



खाली कर वापस घर बुरहानपुर लौट रहे थे। जब वे छीपानेर रोड फोरलेन बायपास चौराहे के पास कुछ देर के लिए रुके, तभी स्कूटी सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर 24,000 रुपये नकद और ओप्पो कंपनी का मोबाइल लूट लिया। कोतवाली पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 214/25 धारा 309 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीम ने घटनास्थल के आसपास पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मुखबिर की सूचना पर संदेही विजेश उर्फ विजय पिता कैलाश पंवार, उम्र 28 वर्ष, निवासी विश्नोई धर्मशाला के पास हरदा को हिरासत में लिया। पूछताछ में विजेश ने अपने दो अन्य साथियों भूरा राजपूत एवं चेतराम बंजारा, निवासी छीपानेर रोड हरदा के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम देना मंजूर किया। पुलिस ने आरोपी विजेश के कब्जे से एक सिलेटी रंग की जुपिटर स्कूटी एवं लूटा गया ओप्पो मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी विजेश उर्फ विजय पिता कैलाश पंवार, उम्र 28 वर्ष, निवासी विश्नोई धर्मशाला के पास हरदा का निवासी हैं। दूसरा आरोपी भूरा राजपूत, निवासी छीपानेर रोड, हरदा तीसरा आरोपी चेतराम बंजारा, निवासी छीपानेर रोड, हरदा का है।

## हरदा में पेयजल के लिये शुरू किये 12 प्याऊ

**हरदा** जिले के सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को ग्रामीण क्षेत्र के लिये व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को शहरी क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा के लिये ग्रीष्म ऋतु में शुद्ध पेयजल हेतु सभी पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डों में प्याऊ की व्यवस्था शुरू कराने के कलेक्टर आदित्य सिंह ने निर्देश दिये हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार ने बताया कि हरदा शहर में अभी तक कुल 12 प्याऊ स्थापित किये जा चुके है। श्री पाटीदार ने बताया कि ये प्याऊ घंटाघर, बस स्टेण्ड, सब्जी मण्डी पाउनी डेयरी के पास, प्रताप टॉकीज काम्प्लेक्स के पास, हनुमान मंदिर बायपास चौराहा, साई मंदिर के पास, कचहरी के सामने, राठी पेट्रोल पम्प के पास, ग्वाल नगर हनुमान मंदिर के पास, नेहरू स्टेडियम पेट्रोल पम्प के पास, पोस्ट ऑफिस चौराहा तथा तेजाजी चौक के पास स्थापित किये गये है।

# भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

सत्ता सुधार ■ हरदा

जियो ओर जीने दो का विश्व को संदेश देने वाले जैन समाज के वर्तमान शासन नायक तीर्थकर भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर दिगम्बर जैन समाज द्वारा विश्व कल्याण की भावना को लेकर 108 कलशों से भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी का अभिषेक कर चौंसठ ऋद्धी-सिद्धी दीपकों के साथ बृहद शांति धारा की गई।



जैन समाज हरदा के कोषाध्यक्ष राजीव रविंद्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को भगवान महावीर स्वामी का जन्म हुआ था। श्री दिगम्बर जैन मंदिर खेड़ीपुरा में आयोजित किए गए।

प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य रविंद्र राजीव रपरिया परिवार को प्राप्त हुआ तो द्वितीय शांतिधारा का सौभाग्य श्रीमति शकुंतला गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ । ततपश्चात मुनिश्री सुयश सागर जी महाराज के सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी को चांदी के विमान में विराजमान कर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के पश्चात मंदिर में भगवान की वृह्द शांतिधारा तथा अभिषेक मुनिश्री सुयश सागर जी के मुखारविंद से किया गया। जिसमें प्रथम कलश का सौभाग्य विनोद अजमेरा परिवार, प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य राजीव रविंद्र रपरिया परिवार एवं द्वितीय शांतिधारा का सौभाग्य स्वदेश स्वासिक गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ ।

# पोषण पोटली' बनी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की खास पहचान

### सिविल अस्पताल हटा में 114 गर्भवती महिलाओं की जांच,हाई रिस्क मामलों पर विशेष ध्यान

सत्ता सुधार ■ दमोह

सिविल अस्पताल हटा में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) के तहत 144 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संगीता त्रिवेदी ने हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की गहन जांच की और जरूरत पड़ने पर सोनोग्राफी भी की।

इस अभियान की सबसे खास बात रही 'पोषण पोटली' का वितरण, जो अब मातृत्व अभियान की पहचान बनता जा रहा है। पोषण पोटली में प्रोटीन युक्त आहार के साथ काउंटर पर सुपोषण संबंधी जानकारी और स्वास्थ्य शिक्षा भी शामिल है। यह पहल सिविल अस्पताल द्वारा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से चलाई जा रही है, जिसमें स्थानीय नागरिक भी स्वेच्छा से सहयोग कर रहे हैं। डॉ. त्रिवेदी ने बताया कि जांच के दौरान कई महिलाओं में एनीमिया पाया गया,जिन्हें तत्काल आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन दिए गए। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान और समय रहते इलाज ही सुरक्षित प्रसव की दिशा में पहला कदम है।

हर माह की 9 और 25 तारीख को आयोजित होने वाले इस अभियान में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सभी आवश्यक जांचें निशुल्क की जाती हैं। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 'पोषण पोटली' पहल से न सिर्फ गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार मिल रहा है, बल्कि इससे समुदाय में गर्भवती महिलाओं के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता भी बढ़ी है।

सिविल अस्पताल के सीबीएमओ डॉ उमाशंकर पटेल कहते हैं कि हमारा संदेश स्पष्ट है-सुरक्षित मातृत्व के लिए चिकित्सकीय देखरेख के साथ-साथ स्वास्थ्य में जन-समुदाय की सक्रिय सहभागिता जरूरी है और इसी से हम हटा में अवाइडेबल मातृ मृत्यु को रोक पायेंगे।

# ग्राम पंचायत पटना बुजुर्ग में प्राचीन बावड़ी की सफाई, जल संरक्षण हेतु श्रमदान

सत्ता सुधार ■ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जन अभियान परिषद दमोह के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना बुजुर्ग में प्राचीन बावड़ी की सफाई का कार्य श्रमदान के माध्यम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनसहभागिता के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

सभी ग्राम वासियों के सहयोग से दोबारा श्रमदान आयोजित कर प्राचीन बाबड़ी को पूर्ण रूप से सफाई करने का संकल्प लिया गया। ग्राम राजा पटना में भी जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में जल संरक्षण हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य था स्थानीय जल स्त्रोतों



को पुनर्जीवित कर ग्रामीणों को जल संकट से निजात दिलाना और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना। इस पहल को ग्रामीणजनों ने सराहा और भविष्य में भी ऐसे अभियानों में भागीदारी का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक सुशील नामदेव, बबली विश्वकर्मा, वंदना जैन, कमला बाई, पन्ना लाल यादव, हाकम सिंह, देवेंद्र सिंह लोधी, आरिफ खान, लक्ष्मण सिंह, सुधीर खरे, अमर सिंह लोधी, देवेंद्र सिंह, आरिफ खान, लक्ष्मण सिंह, हाकम सिंह, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि सहित ग्राम गणमान्य नागरिक, ने मिलकर श्रमदान किया।

**सेमिनार** विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सदन में किये अपने विचारों को साझा

# संविधान का अमृत महोत्सव पर हुआ एक दिवसीय सेमिनार

सत्ता सुधार ■ दमोह

संविधान के अमृत महोत्सव पर ÷मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान÷ विषय पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राजनीति विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ आलोक जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ आलोक जैन ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वह नियमित रूप से महाविद्यालय में उपस्थित होकर न केवल अध्ययन करें बल्कि शासन के द्वारा उन्हें दी जा रही सुविधाओं का भी उपभोग करें। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता और संयोजक डॉ इन्दिरा जैन




ने संविधान की मूल आत्मा उसकी भावना, उद्देश्य, उसके लक्ष्य, और उसमें किए गए नागरिक और व्यक्तियों के लिए प्रावधान पर विस्तृत चर्चा की उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि उसमें हर नागरिक और व्यक्ति को प्रतिष्ठा और गरिमा के साथ जीने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना की अंतिम पंक्ति में उल्लेखित तीन शब्द अंगीकृत अधिनियमित और आत्मअर्पित में से अंतिम शब्द आत्माअर्पित होना अभी बाकी है। डॉ एन आर सुमन ने कहा कि संविधान अपरिपक्व नहीं परिपक्व सर्वोच्च विधान है। इसकी सफलता इसी बात में है कि आज तक हमारे देश में संविधान, विधि, विधान, शासन प्रशासन के खिलाफ कोई क्रांति नहीं हुई। संविधान के लचीलेपन ने सामाजिक परिवर्तन के अनुकूल हर चीज को समाहित किया है। शासकीय आदर्श महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डां कीर्ति काम दुबे ने कहा कि संविधान हमें अधिकार और कर्तव्य दोनों देता है पर हम जितने लालायित अधिकारों के लिए दिखाई देते हैं उतना ही कर्तव्यों के प्रति होना अनिवार्य है। संस्कृत के सहायक प्राध्यापक जितेन्द्र धाकड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्मशास्त्र पहले आये संविधान बाद में पर संविधान में सभी धर्म ग्रन्थों, हमारी संस्कृति और सभ्यता को समाहित किया गया है।

# सांसद हिमाद्री सिंह की पहल पर चिल्हारी के ग्रामवासियों को मिलने लगा पेयजल

### ग्राम वासियों ने सांसद को दिया धन्यवाद

सत्ता सुधार ■ शहडोल

सासंद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह की पहल पर शहडोल संभाग के उमरिया जिले के ग्राम चिल्हारी में गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। गौरतलब है कि बीते कुछ समय से चिल्हारी क्षेत्र में जल की गंभीर समस्या बनी हुई थी, जिससे ग्रामीणों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस



स्थिति को देखते हुए सांसद हिमाद्री सिंह ने न केवल इस मुद्दे को गंभीरता से लिया, बल्कि त्वरित कार्रवाई करते हुए पेयजल टैंकर की व्यवस्था कराई, जिससे ग्रामवासियों को बड़ी राहत मिली है।

लोगो का कहना है कि यह टैंकर सेवा सिर्फ एक अस्थायी सुविधा नहीं, बल्कि सांसद की जनता के प्रति संवेदनशीलता और समर्पण को दर्शाता है। चिल्हारी के सरपंच, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिकों ने इस कदम के लिए सांसद हिमाद्री सिंह को हृदय से धन्यवाद दिया और कहा कि यह पहल एक प्रेरणास्त्रोत है।

# देवरी नगर एवं मुख्य सड़क से लगी करोड़ की भूमि का नहीं हो पा रहा व्यवस्थित सीमांकन

## आरोप...शासकीय भूमि को खुर्द-बुर्द कर बंदर वाट की तैयारी

सत्ता सुधार ■ देवरी (सागर)

विभिन्न शासकीय निर्माण कार्य करने के लिए शासन के पास शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके चलते कई विकास कार्य रुके हुए हैं लेकिन सागर जिले के अंतर्गत आने वाली देवरी विकासखंड में नगर, मुख्य सड़क एवं नेशनल हाईवे के पास की भूमि का सही तरीके से सीमांकन ना होने के कारण करोड़ों रुपए की भूमि को खुर्द-बुर्द कर बंदर वाट की तैयारी चल रही है।

प्रशासन अगर इस और ध्यान नहीं दे रहा तो उक्त करोड़ों की भूमि ढूंढने से नहीं मिलेगी। जानकारी के अनुसार मुख्य सड़क से लगी हुई यह भूमि जो की ग्राम टोला राजोला में खसरा नंबर 68 एवं 69 शासकीय भूमि है।यह भूमि एकड़ नहीं बल्कि डेसिमल के भाव से भी बेची जाए तो लगभग 3 लाख रुपए डिसमिल की यह भूमि है लेकिन शासन द्वारा देखरेख न करने एवं व्यवस्थित संस्था को भूमि आवंटित न करने के कारण इस पर




अतिक्रमण करवाने एवं बंदर बांट करने के आरोप भी लग रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह दोनों खसरा नंबर मिलाकर कुल 1.90 एकड़ भूमि है। यानी इस भूमि पर यदि ग्राम पंचायत द्वारा कोई भवन का निर्माण कराया जाता है तो इसके बाद शेष बची भूमि पंचायत द्वारा कई निर्माण कार्य एवं विकास कार्य में उपयोगी की जा सकती है, वहीं राजस्व विभाग भी इसका उपयोग कर शासकीय भवनों का निर्माण कार्य भी कर सकती है।ग्राम पंचायत के सरपंच महेश कुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि नियम अनुसार पंचायत द्वारा ग्राम सभा कर सर्वसम्मति से उक्त भूमि पर



सामुदायिक भवन बनाने हेतु प्रस्तावित की गई है।उक्त सामुदायिक भवन की लागत 20 लख रुपए है।8 लाख की राशि 8 माह पूर्व खाते में आ गई है भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना है लेकिन तहसीलदार को लिखित आवेदन देने के बाद पटवारी द्वारा भूमि का सीमांकन किया गया लेकिन यह माप मौखिक रूप से बताया गया।उक्त भवन के निर्माण की अतिरिक्त खाली पड़ी हुई भूमि का उपयोग पंचायत द्वारा किया जाना है लेकिन उक्त स्थान पर उक्त भूमि का माप नहीं किया जा रहा है जिसके कारण वह परेशान है। भूमि जो की खसरा के अनुसार 1.90 एकड़ है में से कुछ भूमि पर भवन का निर्माण हो जाएगा शेष भूमि पंचायत द्वारा गरीब एवं सामान्य परिवार के लोगों के लिए विवाह हेतु मैरिज गार्डन बनाए जाने के लिए चिन्हित की गई है लेकिन भूमि का सीमांकन सही तरीके से नहीं हो रहा, पटवारी परेशान कर रहे हैं कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही खसरा नंबर 68 एवं 69 कि उक्त माप विधि अनुसार किया जाए तो पूरी भूमि मिल जाएगी और इसका उपयोग शासकीय कार्य में होगा वही भूमि भी सुरक्षित हो जाएगी लेकिन पटवारी एवं कुछ अधिकारी नहीं चाहते कि यह भूमि सुरक्षित रहे।

### कलेक्टर के निर्देश के बाद भी नहीं होती करवाई

शासकीय भूमि को सुरक्षित करने के लिए सागर कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा लगातार निर्देश जारी किए जा रहे हैं लेकिन निर्देशों को दरकिनार करते हुए राजस्व की भूमि का उपयोग अतिक्रमण में ज्यादा किया जा रहा है और करोड़ों की भूमि को बंदर बांट कर खुर्द-बुर्द करने का कार्य कुछ पटवारी एवं अधिकारियों की मिली भगत से हो रहा है। ग्राम पंचायत झुनकू के सरपंच महेश पटेल द्वारा लिखित रूप से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवरी से शिकायत की गई है कि उक्त ग्राम राजोला में खसरा नंबर 68 एवं 69 की शासकीय भूमि का व्यवस्थित सीमांकन किया जाए एवं उक्त भूमि को सुरक्षित किया जाए नहीं तो यह भूमि जो की करोड़ों रुपए की है का बंदरबांट हो सकता है। उक्त भूमि पर कुछ लोगों की नजर है जिन्हें वह अवैध कॉलोनी के उपयोग के रूप में कर सकते हैं। इसको लेकर कुछ लोगों द्वारा प्रयास किया जा रहा है अतः शासन को हानि ना हो और उक्त भूमि सुरक्षित रहे इसलिए उक्त भूमि का सही सीमांकन कर पंचायत के निर्माण कार्य हेतु प्रदान की जाए। इस संबंध में तहसीलदार विकास सिंह भदोरिया को कॉल किया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

**शासकीय भूमि का पूरा सीमांकन होगा :** इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती भव्या त्रिपाठी ने कहा कि उक्त शासकीय भूमि का पूरा सीमांकन कराया जाएगा। शासन की एक भी इंच भूमि का दुरुपयोग नहीं होने देंगे जो शासन की भूमि है वह शासन के लिए ही उपयोग हेतु रहेगी।

## ब्रीफ न्यूज

### ब्रिटिश पार्लियामेंट में बीना के आदित्य सिंह ने किया वरिष्ठ समाजसेवी मेघराज सिंह का सम्मान

**बीना (सागर)।** भारत के एक प्रमुख समाज सेवी मेघराज सिंह रॉयल जिन्होंने राजस्थान के रेगिस्तान में प्राकृतिक घर बनाकर एक नया कार्य किया जिसका तापमान भीषण गर्मी में लगभग 10 डिग्री सेल्सियस तक कम हो जाता है, जिसके लिए भारत सरकार ने प्रोत्साहित किया, आवास निर्माण के साथ ही प्राकृतिक जल वर्षा के पानी को बचाकर जल प्रबंधन कर जल संकट से निजात दिलाने का कार्य करने वाले एवं हैरिटेज स्थलों का संरक्षण कर भारत की वैभवशाली विरासत को बचाने का प्रयास कर रहे। मेघराज सिंह का सम्मान ब्रिटिश पार्लियामेंट में आदित्य सिंह ने किया। इस अवसर पर लंदन के संसद वहाँ की मेयर साथ ही प्रसिद्ध समाज सेवी एवं उद्योगपति उपस्थित रहें, आदित्य सिंह ने मेघराज सिंह से आग्रह किया कि उनकी संस्था के माध्यम से हमारे ग्रह प्रदेश मध्य प्रदेश के पिछड़े क्षेत्र में भी आप आकर जरूरतमंद लोगों की मदद कर पर्यावरण एवं पर्यटन क्षेत्र में माध्यम बनकर सहयोग करें।

### महावीर जयंती पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

**बीना (सागर)।** गुरुवार को सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा बीना में भगवान महावीर स्वामी जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें अनेकों झांकिया ने लोगों का मन मोह लिया।यह शोभा यात्रा सुपारसनाथ मंदिर मध्य क्षेत्र से प्रारंभ होकर थाने के पीछे से सर्वोदय चौक, स्टेशन रोड, गांधी तिराहा से बड़ी बजरिया होते हुए महावीर चौक मां जागेश्वरी मार्ग से होते हुए सुपारसनाथ मंदिर तीन नंबर स्कूल मैदान मे महाराज श्री के सानिध्य में श्री जी का अभिषेक हुआ एवं मंगल प्रवचन हुए। इस शुभ अवसर पर लोगों ने जगह-जगह चौंक लगाकर मुनि निर्लोभ सागर, मुनि निर्दोष सागर, मुनि निरुपम सागर महाराज के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर विधायक निर्मला सप्रे ने भी महाराजश्री का आशीर्वाद लिया। मूल सिद्धांत अनुसार भगवान महावीर ने जैन धर्म के मूल सिद्धांतों की स्थापना की थी, जो जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से एक हैं। जैन धर्म की मान्यताओं के अनुसार, महावीर जी का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर हुआ था।

# देवरी में खूब फल फूल रहा अवैध कॉलोनी का कारोबार

## बेलगाम काटी जा रही नियम विरुद्ध कालोनियां, एसडीएम ने कहा कार्यवाही होगी



सत्ता सुधार ■ देवरी (सागर)

अवैध कॉलोनीयों के खिलाफ जिला प्रशासन ने जरूर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है लेकिन देवरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनी का धंधा खूब फल फूल रहा है। जिला प्रशासन के पास लगातार शिकायत है आ रही है कि अवैध कालोनियां के चलते लोग परेशान हैं जो कॉलोनाइजर द्वारा सुविधा दी जानी है वह ग्राहकों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही जिसके बाद कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा नियम विरुद्ध अवैध कॉलोनी को विकसित करने वाले कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों से लगता है कि अवैध एवं नियम विरुद्ध कॉलोनी विकसित करने वाले कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्यवाही लगभग तय है।लेकिन क्या यह कार्रवाई केवल सागर शहर तक सीमित रहेगी या विकासखंड स्तर पर भी अवैध कॉलोनी काटने वाली कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई हो पाएगी। बात देवरी की करें तो नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक अवैध कालोनियां काटी गई है हर वार्ड एवं नगर से लगे हुए ग्राम पंचायत कांसखेड़ा, झुनकू सिलारी ,चीमाढाना, सहित कई आसपास के गांव एवं नगर में अवैध कालोनी काटी गई है। इन अवैध कॉलोनी में नियमों को दर किनार करते हुए कॉलोनाइजर द्वारा खेतों में मुरम डालकर कुछ सड़के बना दी है और कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है।

### इनका कहना है ....

मेरे द्वारा सभी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की कॉलोनी की जानकारी मांगी गई है, नियम विरुद्ध एवं अवैध कॉलोनी बनाने वाले कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी।

**श्रीमती भव्या त्रिपाठी**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**राजस्व देवरी**

### मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करा पा रहे कॉलोनाइजर

पूर्व में भी जिला प्रशासन द्वारा अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन यह कार्यवाही केवल कागजों तक सीमित रही अधिकारी द्वारा कॉलोनी के संबंध में डाटा मांगा गया और वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया लेकिन फाइल कहां दब गई किसी को पता नहीं है लेकिन अब कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा ऐसी अवैध कॉलोनी जो कि नियम विरोधी तरीके से बनाई गई है उन पर सख्त कार्रवाई होना तय है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती भव्या त्रिपाठी ने भी कहा है नियम विरुद्ध एवं अवैध कॉलोनी को विकसित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### नेशनल हाईवे 47 पर शराब की दुकान हटाने के संबंध में शिकायत

**हरदा।** एक महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने के लिए जि नेशनल हाईवे 47 पर उड़ा के नजदीक सर्विस लाइन के पास शराब की दुकान को हटाने के लिए जिलाधीश को संजय कमलचंद जैन ने आवेदन देकर मांग की है। यह शराब की दुकान नेशनल हाईवे 47 पर स्थित है, जो एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मार्ग है। इस दुकान के कारण यहां पर अक्सर यातायात जाम होता है और सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, यह दुकान आसपास के क्षेत्र में अपराध और असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का कारण भी बन रही है। शराब की दुकान कानून के विरुद्ध है। नेशनल हाईवे अधिनियम, 1956 के तहत, राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे शराब की दुकानें नहीं खोली जा सकती हैं।

# खेल अधोसंरचना का भ्रमण कराकर दी, खेल गतिविधियों की समझाया



सत्ता सुधार ■ देवरी (सागर)

खेल और युवा कल्याण विभाग÷ विकासखंड देवरी मे ÷खेलो बढ़ो अभियान के अंतर्गत जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी महोदय सागर और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवरी आदेशानुसार और मार्गदर्शन में विकासखंड समन्वयक बसीम राजा खॉन इंडोर स्टेडियम देवरी का प्रथम चरण में रमन पब्लिक हाई स्कूल के 100 से अधिक छात्र और छात्राओं को भ्रमण कराया गया।

इस भ्रमण का उद्देश्य युवा खिलाड़ियो को खेलों के महत्व, खेलों से जोड़कर उन्हे आगे बढ़ाना और स्टेडियम की विशेषताओं से परिचित कराना है, और खेल संसाधन उपलब्ध कराना है। स्टेडियम में छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रकार के खेलों के अभ्यास के लिए उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया। जैसे बैडमिंटन, टेविल टेनिस, जिम (शारीरिक अभ्यास) एवं खेलों के लिए आवश्यक उपकरण।भ्रमण के दौरान, छात्र/छात्राओं ने स्टेडियम की विभिन्न खेल गतिविधियों को करीब से देखा और खेल का अभ्यास भी किया, विकासखंड समन्वयक देवरी द्वारा खेल और युवा कल्याण विभाग में संचालित युवा खिलाड़ियो को समस्त योजनाओ जैसे, पार्थ (पुलिस आर्मी, रिक्रूटमेन्ट ट्रेनिंग एण्ड हुनर) योजना, ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण, मॉ तुझे प्रणाम योजना, खेल छात्रवृत्ति योजना, खेल सामग्री,अनुदान योजना, के बारे में जानकारी प्रदाय, खेल स्टेडियम के भ्रमण से छात्र /छात्राओं को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को एवं खेलों से जुड़कर उन्हे अपना केरियर बनाने में मदद मिलेगी। स्कूली छात्र/छात्राओं को इंडोर स्टेडियम का भ्रमण कर प्रसन्नता हुई और एम.डी.एम देवरी एवं खेल विभाग का आभार व्यक्त किया।

# जमीनी विवाद को लेकर भाई ने की चचेरे भाई की हत्या, केस दर्ज

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

बीना के बुखारा गांव में वर्षों पुराने जमीन विवाद ने बुधवार को हिंसक रूप ले लिया। कुल्हाड़ी से किए गए हमले में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।घटना बुधवार शाम 7 बजे की है, जब राजेश बेर बीनने गया था। जहां बबलू और दिनेश पिता बिज्जे का अपने चचेरे भाई राजेश पिता हम्मीर रैकवार (32) से वहां विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद उन्होंने राजेश पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।घायल राजेश और दिनेश को रात 11:30 बजे अस्पताल लाया गया। ड्यूटी डॉक्टर पल्लवी यादव ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। दिनेश को प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती किया गया। मृतक के परिजन



बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे।उन्होंने घायल दिनेश के साथ मारपीट की कोशिश की। पुलिस ने हस्तक्षेप कर दिनेश को सुरक्षित किया। एसडीओपी नितेश पटैल और टीआई अनूप यादव रात में ही अस्पताल पहुंचे। वे घटनास्थल का निरीक्षण करने भी गए।मृतक के छोटे भाई सोनू रैकवार के अनुसार, यह पारिवारिक जमीन विवाद तीन साल से चल रहा था। परिवार के ही कुछ लोग जमीन पर कब्जा किए हुए थे। टीआई अनूप यादव ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# महावीर जयंती पर हुआ प्राचीन प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक,निकाली गई शोभायात्रा

सत्ता सुधार ■ रहली (सागर)

जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर वर्तमान जिन शासक भगवान महावीर स्वामी के जन्म जयंति के अवसर पर दि.जैन तीर्थ अतिशय क्षेत्र पटनागंज में महावीर स्वामी की हजार वर्ष प्राचीन विशाल प्रतिमा का जन्माभिषेक और महामस्तकाभिषेक किया गया।इसके बाद बृहद शांति धारा की गई महावीर स्वामी विधान एवं पूजा पश्चात महाअर्घ चढ़ाया गया।दोपहर एक बजे से आदिनाथ जिनालय बजरिया रहली से रजत विमान में शोभा यात्रा निकाली ऐरावत हाथी धर्म ध्वजा लेकर चल रहे अश्वारोही युवा जन्मोत्सव भजन गाती माताऐं नर्तन करते हुए युवा नारे लगाते हुए बालिका मंडल नगर भ्रमण करते हुए जैन धर्मशाला पहुंची। नगर गौरव ब्रह्मचारी रजनीश भैया के निर्देशन में



कार्यक्रम संपन्न हुआ सौधर्म इन्द्र अमृत लाल नायक,माहेन्द्र सुधा र्नअजय चौधरी,इंसान इंद्र वायु आचार्य, सात कुमार मयंक जैन बलेह ने जन्मोत्सव की क्रियाएं संपन्न की शांति धारा करने का सौभाग्य अवधेश जैन,प्रशन्न कुमार विजय जैन ने पाया।महावीर जयंति पर नगर भर में डाली गई रांगोली एवं सुसज्जित दीपों से आरती उतारने वाले प्रतिभागियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी श्रीमती अनिता बबली,ज्योति मालथोंन एवं रांगोली में ब्रह्मचारिणी बहनें दीक्षा एवं दर्शिका, ज्ञानवी चारू चौधरी को पुरुस्कृत किया गया। रात्री में महिला मंडल द्वारा पालना झुलाने तथा पाठशाला के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी।

**सम्मेलन** इसी श्रृंखला में विधानसभा स्तरीय पार्टी के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है

# पीएम मोदी के नेतृत्व में राजनीति और विकास पथ में परिवर्तन के नए युग की शुरुआत: विधायक

सत्ता सुधार ■ सागर

म.प्र.भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर नरयावली विधानसभा स्तरीय ÷सक्रिय सदस्य सम्मेलन÷ गणेश एंजोरा, रजाखेड़ी में नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वालित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विधायक लारिया ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 14 अप्रैल डॉ.अंबेडकर जी की जयंती तक पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 6 व 7 अप्रैल





को हम सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडोत्तोलन किया। इसी श्रृंखला में विधानसभा स्तरीय पार्टी के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने का सूत्र है,भारत की सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प; और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी की स्थापना काल से लेकर अब तक की यात्रा संघर्षमय रही है। बीते 11 वर्षों में भारत की राजनीति और विकास के लिए स्वर्णिम काल साबित हुआ है। देश ने पहली बार भाजपा राजनीति में सुचिता का एहसास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने भारत को वैश्विक शक्ति के तौर पर स्थापित किया। बीते 11 साल का कालखंड भारत की राजनीति और विकास के लिए स्वर्णकाल साबित हुआ। इस कालखंड में भारत की ताकत को विश्व ने सही मायने में पहचाना है। आज भारत विश्व का नेतृत्व करने में अग्रिम पंक्ति में है। देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा मजबूत हुई है। कश्मीर में अमन की फिजा बह रही है। भाजपा ने देश की राजनीति दिशा और दशा बदली है। समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को अपनी बात कहने का अवसर मिल रहा है। देश अब सुशासन की राजनीति की ओर अग्रसर हो रहा है। विधायक लारिया ने सम्मेलन में प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के साथ लगभग 11 वर्षों में विकसित भारत की ओर यात्रा पर विस्तार से विस्तार से संबोधन किया। सम्मेलन में विषय वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास एवं विकास पर और जिला मंत्री जयंती मौर्य ने भारत की राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन विषय पर अपने विचार साझा किया। सम्मेलन में प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल पटेल, जिला उपाध्यक्ष चैन सिंह ठाकुर, विधानसभा प्रभारी श्याम सुंदर मिश्रा, जनभागीदारी अध्यक्ष धर्मेंद्र बंटी राठौर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शारदा खटीक, जिला मंत्री जयंती मौर्य, मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह पड़रिया,सौरभ केसरवानी, ऑफिसर यादव, सोहन लोधी, अंकित तिवारी, नपा अध्यक्ष मिहीलाल, कपिल कुशवाहा, राघवेन्द्र सिंह राजपूत,दिलीप नायक,रत्नेश सिंह, डॉ.अनिल तिवारी, जिला मंत्री पूनम पटेल,विक्रम मौर्य एवं सक्रिय सदस्यों सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की।



पेरिस में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में भाग लेते हुए पेरिस सेंट जर्मेन और एस्टन विला के खिलाड़ी।

## ब्रीफ न्यूज

### ईपीएल टिकटों की भारी मांग को देखते हुए साइबर ठग भी सक्रिय हुए

**जयपुर।** इंडियप्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों के टिकटों की आड़ में आजकल साइबर ठग भी सक्रिय हो गये हैं। ऐसे में टिकट बुकिंग के प्रयास करने वाले प्रशंसकों को सतर्क रहना जरुरी है। साइबर ठगों को मालूम है कि लोग टिकटों के लिए परेशान है और वे इसी का लाभ उठाते हैं। प्रशंसकों की एक भी गलती उनका बैंक अकाउंट खाली कर सकती है। टिकटों को खरीदने के लिए सबसे ज्यादा छात्र पहुंच रहे हैं उनमें से कई को टिकट नहीं मिलता। ऐसे में ठग साइबर ठग ऑनलाइन ठगी करने पर उतर आए हैं। साइबर क्राइम पुलिस के मुताबिक साइबर ठग फर्जी वेबसाइट और एप के जरिए लोगों को आईपीएल टिकटों को लेकर लुभावने ऑफर देकर वित्तीय जानकारी मांग रहे हैं। सोशल मीडिया के जरिए भी ठग लोगों को सस्ते टिकटों के लिए फर्जी ऑफर दे रहे हैं। साइबर पुलिस द्वारा की गई जांच में पता चला है कि आईपीएल टिकटों की बुकिंग या अन्य जानकारी ऑनलाइन सर्च में मिले फर्जी हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने पर साइबर ठग लोगों से उनकी यूपीआई या बैंक डिटेल्स मांग कर उनके साथ वित्तीय ठगी कर रहे हैं, इसलिए ऐसे मामलों से बचने के लिए पुलिस ने साइबर एडवाइजरी जारी की है जिसके अनुसार लोग आईपीएल टिकट आधिकारिक वेबसाइटों से ही खरीदें।

### अजय सिंह के नेतृत्व में अंतरिम समिति बनी

**लुसाने।** विश्व मुक्केबाजी संघ (डब्ल्यूबीए) ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के मामलों की देखरेख के लिए अजय सिंह के नेतृत्व में एक अंतरिम समिति बनाई है। इस अंतरिम समिति में बीएफआई उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निरवान, बीएफआई कार्यकारी निदेशक अरुण मलिक और ओलंपियन एल. सरिता देवी भी शामिल हैं। डब्ल्यूबीए ने यह समिति भारतीय मुक्केबाजी हितधारकों के अनुरोध पर बनाई गई है। इससे पहले डब्ल्यूबीए ने बीएफआई प्रमुख अजय सिंह को 7 अप्रैल को लिखे अपने पत्र में भारतीय मुक्केबाजी हितधारकों की चिंताओं को देखते हुए जरुरी कदम उठाने को कहा था। इसमें स्थिरता बहाल करने और विश्व मुक्केबाजी के नियमों का सही से पालन करना शामिल था।

### प्रीति जिंटा बोलीं, प्रियांश के रुप में नया सितारा मिला

**मुंबई।** पंजाब किंग्स की सह मालिक व बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की जमकर प्रशंसा की है। प्रीति ने कहा कि प्रियांश ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सबको हैरान कर दिया है। पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ आक्रामक शतक लगाकर सभी को प्रभावित किया है। प्रीति ने कहा कि प्रियांश के रुप में हमें एक नया सितारा मिला है। पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गए मैच में प्रियांश ने 39 गेंदों में ही आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक लगाया है। प्रीति ने सोशल मीडिया में प्रियांश के साथ कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, सीएसके के खिलाफ मैच में हमने क्रिकेट का एक धमाकेदार खेल, लीजेंड की दहाड़ और एक चमकते सितारे का जन्म होते देखा।

# आईपीएल में आज सीएसके और केकेआर में होगा मुकाबला

एजेंसी ■ चेन्नई



आईपीएल के इस सत्र में लगातार मिल रही हार से निराश चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अब शक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। अब तक सीएसके लिए कुछ भी अच्छा नहीं रहा है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज विफल रहे है। अनुभवी खिलाड़ी महेन्द्र सिंह धोनी भी लय में नहीं हैं। टीम को पांच में से चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। सीएस की राह इस मैच में भी हालांकि आसान नहीं है। पिछली बार कि विजेता केकेआर भी ये मैच जीतकर अपना अभियन पटरी पर लाने चाहेगी। उसे भी इस सत्र में अधिकतर हार ही मिली है। इस सत्र सीएसके अपनी ही घरेलू मैदान पर पहले आरसीबी और फिर दिल्ली कैपिटल्स से हारी थी। इस सत्र में उसे भी तक पांच मैच में से चार में हार का सामना करना पड़ा है, इसलिए यह मैच उसके लिए बेहद अहम बन गया है। उसे अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से करीबी मुकाबले में 18 रनों से हार सामना करना पड़ा था। इसी को देखते हुए सीएसके इस बार अपने अनुसार पिच तैयार करा रही है। आरसीबी के खिलाफ बड़ी हार के बाद चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पिच को लेकर शिकायत की थी। पहले सीएसके को पिच का लाभ मिलता था पर अब उसमें बदलाव से उसे नुकसान हुआ है। चेन्नई को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसके खिलाड़ियों को तेजी से हालातों के अनुरुप ढ़लना होगा। यही नहीं उसके स्पिन गेंदबाजों को सफलता हासिल करने का तरीका ढूंढना होगा.चेन्नई की टीम के लिए अच्छी बात यह है कि डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाजों ने लय हासिल करने के संकेत दिए हैं पर कप्तान रुतुराज गायकवाड़ अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। दूसरी ओर केकेआर की टीम भी टीम के लिए ये सत्र उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। उसे अपने पिछले मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में अगर उसे जीत दर्ज करनी है तो उसके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उसे गेंदबाज पिछले मैच में विफल रहे थे। उन्हें भी बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। बल्लेबाजी में टीम की कमान क्विंटन डी कॉक, सुनील नारायण, कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों पर रहेगा वहीं गेंदबाजी की जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा के पास रहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**केकेआर** : क्विंटन डी कॉक (विकेट कीपर), सुनील नारायण, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, स्पेंसर जॉनसन, वरुण चक्रवर्ती, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा

**सीएसके** : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रवींद्र, विजय शंकर, मुकेश चौधरी।

### शुभमन को लेकर सच साबित हुई इरफान पठान की भविष्य वाणी

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की एक गेंद पर साफ बोल्ड हुए। इससें हैरान होने की बात ये रही कि मैच से पहले ही पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने एक वीडियो में कहा था कि वह आर्चर की अंदर आती गेंद का शिकार बनेंगे। ऐसे में शुभमन जैसे ही आऊट हुए, पठान की ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। इस वीडियो में इरफान कहते हैं कि आज गुजरात और राजस्थान के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। सबसे अहम होगा आर्चर और शुभमन का मुकाबला। इस वीडिया में कहा गया था कि शुभमन को जोफ्रा की तेजी से कोई परेशानी नहीं है पर अगर जोफ्रा छह मीटर पर फेंकी गेंद को थोड़ा लेट इनस्विंग कराएंगे तो यह शुभमन के लिए खतरनाक हो सकती है। जोफ्रा विकेट निकाल सकते हैं। शुभमन के आऊट होने के बाद पठान ने दोबारा ट्विट किया। उन्होंने लिखा, मैंने अपने पिछले वीडियो में आर्चर से शुभमन को दी गई इस गेंद के बारे में बात की थी। इस मैच का बेसब्री से इंतजार था।

# आईपीएल प्लेऑफ की रेस में इस बार दिल्ली कैपिटल्स सहित ये चार टीमें हैं प्रबल दावेदार



मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 20 से अधिक मैच हो गये है। टूर्नामेंट हालांकि शुरुआती दौर में हैं पर अभी से कुछ टीम प्लेऑफ की दौड़ में आगे नजर आ रही हैं। वहीं कुछ टीमें पिछड़ती दिख रही हैं। इस बार दोनो ही पांच बार की चैंपियन टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रदर्शन अब तक खराब रहा है और ऐसे में इनकी प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाए कम नजर आ रही हैं। वहीं इस बार दिल्ली दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स का प्रदर्शन अच्छा रहा है और ये चारों ही टीमें प्लेआफ की दावेदार नजर आ रही हैं। अन्य टीमें आईपील सीजन से बाहर हो जाएंगी।

**दिल्ली कैपिटल्स** : आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी अक्षर पटेल कर रहे है। इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स ही ऐसी टीम है जो कोई मुकाबला नहीं हारी है। दिल्ली कैपिटल्स ने तीन मैच खेले हैं और तीनों में जीत दर्ज की है। छह अंकों के साथ दिल्ली कैपिटल्स का रन रेट (प्लस1.257) पर बना हुआ है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को यही प्रदर्शन जारी रखना होगा। उसे 11 में से 5 मैच जीतने होंगे।

**गुजरात टाइटंस** : गुजरात टाइटंस की कप्तानी शुभमन गिल कर रहे है। इस सीजन में चार में से तीन मुकाबलों में जीत दर्ज करने वाली गुजरात टाइटंस छह अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है। टीम का नेट रन रेट प्लस 1.031 का है। प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए गुजरात टाइटंस को 10 शेष मुकाबलों में से पांच में जीत हासिल करनी होगी।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : नये कप्तान रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस सीजन में मजबूती के साथ खेल रही है। आरसीबी के बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों ही अच्छे फॉर्म में दिख रहे है। चार मैच खेल चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अबतक तीन मुकाबले जीत चुकी है। टीम का नेट रनरेट प्लस1.015 का बना हुआ है। पॉइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटंस के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीसरे पायदान पर बनी हुई है। प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए दमदार खेल दिखाते हुए टीम को 10 में से कम से कम पांच मुकाबले जीतने होंगे।

**पंजाब किंग्स** : पंजाब किंग्स की अगुवाई इस बार श्रेयर अय्यर के हाथों में है। उनके नेतृत्व में टीम ने चार में से तीन मुकाबले जीते है। टीम के बल्लेबाजों की फॉर्म जबरदस्त है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स शानदार खेल दिखा रही है। पंजाब किंग्स चौथे पायदान पर बनी हुई है। प्लेऑफ में जगह पाने के लिए उसे 10 में से पांच मुकाबले जीतने होंगे।

**मुंबई इंडियंस** : मुंबई इंडियंस की कप्तानी हार्दिका पांड्या के हाथों में है। पिछले सीजन की तरह इस सीजन में भी टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। मुंबई ने पांच मुकाबले खेलने के बाद सिर्फ एक में जीत पाई है। मुंबई को नौ मैच खेलने है जिनमें से उसे सात मैच जीतने होंगे ताकि वो प्लेऑफ में पहुंच सके। अगर मुंबई दो मैच हार जाएगी तो प्लेऑफ में पहुंचना काफी मुश्किल हो जाएगा।

**चेन्नई सुपर किंग्स** : इस सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स ने ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में टीम विफल रही है। पांच मैच खेल चुकी टीम सिर्फ एक मैच ही जीती है। अंक तालिका में चेन्नई नौवें पायदान पर है। टीम के पास नौ मैच खेलने का मौका है, जिनमें से उसे सात में जीतना होगा तभी प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना बनेगी।

**महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर**

# घायल होने के बाद भी मैथ्यूज ने शतक लगाया पर टीम को जीत नहीं दिला पायीं

एजेंसी ■ लाहौर

वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज ने घायल होने के बाद भी स्कॉटलैंड के खिलाफ यहां हुए महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में शतक लगाया हालांकि इसके बाद भी वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पायीं। ये टूर्नामेंट पाकिस्तान के लाहौर सिटी क्रिकेट एसोसिएशन मैदान पर हुआ। यह टूर्नामेंट का दूसरा मैच था, जो भारत में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए अंतिम दो स्थानों को तय करने के लिए आयोजित किया गया। रोमांचक मुकाबले के दौरान मैथ्यूज घायल होने के बाद भी बल्लेबाजी करने पहुंची। उन्होंने शतक भी लगाया लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाई। सभी इस मैच के परिणाम से हैरान हो गये क्योंकि स्कॉटलैंड एकदिवसीय में 12 वीं रैंकिंग वाली टीम है वहीं वेस्टइंडीज छठी एकदिवसीय रैंकिंग वाली टीम है।



इस मैच में स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी हुए 50 ओवरों में कुल 244 रन बनाए। सारा ब्रायस ने 55 रन बनाए और मेगन मैककॉल ने 45 रन बनाए। इससे पहले पारी की शुरुआत करते हुए ड्रमंड ने 32 गेंदों पर 21 जबकि काटर ने 48 गेंदों पर 25 रन बनाए थे। अंत के ओवरों में कैथरीन फ्रेजर ने 27 गेंदों पर 25 और चटर्जी ने 10 गेंदों पर 15 रन बनाकर स्कोर 244 तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज की ओर से हेली मैथ्यूज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 56 रन देकर 4 विकेट लिए।

इसके बाद जीत के लिए मिले 245 रनों का पीछा करते हुए, कप्तान हेली मैथ्यूज के शानदार प्रयास के बाद भी वेस्टइंडीज़ की टीम विफल रही। हेले जांघ में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट हुई और उन्हें स्ट्रैचर पर मैदान से बाहर ले जाना पड़ा था। उस समय वह 95 रन खेल रहीं थी। विंडीज की जैडा जेम्स ने 89 गेंदों पर 45 रन बनाए जबकि चिनेल हेनरी ने 12 तो शबिका गजनबी ने 2 रन बनाए। मैथ्यूज के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद बल्लेबाजी क्रम ध्वसत हो गया। चेरी-एन फ्रेजर शून्य पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज अंततः कमज़ोर पड़ गई और स्कॉटलैंड की जीत तय नजर आने लगी। ऐसे में मैथ्यूज एक बार फिर से मैदान पर उतरी।

# रिटायर्ड आउट का प्रयोग सही नहीं मानते कैफ

एजेंसी ■ मुम्बई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार दो अवसरों पर खिलाड़ियों को जबरदस्ती रिटायर्ड आउट कराया गया है। इसी पर पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने नाराजगी जतायी है। कैफ ने कहा है कि आजकल आजकल जिस प्रकार खिलाड़ियों को जबरदस्ती रिटायर्ड आउट कराया जा रहा है वह खेल के लिए सही नहीं है। इस सत्र में सबसे पहले मुंबई इंडियंस ने तिलक वर्मा को जब रिटायर्ड आउट कराया तब वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे पर मुम्बई का मानना था कि अगला बल्लेबाज उनसे तेज खेलेगा। तिलक ने 23 गेंद में 25 रन बनाये थे और टीम प्रबंधन के फैसले से



निराश दिखे थे। जब उन्हें रिटायर कराया गया तब मुम्बई को जीत के लिए अंतिम सात गेंद पर 24 रन चाहिए थे पर इस बदलाव से भी टीम को लाभ नहीं हुआ और वह हार गयी। वहीं इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान भी डेवोन कॉनवे को भी रिटायर्ड आउट कराया। उस समय कॉनवे ने 49 गेंद में 69 रन बनाये थे। तो उन्हें वापस बुला लिया। उस समय सीएसके को 13 गेंद में 49 रन चाहिए थे। नये बल्लेबाज को उतारने के बाद भी सीएसके हार को नहीं टाल पायी।

कैफ का मानना है कि टीमें जिस प्रकार से ये प्रयोग कर रही है वह उनके लिए नुकसानदेह ही रहेगा। उन्होंने कहा कि साल 2020 में एक आईपीएल मुकाबले में धीमी शुरुआत करने के बाद राहुल तेवतिया ने भी अपनी टीम को जीत दिलाई थी। इसी को लेकर कैफ ने सोशल मीडिया पर लिखा, टीमें हताशा के कारण रिटायर्ड आउट विकल्प का अधिक प्रयोग कर रही हैं पर उन्हे ये समझना चाहिये कि ये ऐसी रणनीति कभी कभार ही चल पाती है।

### चैम्पियंस ट्रॉफी में इस कारण रोए थे श्रेयस

**मुम्बई।** आईपीएल में पंजाब किंग्स की कप्तानी करते हुए शानदार प्रदर्शन कर रहे श्रेयस अय्यर ने खुलासा किया है कि वह दुबई में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान काफी रोए थे। श्रेयस ने हालांकि चैम्पियंस ट्रॉफी में काफी रन बनाये थे पर इसके शुरु होने से पहले वह नेट्स पर ठीक से बल्लेबाजी नहीं कर पाने से निराश थे। इसी संघर्ष के दौरान वह वह बहुत ज्यादा हताश हो गए और एक दिन नेट्स के बाद अकेले बैठ कर काफी रोए थे प इसके बाद लगता है भगवान ने उनकी सुन ली और वह फॉर्म में आ गये।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

**जुर्माना** रॉयल्स ने सत्र में दूसरी बार किया आचारसंहित का उल्लंघन

# बीसीसीआई ने धीमी ओवर गति के लिए सैमसन पर लगाया जुर्माना

एजेंसी ■ मुम्बई

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर 24 लाख का जुर्माना लगाया है। सैमसन पर ये जुर्माना अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया है। इस मैच में रॉयल्स को 58 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। आईपीएल 2025 में यह दूसरी बार है जब राजस्थान की टीम ने आचारसंहिता का उल्लंघन किया है। इस कारण राजस्थान की अंतिम ग्यारह में शामिल सभी खिलाड़ियों पर 6 लाख या 25 फीसदी मैच फीस जो भी कम हो, का जुर्माना लगाया गया है। इस सत्र में इससे पहले राजस्थान रॉयल्स को



चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया था। उस मैच में कप्तानी कर रहे रियान पराग पर 12 लाख रुपए जुर्माना लगा था।

वहीं बोर्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, ÷राजस्थान रॉयल्स के कप्तान सैमसन पर टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।÷ साथ ही लिखा है, यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम की दूसरी गलती थी। इस कारण सैमसन पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इम्पैक्ट प्लेयर सहित अंतिम ग्यारह के बाकी सदस्यों पर या तो छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इस मैच में टॉस जीतकर रॉयल्स ने गुजरात को पहले पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। गुजरात ने 20 ओवर में 217 रन बोर्ड पर लगाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की पूरी टीम 19.2 ओवर में ही 159 रनों पर आउट हो गयी।

### पराग को आउट दिये जाने पर हुआ विवाद

**अहमदाबाद।** यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए आईपीएल मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग को आउट दिये जाने पर विवाद हो गया। इस मैच में गुजरात को 58 रनों से जीत मिली। इस मैच में जब पराग 26 रनों पर खेल रहे थे तो उन्हें थर्ड अंपायर ने आउट दिया पर वह इस फैसले से संतुष्ट नहीं दिखे और उन्होंने अंपायरों से इस मामले की शिकायत की लेकिन अंपायर अपने फैसले पर कायम रहे जिससे पराग ने वापस लौटते समय गुस्से में अपना बल्ला पटक दिया। इस मैच में कुलवंत खेजरोलिया की चौथी गेंद पर पराग ने शॉट लगाने का प्रयास किया पर गेंद उनके बल्ले पर नहीं आया। ऐसे में जोस बटलर ने कैच की अपील की जिसपर अंपायरों नपे पराग को आउट करार दिया। पराग इससे अहमत नहीं दिखे और उन्होंने डीआरएस की मांग करते हुए अंपायर के फैसले को चुनौती दी। वहीं थर्ड अंपायर ने रिप्ले में देखा कि गेंद लगने से पहले पराग का बैट जमीन पर लगा पर इसके बाद भी उन्होंने पराग को आउट दे दिया।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के एक मॉल और अन्य स्थानों पर छापेमारी की। ये छापे नोएडा स्थित एक 'रियल्टी समूह' के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत मारे गए हैं। इस समूह पर घर खरीदारों से करीब 40 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

# सुखद... उत्तर प्रदेश बनेगा फार्मा हब

## यूपीसीडा और आईआईटी-बीएचयू के बीच हुआ पांच साल का समझौता

### परियोजना के तहत 1472 एकड़ भूमि पर फार्मास्युटिकल उद्योग लगाएंगे

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**



उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनेगा। इस दिशा में राज्य सरकार ने पहल करते हुए यूपीसीडा, आईआईटी और बीएचयू ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता बुंदेलखंड के ललितपुर जिले में यूपीसीडा की ओर से विकसित किए जा रहे फार्मा पार्क को लेकर किया गया है। परियोजना के तहत कुल 1472 एकड़ भूमि पर फार्मास्युटिकल उद्योग लगाए जाएंगे। यह समझौता पांच साल तक प्रभावी रहेगा। आईआईटी-बीएचयू का फार्मास्युटिकल इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी विभाग परियोजना में मुख्य भूमिका निभाएगा। फार्मा पार्क में कार्यरत कंपनियों को योग्य मानव संसाधन, अनुसंधान सहयोग और तकनीकी समाधान मिलेंगे। इस समझौते से न केवल औद्योगिक विकास को बल मिलेगा, बल्कि बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्र को भी सामाजिक और आर्थिक समृद्धि मिलेगी।

### समझौते के मुख्य बिंदु

- कंपनियों को संस्थान के छात्रों को नौकरी देने के लिए सरकार प्रोत्साहित करेगी
- विशेष कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए जाएंगे
- संयुक्त समिति बनाकर छात्रों के प्लेसमेंट की रणनीति बनेगी
- कौशल विकास और प्रशिक्षण दिया जाएगा
- इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के मुताबिक कोर्स में बदलाव किए जाएंगे
- छात्रों को इंटर्नशिप और प्रशिक्षण के अवसर दिए जाएंगे
- संयुक्त शोध परियोजना और फैकल्टी-इंडस्ट्री एक्सचेंज प्रोग्राम पर काम होगा
- टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की पहल को बढ़ावा मिलेगा

### इनका कहना है

यह समझौता उत्तर प्रदेश की औद्योगिक यात्रा का ऐतिहासिक पड़ाव है। हमारा उद्देश्य केवल जमीन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समावेशी और सशक्त औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है।
– **मयूर माहेश्वरी**, सीईओ यूपीसीडा

# संकटमोचन संगीत समारोह का 16 अप्रैल को होगा शंखनाद

### नामचीन कलाकार आएंगे, युवाओं को मिलेगी तरजीह

**सत्ता सुधार ■ वाराणसी**

संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र ने पत्रकार वार्ता में 10 दिनी हनुमज्जयंती के बारे में विधिवत अवगत कराते हुए कहा कि हनुमज्जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर चैत्र शुक्ल पूर्णिमा 12 अप्रैल 2025 को संकट मोचन मंदिर प्रांगण में श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार, झांकी, अरती, पूजन होगा। इस दौरान प्रातः कालीन सत्र में शहनाई वादन, ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, श्री रामचरित मानस का एकाह पाठ, श्री सीताराम संकीर्तन, रामार्चा पूजन, श्री वाल्मिकी रामायण का सुंदरकांड, का पाठ, सायं 5 बजे रामकृष्ण मिशन के कीर्तन मंडलियों का संकीर्तन का आयोजन होगा, एवं रात्रिपर्यन्त नगर के विभिन्न रामायण मंडलियों द्वारा श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ आयोजित है। इसी क्रम में 13 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक सार्वभौम रामायण सम्मेलन आयोजित है, जिसमें काशी तथा



देश के अनेक सुप्रसिद्ध मानस वक्ताओं की कथा सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले वक्ता निम्नलिखित हैं। पं. उमाशंकर शर्मा (बरेली), पं किशन उपाध्याय (किशनगंज), डा. चंद्रकांत चतुर्वेदी एवं प्रो. नलिन श्याम कामिल भाग लेंगे।

### इस बार खास होगा आयोजन

संकट मोचन मंदिर प्रांगण में 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक छह दिवसीय रात्रिव्यापी संकट मोचन संगीत समारोह, जिसका 102वां वर्ष है, धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। सम्पूर्ण रूप से शास्त्रीय संगीत पर आधारित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्यति प्राप्त कला साधक भाग लेंगे। इस बार संगीत समारोह में 11 पद्म अवार्डी व 16 प्रथम प्रवेशी कलाकार शिरकत करेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### भाजपा पार्षद ने नगर निगम के ड्राइवर को मारी गोली

**मेरठ।** मेरठ के सूरजकुंड डिपो पर गुरुवार सुबह वार्ड-18 से भाजपा पार्षद रविंद्र ने निगम के ड्राइवर अविनाश पुत्र रतन कुमार को गोली मार दी। गोली पैर में लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। भीड़ में आरोपी पार्षद को मौके से पकड़ लिया। वहीं उसके साथी मौके से भाग गए। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। इंचोली थाना क्षेत्र के लावड़ निवासी अविनाश कुमार पुत्र रतन कुमार नगर निगम में ड्राइवर है। गुरुवार सुबह अविनाश अपने साथियों के साथ सूरजकुंड डिपो पर खड़ा था। आरोप है कि इसी बीच भाजपा पार्षद रविंद्र अपने एक दर्जन साथियों के साथ डिपो पर पहुंचा और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलियां चलाते ही आसपास के क्षेत्र में भगदड़ का माहौल हो गया। इस दौरान एक गोली अविनाश के पैर में लग गई। इसके बाद निगम में मौजूद अन्य कर्मचारियों ने आरोपी पार्षद व उसके साथियों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। भीड़ ने मौके से आरोपी पार्षद को पिस्तौल के साथ पकड़ लिया। वहीं उसके साथी मौके से भाग निकले। पुलिस आरोपी पार्षद व घायल ड्राइवर को लेकर जिला अस्पताल आ गई। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि पार्षद हिरासत में ले लिया है।

### गुजरात में आकर कांग्रेस को सरदार पटेल याद आए : केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटील

**सूरत।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री एवं गुजरात भाजपा के प्रमुख सीआर पाटील ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अब गुजरात आकर सरदार पटेल की याद आई है। पाटिल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दिल्ली में सरदार पटेल के स्मारक के लिए जगह तक मुहैया नहीं कराई है। उन्होंने कांग्रेस को चुनौती दी कि वह दिखाए कि एक भी कांग्रेस नेता स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार पटेल को देखने गया हो। सीआर पाटील सूरत के मजूरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे7 इस मौके पर पाटिल ने कांग्रेस और गांधी परिवार की मानसिकता पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता अपने भाषणों में सरदार पटेल का जिक्र तक नहीं करते। क्योंकि गांधी परिवार की ओर से स्पष्ट निर्देश था कि उन्हें कभी भी किसी भी चीज़ का श्रेय नहीं दिया जाना चाहिए। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने सरदार पटेल की दुनिया में सबसे बड़ी प्रतिमा, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराकर उन्हें सबसे बड़ा सम्मान दिया।

# यूपी में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि गेहूं की फसल चौपट, तापमान गिरा

## दिन में छाया अंधेरा : लाइट जलाकर सड़क पर चलना पड़ा, तापमान गिरने से मौसम हुआ सुहाना

- आकाशीय बिजली से दो मौतें, सेहत पर भी पड़ा असर
- सीएम ने दिए कलेक्टरों को भ्रमण और सर्वे के निर्देश
- कई क्षेत्रों में भारी बारिश, तेज हवाएं चलने से पारा भी लुढ़का

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**



राजधानी लखनऊ में गुरुवार को सुबह से ही काले बादलों और झोंकेदार हवाओं संग बारिश शुरू हो गई। दिन में ही घना अंधेरा छा गया। लोगों को लाइट जलाकर सड़क पर चलना पड़ा। बारिश और हवाओं की वजह से तापमान गिरने से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से लखनऊ में पूर्वा और पछुआ हवाओं का समागम होने से आंधी और बारिश देखने को मिली है। लखनऊ में सुबह 8:30 बजे तक सात मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि, एयरपोर्ट इलाके में यह दो मिमी रिकॉर्ड की गई। लखनऊ व आसपास के जिलों बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर आदि में भी अच्छी बारिश देखने को मिली। इस आंधी और भारी बारिश से जिन किसानों की गेहूं की फसल अभी कटी नहीं है, उनको फसल के नुकसान की चिंता सता रही है। फसल गिरने से पैदावार में काफी असर आ सकता है। वहीं झोंकेदार हवाओं से, गेहूं की फसल लेट जाएगी। किसानों को इसका सीधा नुकसान उठाना पड़ेगा।

### गाड़ी के ऊपर गिरा पेड़

अलीगंज सेक्टर-एल में पेड़ गिर गया। गाड़ी के ऊपर पेड़ गिरने से वह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वहीं हाईकोर्ट के गेट नंबर चार और पांच के सामने बारिश के बाद पानी भर गया। इससे लोगों को आवागमन में काफी असुविधा हुई। अयोध्या रोड के चिनहट चौराहे पर भी बारिश के बाद पानी भर गया। इससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### अमेठी में गेहूं की फसल चौपट

अमेठी में मौसम का बिगड़ा मिजाज किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सुबह बाजार शुकुल क्षेत्र सहित कई हिस्सों में झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट आई। वहीं गेहूं की कटाई को लेकर किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। गौरीगंज, मुसाफिरखाना, तिलोई और संग्रामपुर क्षेत्र में सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। इस बीच किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी रहीं।

### सीएम ने अफसरों को दिए निर्देश-
### तत्काल प्रभावितों को राहत राशि दी जाए

इधर सीएम योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश, वज्रपात आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। वर्तमान में गतिमान गेहूं की सरकारी खरीद के दृष्टिगत मंडियों सहित सभी खरीद केंद्रों पर गेहूं के सुरक्षित भंडारण का पूरा ध्यान रखा जाए। अधिकारी सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

### सीतापुर जिले में दो की मौत

सीतापुर जिले में खराब मौसम ने दो जिंदगियां ले ली। बिसवां के ग्राम पंचायत जनुवा के मजरा मोचखुर्द मे आकाशीय बिजली गिरने से किसान हरिश चंद्र भार्गव (23) की मौत हो गई। हरिश्चंद भार्गव सुबह खेत में गन्ना छीलने गए थे तभी आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई। जिले के सकरन में खेत से वापस आ रही महिला पर पक्की दीवार गिर गई। इसके नीचे दबने से उसकी मौत हो गई।

### आंधी और बरसात के बाद गिरे ओले

श्रावस्ती में देर रात अचानक धूल भरी तेज हवाएं चली। इसके बाद जिले के अधिकांश हिस्सों में बरसात हुई। इस बीच सिरसिया क्षेत्र में करीब पांच मिनट तक ओले भी गिरे। इस दौरान जिले के कई क्षेत्रों की बत्ती गुल हो गई, जो अगले दिन दोपहर तक बहाल नहीं हुई। भिनगा व आसपास के क्षेत्र में गुरुवार सुबह भी बूंदाबांदी हुई। इससे गेहूं की मड़ाई का कार्य बाधित हो गया।

# भाड़े के हत्यारों से कराई गई थी पत्रकार राघवेंद्र की हत्या

### मंदिर के पुजारी ने बिचौलियों के जरिये दी थी सुपारी

### पुजारी सहित तीन गिरफ्तार, शूटर की तलाश में पुलिस

**सीतापुर।** महोली के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड का गुरुवार को पुलिस ने 34 दिन बाद खुलासा कर दिया है। महोली इलाके के एक मंदिर के पुजारी रामकोट के अहाता कस्तान हबीबपुर निवासी विकास राठौर उर्फ शिवानंद ने राज उजागर होने की आशंका के चलते चार लाख की सुपारी देकर हत्या कराई थी। पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता व सुपारी लेने वाले दो लोगों इमलिया सुलतानपुर के रामपुर नयागांव के निर्मल सिंह व हरिकिशनपुर के असलम गाजी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि, वारदात करने वाले दो शूटर अभी नहीं पकड़े जा सके हैं। इनकी तलाश में एसटीएफ और पुलिस की टीमें गैर प्रांतों में दबिश दे रही हैं।

# मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ एक लाख का इनामी बदमाश

## पैर में लगी गोली, मुनीम से हुई लूट का था मुख्य आरोपी

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**



एसटीएफ ने बुलियन व्यापारी पंकज अग्रवाल के मुनीम से हुई लूट के मामले में वांछित चल रहे एक लाख के इनामी वैभव सिंह को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ ने पीजीआई इलाके में घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखते ही वैभव ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में वैभव के पैर में गोली लगी। आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसटीएफ में डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह के मुताबिक वैभव हरदोई के मझगवां रामगुलाम, बधौली का रहने वाला है। आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल, कारतूस, तीन खोखा, एक बाइक और 1570 रुपए बरामद किए गए हैं। डिप्टी एसपी ने बताया कि 28 मार्च को विकासनगर में आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर मुनीम से लूटपाट की थी। बुधवार शाम को पता चला कि वैभव पीजीआई इलाके में किसी से मिलने आ रहा है। टीम बनाकर घेराबंदी की गई। डलौना क्रॉसिंग अंडर के पास पुलिस ने वैभव को रोका तो उसने गोली चला दी। पुलिस ने आरोपी को पीजीआई ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है।

**ड्राइवर ने रची थी साजिश:** लूट की साजिश व्यापारी के ड्राइवर प्रेम बहादुर सिंह ने ही रची थी। प्रेम बहादुर, उसके चचेरे भाई सोनेंद्र और गौरव मिश्रा को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया था। आरोपी के एक अन्य साथी एक लाख के इनामी सुशील मिश्रा को प्रयागराज से पकड़ा गया था।

### केंद्र-राज्य सरकार देश की सार्वजनिक संस्थाओं को बेच रहीं

**कुशीनगर।** अपनी जनता पार्टी की ओर से स्थानीय एक होटल में चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान का जन्मोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने देश को सोने की चिड़िया बनाने के साथ ही मानवतावादी धम्म बौद्ध धर्म को जन-जन तक पहुंचा कर मानवता का परचम पूरे विश्व में फैलाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार जनहित के समस्याओं पर ध्यान न देकर देश के सार्वजनिक संस्थाओं को बेचने का काम कर रही है। साथ ही साथ महंगाई के चलते आम लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

**फिरोजाबाद।** पहली घटना दौलतपुर में हुई खेत पर काम कर रही महिला ललिता देवी (30) पर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। मृतक महिला आठ माह की गर्भवती थी। दूसरी घटना चनारी में खेत पर काम कर रहे किसान पदम वीर सिंह (32) की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई।




### मायावती की भतीजी ने सुनाई रोंगटे खड़े करने वाली दास्तां

# मेरा पति नपुंसक! कह रहा जेठ से बनाओ संबंध

- विवाहिता पर जेठ से संबंध बनाकर बच्चा पैदा करने का बनाया दबाव
- अतिरिक्त दहेज में फ्लैट व 50 लाख रुपयों की मांग कर किया प्रताड़ित
- विवाहिता के साथ जेठ व ससुर ने किया दुष्कर्म का प्रयास
- वर्तमान में नगरपालिका की चेयरमेन हैं विवाहिता की सास


**हापुड़।** पूर्व सीएम मायावती की भतीजी ने कोतवाली क्षेत्र के बैंक कॉलोनी के ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज में फ्लैट व 50 लाख रुपए की मांग कर विवाहिता को प्रताड़ित किया गया। पति



के नपुंसक होने पर बच्चा पैदा करने लिए विवाहिता पर जेठ के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया गया। जेठ व ससुर ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म का प्रयास भी किया। कोतवाली व एसपी से शिकायत के बाद रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। अब न्यायालय के आदेश पर नगर कोतवाली में विवाहिता के पति समेत सात नामजद आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### सास है नगर पालिका अध्यक्ष

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में दिल्ली के इंदरपुरी साउथ क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि बसपा सुप्रीमो व पूर्व सीएम मायावती के भाई की बेटी हैं। 9 नवंबर 2023 को उसकी शादी हापुड़ कोतवाली क्षेत्र के बैंक कॉलोनी के विशाल के साथ हुई थी। उसकी सास पुष्पा देवी वर्तमान में हापुड़ नगर पालिका अध्यक्ष हैं। वहीं, ससुर श्रीपाल बसपा नेता हैं। शादी के कुछ समय बाद से ही पति विशाल, ससुर श्रीपाल सिंह, सास पुष्पा देवी, जेठ भूपेंद्र उर्फ मोनू, जेठानी निशा, ननद शिवनी व मौसा ससुर अखिलेश ने अतिरिक्त दहेज में एक फ्लैट और 50 लाख की मांग करनी शुरू कर दी।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव द्वारा करुणा प्रिन्टर्स महाडिक़ साहब के बाड़े के पास, निम्बालकर की गोठ नं. 2 कम्पू लश्कर, ग्वालियर से मुद्रित एवं 62 छत्रसालपुरा, ललितपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100।
भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आर.एन.आई. नं. यूपीएचआईएन/2006/18447 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।